
# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





आग से घिरी कोचिंग

## लखनऊ की कोचिंग में आग का तांडव

कंप्यूटर व लाइब्रेरी साइंस की कोचिंग ले रहे थे 40 बच्चे, इनमें से 15 की जलकर मौत

# आग में 15 'भविष्य' खाक

- डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक 14 शवों को देखकर रो पड़े
- सीएम योगी अलीगढ़ का दौरा रद्द करके लखनऊ पहुंचे
- एसआईटी गठित, सात दिन में रिपोर्ट तलब
- सीएम बोले- इस मामले की तह में जाकर दोषियों को सजा दिलाई जाएगी





शवों को ऐसे निकाला

*आग लगने के बाद बिल्डिंग में धुआं भर गया। इससे अंदर मौजूद छात्रों में भगदड़ मच गई। कई छात्रों ने जान बचाने के लिए ऊंचाई से छलांग लगा दी। इससे वे गंभीर घायल हो गए*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लखनऊ में सोमवार को अलीगंज क्षेत्र के पुरनिया में एक कोचिंग सेंटर में भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद बिल्डिंग में धुआं भर गया। इससे अंदर मौजूद छात्रों में भगदड़ मच गई। कई छात्रों ने जान बचाने के लिए ऊंचाई से छलांग लगा दी। इससे वह घायल हो गए। एक युवक बिल्डिंग से कूदा तो नीचे लगी लोहे की ग्रिल पर आकर गिरा जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, 15 बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर डीजीपी राजीव कृष्ण और प्रमुख सचिव संजय प्रसाद सहित ▶▶ शेष पेज 6 पर

### प्रधानमंत्री ने जताया दुख, आर्थिक मदद का ऐलान

पीएम नरेंद्र मोदी ने घटना पर दुख जताते हुए पीड़ितों को आर्थिक राहत देने का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी सूचना के अनुसार प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से हर मृतक के परिवार को 2 लाख रुपए की मदद दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे।

### ये विचलित करने वाले दृश्य थे

1. कई छात्र सटे हुए गेमिंग जोन की इमारत की छत से जान बचाने कूदे
2. आग से बचने के लिए कुछ छात्रों ने खुद को बाथरूम में बंद कर लिया
3. कई छात्र बिजली के तारों से लटककर नीचे उतरे
4. फंसे लोगों को निकालने के लिए बिल्डिंग की पीछे की दीवार तोड़ी गई
5. यहीं से एक-एक करके शवों को बाहर निकाला गया





हादसे से पहले इमारत


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ


## खबर संक्षेप

### मेसी ने दागे सर्वाधिक 18 गोल, रचा इतिहास



**डलास।** दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 में ऑस्ट्रिया के खिलाफ शानदार गोल कर इतिहास रच दिया है। इस गोल के साथ वर्ल्ड कप में उनके कुल 18 गोल हो गए हैं।

### स्कूल में फूड पॉइजनिंग 100 से अधिक बच्चे बीमार



**इंदौर।** झलारिया स्थित निजी स्कूल में दूषित भोजन खाने से 100 से अधिक बच्चे फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। बच्चों को कैंटीन में बना राजमा, चावल, रोटी और चोलाई की सब्जी परोसी गई थी। जांच में एक्सपायर्ड मसाले और नमकीन बरामद हुए हैं।

### डंपर की टक्कर से बाइक सवार मजदूर की मौत



**उज्जैन।** नरवर क्षेत्र के सेमलिया फंटे के पास सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में डंपर की टक्कर से मजदूर की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। फोरलेन क्रॉस करते समय तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को रौंद दिया।

## मप्र में यूसीसी पर मंथन तेज

ड्राफ्ट कमेटी ने विभिन्न संगठनों, धर्मगुरुओं, राजनीतिक दलों और आम नागरिकों से चर्चा कर सुझाव प्राप्त किए

# भाजपा के सुझाव: विवाह, संपत्ति और गोद लेने पर सभी के लिए समान लॉ हो

भाजपा ने कहा कि यदि संतान अपने बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल नहीं करती है, तो संपत्ति हस्तांतरण निरस्त करने और भरण-पोषण राशि सीधे आय से काटने का प्रावधान होना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की दिशा में प्रक्रिया तेज हो गई है। राज्य सरकार की ओर से गठित ड्राफ्ट कमेटी विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संगठनों से सुझाव लेकर मसौदा तैयार कर रही है। इसी क्रम में सोमवार को भोपाल स्थित प्रशासन अकादमी में समिति के सदस्यों ने विभिन्न संगठनों, धर्मगुरुओं, राजनीतिक दलों और आम नागरिकों से चर्चा कर सुझाव प्राप्त किए। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी ने यूसीसी के लिए अपने विस्तृत सुझाव समिति को सौंपा है।

राज्य सरकार ने पूर्व न्यायाधीश जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में गठित समिति को यूसीसी का प्रारूप तैयार करने की जिम्मेदारी दी है। ड्राफ्ट समिति विभिन्न पक्षों से प्राप्त सुझावों का अध्ययन कर यूसीसी का प्रारूप तैयार कर राज्य सरकार के समक्ष प्रस्तुत करेगी। इसके बाद यह कानूनी रूप लेगा। भाजपा ने अपने 8 सुझावों में कहा कि समान नागरिक संहिता का मूल उद्देश्य विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, गोद लेने और भरण-पोषण जैसे व्यक्तिगत ▶▶ शेष पेज 6 पर

*पारिवारिक विवादों का 6 महीने में निपटारा हो*

*सुझावों का अध्ययन कर तैयार होगा प्रारूप*



ड्राफ्ट कमेटी के पदाधिकारी राजनीतिक दलों से सुझाव लेते हुए

पूर्व न्यायाधीश जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में गठित समिति को यूसीसी का प्रारूप तैयार करने की जिम्मेदारी

### विवाह पंजीयन अनिवार्य हो, बाल विवाह अमान्य हो

भाजपा का मानना है कि विवाह और तलाक में विवाह की कानूनी आयु सभी धर्मों के पुरुषों और महिलाओं के लिए शादी की न्यूनतम आयु (जैसे पुरुषों के लिए 21 वर्ष और महिलाओं के लिए 18 वर्ष) तय है। किन्तु कुछ ▶▶ शेष पेज 6 पर

### बेटा-बेटी को संपत्ति में समान अधिकार

पार्टी ने पैतृक और स्व-अर्जित संपत्ति में बेटा और बेटी दोनों को समान अधिकार देने की वकालत की है। साथ ही पति या पत्नी की मृत्यु के बाद जीवित जीवनसाथी के संपत्ति अधिकारों को भी समान और सुरक्षित ▶▶ शेष पेज 6 पर

### महिलाओं को वैवाहिक संपत्ति में आधा हिस्सा

भाजपा ने तलाक की स्थिति में विवाह के बाद अर्जित संपत्ति पर पति-पत्नी दोनों का 50-50 % अधिकार सुनिश्चित करने का प्रस्ताव रखा है। पार्टी का तर्क है कि इससे गृहिणियों को आर्थिक सुरक्षा मिलेगी और वे तलाक के बाद असुरक्षित नहीं होंगी। इससे घरेलू महिलाओं को तलाक के बाद बेघर या बेसहारा नहीं होना पड़ेगा। यदि संतान अपने बुजुर्ग माता-पिता ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी

## कतर गैस प्लांट में बड़ा हादसा

# भीषण धमाके में 12 भारतीयों समेत 13 की मौत, 66 घायल

*कतर के ऊर्जा मंत्री ने की पुष्टि, यह विस्फोट गैस उत्पादन दोबारा शुरू करने की कोशिश के दौरान हुआ*



एजेंसी ▶▶ दोहा

कतर से रविवार रात को बेहद दुखद खबर सामने आई है। यहां के रास लफ्फान इंडस्ट्रियल सिटी में एक गैस प्लांट में अचानक भीषण धमाका हो गया। इस धमाके में 12 भारतीय नागरिकों की मौत हो गई है। हादसे में कुल 13 लोगों ने अपनी जान गंवाई है। मरने वालों में भारतीय और पाकिस्तानी मूल के मजदूर शामिल हैं। इस विस्फोट में 66 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। कतर के ऊर्जा मंत्री साद बिन श्रीदा अल-काबी ने इस घटना की आधिकारिक पुष्टि की है।

यह हादसा बारजान लोकल गैस सप्लाई फैसिलिटी में हुआ। रविवार शाम को प्लांट में काम दोबारा शुरू किया जा रहा था। ऑपरेशन्स के स्टार्टअप के दौरान ही अचानक जोरदार ब्लास्ट हुआ। धमाका इतना तेज था कि पूरे प्लांट में भीषण आग लग गई। कतरएनर्जी की इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीमों ने तुरंत मौके पर मोर्चा संभाला। काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि जान गंवाने वाले लोग विदेशी मूल के थे। इनमें से 12 मृतक भारत के रहने वाले थे।

### आपातकालीन संपर्क सूत्र


हेल्पलाइन नंबर
+974-55647502,
+975-55384683
आधिकारिक ईमेलः
cons.doha@mea.gov.in

### मदद के लिए चौबीसों घंटे हेल्पलाइन चालू

इस दर्दनाक घटना के बाद दोहा में भारतीय दूतावास तुरंत एक्शन में आ गया है। दूतावास के अधिकारी कतर प्रशासन के साथ लगातार संपर्क बनाए हुए हैं। भारतीय मिशन ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया ▶▶ शेष पेज 6 पर

## 3 महीने में एक ही बार मिलेगी अनुमति

# महाकालः भस्म आरती में वीआईपी कल्चर पर 'रोक'



यह पाबंदी आम भक्तों के साथ वीआईपी के लिए भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

बाबा महाकाल की विश्व प्रसिद्ध भस्म आरती की बुकिंग में वीआईपी कल्चर और धांधली रोकने के लिए मंदिर समिति ने कड़ा कदम उठाया है। नए नियम के तहत अब कोई भी श्रद्धालु एक मोबाइल नंबर या पहचान पत्र से तीन महीने (90 दिन) में केवल एक बार ही भस्म आरती की अनुमति ले सकेगा। यह ▶▶ शेष पेज 6 पर

## छिंदवाड़ा में भीषण सड़क हादसा

# ट्रक और पिकअप की टक्कर 6 की मौत, 20 मजदूर घायल

पीछे से आ रहे ट्रक ने पिकअप को चपेट में लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा-बैतूल नेशनल हाईवे पर सोमवार सुबह करीब 10 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। टेमनी खुर्द के पास यूरिया से भरे एक तेज रफ्तार ट्रक ने मजदूरों से भरी पिकअप गाड़ी को जोरदार टक्कर मार ▶▶ शेष पेज 6 पर



घायलों को निकालते हुए

## मौत की रफ्तार... 251 की स्पीड से भाग रही थी बीएमडब्ल्यू

30 मीटर दूर गिरा इंजन, एक घायल

# डिवाइडर से टकराने के बाद टुकड़ों में बंट गई... 2 की मौत

एजेंसी ▶▶ ठाणे

मुंबई-दिल्ली एक्सप्रेस-वे पर बदलापुर के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसका इंजन घटनास्थल से करीब 30 मीटर दूर जा गिरा।



दुर्घटना के बाद बीएमडब्ल्यू

### जन्मदिन के बाद हादसा

हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। पुलिस के मुताबिक मृतक योगेश नेगी (26) का जन्मदिन मनाने के बाद रेबेका जैकब (24) और कार मालिक अंगद के साथ ▶▶ शेष पेज 6 पर

## गुना में तिहरे हत्याकांड का हुआ खुलासा

मुख्य आरोपी बेटा और उसका एक साथी गिरफ्तार

# मां के कथित संबंधों से नाराज बेटे ने रची थी खौफनाक साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिले के म्याना कस्बे में एक बंद मकान से दो दिन में तीन शव मिलने की सनसनीखेज गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। यह मामला मां के कथित संबंधों से नाराज बेटे द्वारा रची गई तिहरे हत्याकांड की खौफनाक साजिश का निकला। पुलिस ने मुख्य आरोपी बेटे और उसके एक साथी को गिरफ्तार कर लिया है।

गुना एसपी हितिका वासल ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि मृतका गिंदाबाई का बेटा सीताराम इस हत्याकांड का मुख्य सूत्रधार है। सीताराम अपनी मां के ओमप्रकाश शर्मा के साथ संबंधों से नाराज था ▶▶ शेष पेज 6 पर



आरोपी अरेस्ट

### दूसरे के शव को दे दी मुखाग्नि

इस मामले में पुलिस और परिजनों से शिनाख्त में एक बड़ी गड़बड़ी भी सामने आई। रविवार को पहले कमरे से मिले क्षत-विक्षत शव को 60 वर्षीय ओमप्रकाश ▶▶ शेष पेज 6 पर

## अजीब मौसम : नरसिंहपुर में लू चली, दतिया में पारा 42.2 डिग्री

अगले 4 दिन तक ऐसा ही मिला-जुला मौसम रहने का अनुमान

# दक्षिण पश्चिमी मानसून का सिस्टम कुछ आगे बढ़ा दो दिन में स्थिति काफी हद तक 'स्पष्ट' हो सकेगी

- भोपाल संभाग सहित 3 दर्जन शहरों में बारिश तेज हवाएं चलीं
- छतरपुर में आकाशीय बिजली गिरने से बच्ची की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में सोमवार को मौसम में बदलाव के साथ करीब तीन दर्जन शहरों में तेज हवाओं के साथ बारिश, बौछारों का दौर रहा। इधर, बंगाल की खाड़ी से भी अच्छी खबर है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार सोमवार को दक्षिण पश्चिमी मानसून का सिस्टम कुछ आगे बढ़ा है। लेकिन प्रदेश में ऑनसेट के लिए अभी तारीख तय नहीं है। ▶▶ शेष पेज 6 पर



राजधानी के दानिश चौराहे पर बारिश, दोपहर 3 :30 बजे का दृश्य

### आज यहां बारिश बौछारों का अलर्ट

मंगलवार तक भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, अशोकनगर, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, ▶▶ शेष पेज 6 पर

**खबर संक्षेप**



## राष्ट्रपति से पुरस्कृत अथर्व को दी बधाई

**भोपाल।** कायस्थम मध्यप्रदेश ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा हाल में जबलपुर प्रवास के दौरान अथर्व श्रीवास्तव को स्वर्ण कंठी उपाधि, पदक एवं उत्कृष्ट विश्व पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी है। अथर्व श्रीवास्तव जबलपुर के कमलेश कुमार श्रीवास्तव एवं निधि श्रीवास्तव के पुत्र हैं। उन्हें उनकी असाधारण वाणी, प्रेरणादायक भाषण तथा उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता के लिए सम्मानित किया गया है। कायस्थम जनवरी 2027 के राज्यस्तरीय आयोजन में भी उन्हें कायस्थम प्रतिभा सम्मान से सम्मानित करेगा।

## डीआरएम, अफसर-कर्मचारियों ने किया योग



**भोपाल।** भोपाल रेल मंडल में रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग, प्राणायाम, ध्यान का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा गया। योग प्रशिक्षक प्रियंका जैन के मार्गदर्शन में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी व अपर मंडल रेल प्रबंधक अभिराम खरे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर डीआरएम पंकज त्यागी ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन का आधार है। यह शरीर और मन के बीच समन्वय लाता है ।

## भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रही सरकारः भारतीय

**भोपाल।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता यश भारतीय ने सोमवार को भोपाल में आयोजित एक प्रेस वार्ता में मप्र सरकार के उद्यानिकी विभाग में अधिकारियों और कर्मचारियों की तबादला निती पर निशाना साधते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। नीति का उद्देश्य पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करना था, लेकिन धरातल पर यह केवल चहेते अधिकारियों को बचाने और भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का माध्यम बन गई है। उद्यानिकी विभाग ने जानबूझकर इस नीति की खुलेआम अनदेखी की गई है। प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्या प्रसंस्करण विभाग में जानबूझकर फाइलें रोकी गई और आदेश जारी नहीं किए। इसका क्या कारण हो सकता है ? क्या सालों से एक ही पद पर जमे अधिकारियों को मलाईदार पदों पर स्थानांतरण से रोकना था या कुछ भ्रष्ट अधिकारियों को विशेष संरक्षण देना है।

## टीईटी परीक्षा के लिए तैयार हुआ प्रस्ताव

भोपाल। शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब लोक शिक्षण संचालनालय इसको लेकर प्रक्रिया तेज कर दी है। विभाग ने शिक्षक पात्रता परीक्षा लेने का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा। यह प्रस्ताव शासन से मप्र कर्मचारी चयन मंडल पहुंचेगा। जहां से विशेष परीक्षा के लिए कार्यक्रम जारी किया जाएगा। प्रदेश में शिक्षक पात्रता परीक्षा के दायरे में वर्तमान में करीब डेढ़ लाख शिक्षक आ रहे है। पात्रता परीक्षा से उन शिक्षकों भी राहत मिली है, जिनकी सेवा के पांच साल शेष है। बताया जा रहा है कि स्कूल शिक्षा विभाग ने छह-छह महीने में विशेष परीक्षा लेना का प्रस्ताव तैयार किया है। मंडल सुविधानुसार इसकी पात्रता परीक्षा की तिथि घोषित करेगा। साथ ही जल्द ही इसका सिलेबस भी जारी किया जाएगा।

---

### सुदामा प्रसंग के साथ हुआ कोलार में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन

# कलयुग में मित्रता हो तो सुदामा और भगवान श्री कृष्ण की तरहः पं. शास्त्री

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

कोलार के सांईनाथ कॉलोनी में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का समापन सुदामा प्रसंग के साथ हुआ। राष्ट्रीय कथावाचक पंडित दीनदयाल शास्त्री के श्रीमुख से भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं को बताते हुए सुदामा चरित्र प्रसंग का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि मित्रता हो तो सुदामा और भगवान श्री कृष्ण की तरह हो, लेकिन आज के युग में स्वार्थ को लेकर दोस्ती की जाती है अपना मतलब निकलते ही दोस्त दोस्त का दुश्मन हो जाता है। मन में बैर कपट रखकर मित्रता की जाती है स्वार्थ के लिए। समिति अध्यक्ष सतीश चौरसिया ने बताया कि कथा का आयोजन गुलाब सर्वधर्म सांस्कृतिक विकास समिति के द्वारा आयोजित किया गया। समिति के द्वारा भगवान श्री कृष्ण मंदिर का निर्माण कराया गया। जिसकी प्राण प्रतिष्ठा के साथ श्री राधा कृष्ण भगवान की मूर्ति स्थापित की गई। मंगलवार को नव निर्मित श्री राधा कृष्ण मंदिर में पूर्ण आहुति प्रसाद वितरण के साथ भंडारे का आयोजन किया जाएगा।



श्रीमद् भागवत कथा का समापन।

---

### हनुमत धाम का यह निर्माण बाबा नीम करोली के आशीर्वाद से हुआ

# हनुमत धाम बाबा की कुटिया में गर्भगृह का हुआ भूमिपूजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

राजधानी की पावन धरती पर हनुमत नरेला में बन रहा हनुमत धाम अब आस्था के एक नए केंद्र के रूप में उभरता दिखाई दे रहा है। दो दिनों तक चले आध्यात्मिक आयोजनों ने इस धाम को श्रद्धा, भक्ति और समर्पण के विशेष वातावरण से सराबोर कर दिया। पहले दिन जहां बाबा नीम करोली की कुटिया भक्तों के लिए खोल दी गई, वहीं दूसरे दिन बाबा के विग्रह की स्थापना हेतु गर्भ गृह के निर्माण का भूमिपूजन कर शुभारंभ किया गया। हनुमत धाम का यह निर्माण बाबा नीम करोली की प्रेरणा और आशीर्वाद से आरंभ हुआ है। बाबा की कुटिया का निर्माण कपिल त्यागी और विजय ने संयुक्त रूप से कराया, जिसका भूमि पूजन पूर्व में बाबा के पौत्र डॉ. धनंजय शर्मा द्वारा किया गया था।



हनुमत धाम बाबा की कुटिया में गर्भगृह का भूमिपूजन।

---

### मप्र राज्य महिला आयोग की संयुक्त बेंच में सुने गए 22 प्रकरण, संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

# महिला आयोग पहुंची युवती ने सुनाई व्यथा शादी का झांसा देकर युवक ने बनाए संबंध

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

मप्र राज्य महिला आयोग की संयुक्त बेंच (जनसुनवाई) में सोमवार को महिलाओं से जुड़े विभिन्न मामलों की सुनवाई की गई। आयोग की अध्यक्ष रेखा यादव एवं सदस्य साधना स्थापक ने कुल 22 प्रकरणों की सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई में सबसे अधिक मामले घरेलू हिंसा से जुड़े रहे, वहीं साइबर अपराध और यौन शोषण के गंभीर प्रकरणों के मामले भी आयोग में सुनवाई के लिए पहुंचे। एक मामले में सुनवाई के दौरान एक युवती ने आरोप लगाया कि एक युवक ने विवाह का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और बाद में उसके साथ मारपीट करने लगा।

पीड़िता का आरोप है कि युवक की मां ने विवाह कराने का भरोसा देकर उससे धनराशि भी ली, लेकिन बाद में उसे लगातार प्रताड़ित किया जाने लगा। न्याय की मांग को लेकर पीड़िता महिला आयोग पहुंची, जिस पर आयोग ने आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए। आयोग अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराध, साइबर उत्पीड़न और घरेलू हिंसा के मामलों में त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही पीड़ित महिलाओं को हरसंभव न्याय दिलाने के लिए आयोग लगातार काम करता रहेगा।

▶▶ जनसुनवाई में सबसे अधिक मामले घरेलू हिंसा से जुड़े रहे

▶▶ साइबर अपराध, यौन शोषण के गंभीर प्रकरणों को भी महिला आयोग ने सुना




महिला आयोग ने सुनीं पीड़ित महिलाओं की व्यथा।

### सोशल मीडिया से मानसिक उत्पीड़न करने का आरोप

एक अन्य मामले में अस्पताल में कार्यरत एक नर्स ने एक युवक पर सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार मानसिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। शिकायत के अनुसार आरोपी महिला के विरुद्ध फर्जी वीडियो और भ्रामक खबरें प्रसारित कर उसकी छवि खराब करने का प्रयास कर रहा था तथा महिला आयोग के संबंध में भी आपत्तिजनक और धमकीपूर्ण बातें कह रहा था। आयोग के निर्देश पर दोनों पक्ष संयुक्त बेंच के समक्ष उपस्थित हुए और मामले में आगे की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई।

### परिवार वालों ने रिश्ते से इंकार किया तो कर दीं फोटो वायरल

जनसुनवाई में साइबर अपराध का एक और संवेदनशील मामला सामने आया। एक युवती ने बताया कि वैवाहिक वेबसाइट के माध्यम से विवाह की बातचीत आगे बढ़ी थी, लेकिन परिवार द्वारा रिश्ता अस्वीकार किए जाने के बाद युवक ने सोशल मीडिया पर उसे परेशान करना शुरू कर दिया। आरोप है कि उसने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सहायता से युवती की फर्जी शादी, गोदभराई एवं अन्य भ्रामक तस्वीरें तैयार कर सोशल मीडिया पर प्रसारित कीं, जिससे उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया। आयोग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए साइबर सेल (साइबर वेलनेस सेंटर) को भी जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दिया है।

### काउंसलिंग के साथ मिल रही सहायता

इस दौरान आयोग परिसर में स्काई सोशल एनजीओ द्वारा महिलाओं को मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक सहायता भी उपलब्ध कराई गई। संस्था के प्रशिक्षित मनोवैज्ञानिकों और परामर्शदाताओं ने हिंसा, उत्पीड़न, पारिवारिक विवाद, परित्याग और भावनात्मक तनाव से प्रभावित महिलाओं को परामर्श, भावनात्मक संबल तथा ट्रॉमा-इन्फॉर्म्ड मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान की। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को मानसिक रूप से सशक्त बनाते हुए उन्हें आवश्यक सहायता सेवाओं से जोड़ना रहा।

---

### 414 करोड़ के घोटाले की शुरू हुई जांच

# करोड़ों रुपए के बिल लगाकर सड़कों पर लगाया नकली डामर

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में सरकारी कंपनियों के नाम पर हुई बिलिंग, फर्जी कंपनियों से खरीदा गया डामर



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

मध्य प्रदेश में सड़क निर्माण कार्यों में कथित फर्जी डामर उपयोग के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ा खुलासा किया है। जांच में सामने आया है कि कई ठेकेदारों ने सरकारी एजेंसियों के समक्ष इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसी सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के नाम पर करीब 55 करोड़ रुपये के डामर खरीद बिल प्रस्तुत किए, जबकि वास्तविक रूप से सड़कों के निर्माण में अन्य कंपनियों का डामर इस्तेमाल किया गया।

ईडी ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए रीवा और जबलपुर में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान लगभग 23 लाख रुपये नकद जब्त किए गए हैं, जबकि विभिन्न बैंक खातों में जमा करीब 2 करोड़ 90 लाख रुपये की राशि भी फ्रीज कर दी गई है।

मामला मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की शिकायत के बाद सामने आया था। इसके आधार पर आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) द्वारा जांच शुरू की गई थी। ईओडब्ल्यू की रीवा और जबलपुर इकाइयों ने अब तक लगभग 36 ठेकेदारों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए हैं। जांच एजेंसियों के अनुसार प्रदेश के 44 जिलों में सड़क निर्माण कार्यों में अनियमितताओं के संकेत मिले हैं। वर्ष 2024 में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट में भी इस मामले का उल्लेख किया गया था। रिपोर्ट में करीब 414 करोड़ रुपये के फर्जी डामर बिल लगाए जाने और निर्माण कार्यों में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं की ओर संकेत किया गया था।

---

### शर्मा ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

# योग दिवस पर एकता पार्क में योग शिविर का आयोजन



विधायक, वार्ड 84 के पार्दष प्रतिनिधि रहे विशेष रूप से मौजूद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

राजहर्ष-राजवेद महिला मंडल द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एकता पार्क, राजवेद कॉलोनी में महिला योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हुजूर विधानसभा के विधायक रामेश्वर शर्मा तथा वार्ड 84 के पार्षद प्रतिनिधि वीरेन्द्र सिंह मारण मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विधायक शर्मा एवं मारण ने एकता पार्क में प्रस्तावित विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का भूमिपूजन भी किया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों ने पार्क के विकास संबंधी पहल का स्वागत करते हुए जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

---

### टीईटी परीक्षा के लिए तैयार हुआ प्रस्ताव, मंडल जारी करेगा कार्यक्रम

**भोपाल।** शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब लोक शिक्षण संचालनालय इसको लेकर प्रक्रिया तेज कर दी है। विभाग ने शिक्षक पात्रता परीक्षा लेने का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा। यह प्रस्ताव शासन से मप्र कर्मचारी चयन मंडल पहुंचेगा। जहां से विशेष परीक्षा के लिए कार्यक्रम जारी किया जाएगा।

प्रदेश में शिक्षक पात्रता परीक्षा के दायरे में वर्तमान में करीब डेढ़ लाख शिक्षक आ रहे है। पात्रता परीक्षा से उन शिक्षकों भी राहत मिली है, जिनकी सेवा के पांच साल शेष है। बताया जा रहा है कि स्कूल शिक्षा विभाग ने छह-छह महीने में विशेष परीक्षा लेना का प्रस्ताव तैयार किया है। मंडल सुविधानुसार इसकी पात्रता परीक्षा की तिथि घोषित करेगा। साथ ही जल्द ही इसका सिलेबस भी जारी किया जाएगा।

---

### अभा पुजारी महासंघ का कड़ा रुख

# तीर्थ स्थल व मंदिर, पुजारियों और पंडों से ही सुरक्षित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

समाचार पत्र में सिंहस्थ में श्रद्धालुओं के साथ पंडे पुजारी नो नो और ड्राइवर मनमानी न करे, श्रद्धालुओं से मुस्कुराकर जय महाकाल बोलें। शीर्षक के साथ पंडे पुजारियों के रूखे व्यवहार का आरोप टूरिज्म बोर्ड ग्वालियर स्थित भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंध संस्थान ने लगाया हैं। उसका खंडन एवं विरोध करते हुए अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने उन अधिकारियों को आड़े हाथ लेते हुए कहा है कि तीर्थ स्थल व मंदिर पुजारियों और पंडों से सुरक्षित है और यात्री जो देश के कोनों से आते हैं वह अपने निजी पंडों को ढूंढकर कर्म करवाकर ब्राह्मणों से आशीर्वाद लेते हैं। शहर में जो श्रद्धालु आते हैं, उनके साथ ब्राह्मण पुजारियों व पण्डों का व्यवहार सदैव ही विनम्र रहा हैं। इसके विपरीत सिंहस्थ में नौसिखिए अधिकारियों द्वारा भक्त के साथ जो व्यवहार हो रहा है, वह गलत है। भीड़ प्रबंधन के नाम से ऐसी संस्थाएं झूठ का प्रचार कर मुख्य तीर्थ स्थलों तक पहुंचने नहीं देते हैं। ऐसी संस्था के लोग भीड़ के नाम से आम श्रद्धालुओं को दूर भेज देते है जहां भक्तों को अधिक पैदल चल घूमकर आना पड़ता है। अखिल भारतीय पुजारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पुजारी द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से संस्था द्वारा पंडे पुजारियों से माफी मांगने एवं दोबारा पंडे व पुजारियों को बदनाम करने की कोशिश संस्था द्वारा की गई तो सम्मान की रक्षा के लिए एफआईआर व मानहानी जैसे केसो का सामना करना पड़ेगा। और नो-नो का अर्थ संस्था स्पष्ट करें।

---

### खगोल विज्ञान जागरुकता पर कार्यशाला

# युवाओं को अनुसंधान के लिए आगे आना चाहिएः डॉ. कोठारी



खगोल विज्ञान जागरुकता पर कार्यशाला।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल द्वारा डोंगला स्थित वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला में भारतीय कालगणना परम्परा एवं खगोल विज्ञान पर केंद्रित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला और विशाल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंचल के 300 से अधिक स्कूली छात्र-छात्राओं, प्राचार्यों और खगोल प्रेमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने कहा कि विकसित भारत' के संकल्प को पूरा करने के लिए युवा पीढ़ी को अंतरिक्ष और खगोल विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान के लिए आगे आना चाहिए।

---

### ई-अटेंडेंस को लेकर विभाग का बड़ा फैसला

# सभी अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षकों पर लागू होगी ई-अटेंडेंस व्यवस्था

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता को लेकर शिक्षक संगठनों द्वारा किए जा रहे विरोध के बीच स्कूल शिक्षा विभाग ने बड़ा निर्णय लिया है। विभाग ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों सहित शिक्षकों पर समानरूप से इस व्यवस्था को लागू करने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यानि अब स्कूल शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों सहित शिक्षकों को अनिवार्य रूप से ई-अटेंडेंस दर्ज करानी होगी।

दरअसल, इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय आयुक्त अभिषेक सिंह और राज्य शिक्षा केंद्र संचालक हरजिंदर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि पूर्व में 20 जून 2025 को शिक्षकों हमारे शिक्षक ऐप के माध्यम से ई-अटेंडेंस दर्ज करने के निर्देश दिए गए है। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी कार्यालयों एवं प्रशिक्षण संस्थानों में कार्यरत सभी शासकीय अमले द्वारा नियमित रूप से हमारे शिक्षक प्रणाली के माध्यम से 1 जुलाई 2026 से नियमित रूप से उपस्थिति दर्ज करानी है। संबंधित कार्यालय प्रमुख, प्रशिक्षण संस्थान प्रमुख यह सुनिश्चित करेंगे के उनके कार्यालय के सभी लोक सेवक ऑनबोर्ड होकर हमारे शिक्षक प्रणाली पर उपस्थिति, अवकाश दर्ज करना सुनिश्चित करेंगे। इस आदेश का कड़ाई से पालन कराया जाए।

**1 जुलाई से नियमित दर्ज कराना होगी हाजिरी**

---

### सेज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने जाना योग का महत्व

# योग भारतीय संस्कृति की सबसे अमूल्य धरोहर, जो तन-मन और आत्मा के समन्वय का बेहतर माध्यम

सेज समूह के सीएमडी इंजीनियर संजीव अग्रवाल ने दिए टिप्स



सेज स्कूल में योगाभ्यास करते विद्यार्थी।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

अयोध्या नगर स्थित सेज इंटरनेशनल स्कूल में विश्व योग दिवस के अवसर पर विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए योग के महत्व को समझा तथा योगगुरु के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। इस अवसर पर सेज समूह के सीएमडी इंजीनियर संजीव अग्रवाल ने विद्यार्थियों को योगी जीवन और भोगी जीवन के बीच का अंतर स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि योग मनुष्य को अनुशासित, स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित करता है, जबकि भोगप्रधान जीवन अनेक शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं का कारण बन सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से योग को अपनाने तथा स्वस्थ, संतुलित एवं सफल जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो तन, मन और आत्मा के समन्वय का सर्वोत्तम माध्यम है।

### मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**भोपाल।** मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा रविवार 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कंपनी मुख्यालय स्थित आस्था परिसर में एक विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग कार्यक्रम में सभी ने उत्साहपूर्वक योगासनों का अभ्यास किया और इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर निदेशक (वाणिज्य एवं तकनीकी) श्री सुधीर कुमार श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) डॉ. राकेश शर्मा, संयुक्त निदेशक (प्रशासन एवं पीजीआर) श्री दीपक चौरासे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए. के. गोयल सहित बड़ी संख्या में कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।



मप्रमक्षेत्रविवि कंपनी ने मनाया योग दिवस।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एलएचओ भोपाल में योग सत्र



एसबीआई में योगाभ्यास करते कर्मचारी-अधिकारी।

**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के स्थानीय प्रधान कार्यालय (एलएचओ), भोपाल में इस वर्ष की थीम स्वस्थ एवं सक्रिय वृद्धावस्था के लिए योग पर आधारित एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों एवं अधिकारियों के बीच योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ, संतुलित एवं सक्रिय जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। योग सत्र का संचालन एक ख्यातिप्राप्त योग प्रशिक्षक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (सीएओ) शुभकांत कानूनगो ने सक्रिय सहभागिता की।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 23 जून 2026

4 निर्माणाधीन सड़कों में देरी, क्षतिग्रस्त सीवेज ...



5 सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी और आवासों ...





देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने का आरोप
आतंकी नेटवर्क की जांच

# कड़ी सुरक्षा के बीच गिरफ्तार इजहार उल हक को अदालत में एटीएस ने किया पेश...न्यायिक हिरासत में भेजा जेल, हैंडलर के रूप में सामने आई भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के आरोप में आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) द्वारा बिहार के मधुबनी से गिरफ्तार किए गए संदिग्ध आतंकी इजहार उल हक को विशेष अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. मुकेश मलिक ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। एटीएस ने आरोपी इजहार उल हक को मधुबनी से गिरफ्तार कर शनिवार को जिला न्यायालय में पेश कर 22 जून तक पूछताछ करने के लिए पुलिस रिमांड पर लिया था।

पुलिस रिमांड की अवधि समाप्त होने पर आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने आरोपी को सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिला न्यायालय में पेश किया था। एटीएस के अनुसार इजहार उल हक हाल ही में उजागर हुए कथित आतंकी मॉड्यूल का महत्वपूर्ण सदस्य है और अब तक गिरफ्तार किए गए चार आरोपियों में उसकी भूमिका हैंडलर के रूप में सामने आई है।

**एटीएस ने कहा इजहार उल हक आतंकी मॉड्यूल का महत्वपूर्ण सदस्य**

**मोहम्मद फराक से पूछताछ में अहम जानकारियां मिली**

## युवाओं को जिहादी गतिविधियों के लिए प्रेरित कर रहे थे आरोपी



एटीएस अधिकारियों के मुताबिक भोपाल से गिरफ्तार किए गए आरोपी मोहम्मद फराक से पूछताछ में कई अहम जानकारियां मिली थीं। इन्हीं के आधार पर बिहार, उत्तर प्रदेश और अन्य स्थानों पर कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जांच एजेंसी का दावा है कि गिरफ्तार आरोपी युवाओं को कट्टरपंथी विचारधारा से जोड़ने और उन्हें जिहादी गतिविधियों के लिए प्रेरित करने की कोशिश कर रहे थे।

**देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के संकेत**

एटीएस ने आरोपियों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। एजेंसी का कहना है कि शुरुआती जांच में आरोपियों के देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के संकेत मिले हैं। जांच की जा रही है कि उनके संपर्क देश के बाहर संचालित किसी आतंकी नेटवर्क से जुड़े थे या नहीं। एटीएस ने इस मामले में अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

### युवाओं के ब्रेनवॉश से जुड़े इनपुट मिले

सूत्रों के अनुसार भोपाल निवासी फराक के विदेश में प्रशिक्षण लेने और युवाओं के ब्रेनवॉश से जुड़े कुछ इनपुट भी जांच एजेंसियों को मिले हैं, जिनकी सत्यता की पड़ताल की जा रही है। एटीएस ने फिलहाल इस संबंध में आधिकारिक तौर पर विस्तृत जानकारी साझा नहीं की है।

## संदिग्ध गतिविधियों से जुड़े लोगों से हुई पूछताछ, खुफिया एजेंसियों की निगरानी

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के साथ अब सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी व्यापक स्तर पर योजना बनाई जा रही है। हाल के दिनों में भोपाल सहित कुछ राज्यों से हुई संदिग्ध गतिविधियों से जुड़े लोगों की गिरफ्तारियों के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। खुफिया एजेंसियां उन लोगों पर विशेष नजर रख रही हैं, जो धार्मिक नगरों में आ-जा रहे हैं या किराए के मकानों में अस्थाई रूप से रह रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, भोपाल से गिरफ्तार संदिग्ध फराज पिछले करीब पांच वर्षों से सक्रिय था। इसी तरह की घटनाओं को देखते हुए सिंहस्थ के दौरान किसी भी तरह की सुरक्षा चूक से बचने के लिए आरपीएफ ने सुरक्षा खाका तैयार किया है। आरपीएफ ने सिंहस्थ में अनुमानित 30 करोड़ श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते हुए 4500 अतिरिक्त जवानों की मांग की है।

**खबर संक्षेप**

### फिलहाल नहीं हटेगी पुराने किला इलाके से शराब की दुकान

**भोपाल।** पुराने किला क्षेत्र में चलाई जा रही शराब दुकान फिलहाल नहीं हटेगी। दरअसल आबकारी विभाग के नोटिस के बाद शराब ठेकेदार ने हाईकोर्ट से इस मामले में स्टे ले लिया है। लायसेंसी नॉर्विच ट्रेडर्स को दुकान की जगह बदलने को लेकर राहत मिल गई है। आबकारी विभाग ने 3 जून को विरोध प्रदर्शन के बाद जगह बदलने का नोटिस जारी किया था। आपत्तियों और शिकायतों के आधार पर प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई की गई थी। उक्त नोटिस के विरुद्ध संबंधित लाइसेंसी ने उच्च न्यायालय जबलपुर में रिट पिटीशन दायर की। जिसकी सुनवाई के दौरान न्यायालय ने अंतिम निराकरण किए जाने तक दुकान यहीं चलाने के निर्देश दिए हैं।

### सिविल इंजीनियर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, फ्लैट में मिला शव

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित निरूपम रॉयल टावर में रहने वाले सिविल इंजीनियर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसकी लाश बंद फ्लैट में मिली। पास ही शराब की बोतल भी मिली है। पुलिस ने शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार योगेश सोनी पिता संतोष सोनी (35) मूलतः छिंदवाड़ा का रहने वाला था। उसने भोपाल से ही सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और यहीं रह रही था। उसके घर से कुछ दूरी पर उसकी बहन अंजली सोनी भी रहती है। अंजली ने बताया कि भाई छिंदवाड़ा में रहती है और योगेश यहां अकेले रह रहा था और पार्ट टाइम जॉब करता था। शनिवार को आखिरी बार योगेश उन्हें नजर आया था। इसके बाद से वह नजर नहीं आया। सोमवार सुबह वह योगेश के फ्लैट पर पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक आवाज दी, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फ्लैट का दरवाजा किसी तरह खोला गया। इस दौरान अंदर योगेश सोनी की लाश मिली।



भोपाल रेलवे स्टेशन से पुल पातरा तक जमीन के नीचे टीबीएम से टनल बनाने का काम चल रहा है।

शहर में दो दिन नहीं चलेगी मेट्रो, 24-25 जून को सीएमआरएस करेंगे निरीक्षण

# मप्र की पहली टनल तेजी से हो रही तैयार, 100 मीटर से ज्यादा बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश की पहली अंडरग्राउंड टनल 100 मीटर से ज्यादा बन चुकी है। भोपाल रेलवे स्टेशन से पुल पातरा तक जमीन के नीचे टीबीएम से खुदाई की जा रही है। आधुनिक मशीन से टनल बनाने का काम चल रहा है। वहीं एक ही दिशा में दूसरी टनल बनाने का काम भी शुरू हो गया है। दोनों मशीनें पुल पातरा तक टनल का काम करेंगी। उसके बाद मशीनों को बाहर निकाला जाएगा। इन्हीं मशीनों से भोपाल रेलवे स्टेशन से नादरा बस स्टैंड तक अंडरग्राउंड टनल बनाने का काम होगा।

इधर, राजधानी में मेट्रो का शुभारंभ होने के छह माह बाद 24-25 जून को मेट्रो का संचालन बंद रहेगा। दरअसल सीएमआरएस की टीम इस दौरान प्रायोरिटी कॉरिडोर का तकनीकी निरीक्षण करेगी। इसलिए मेट्रो प्रशासन ने अस्थाई रूप से मेट्रो का संचालन बंद रखने का निर्णय लिया है।

> भोपाल स्टेशन से पुल पातरा तक भूमि के नीचे निर्माण जारी

> एक ही दिशा में दूसरी टनल बनाने का काम भी हुआ शुरू

**सुभाष नगर स्टेशन से एम्स स्टेशन के बीच मेट्रो सेवाएं यात्रियों के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगी**



फाइल फोटो

मेट्रो प्रशासन के अनुसार भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट के तहत सिग्नलिंग प्रणाली के निरीक्षण के लिए कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी की टीम प्रायोरिटी कॉरिडोर का निरीक्षण करेगी। इस दौरान जरूरी तकनीकी परीक्षण एवं सुरक्षा मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए भोपाल मेट्रो की यात्री सेवाएं दो दिनों के लिए अस्थायी रूप से स्थगित रहेंगी और सुभाष नगर स्टेशन से एम्स स्टेशन के बीच संचालित मेट्रो सेवाएं यात्रियों के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगी। निरीक्षण एवं परीक्षण का काम पूरा होने के बाद मेट्रो सेवाएं 26 जून 2026 से अपने निर्धारित समयानुसार दोबारा शुरू हो जाएगी।

### अब दोनों ट्रैक पर दौड़ेगी मेट्रो

बीते छह माह से एक ही मेट्रो एक ही ट्रैक से अप-डाउन कर रही है। सिग्नलिंग का काम पूरा नहीं होने के कारण दूसरे ट्रैक पर मेट्रो का संचालन नहीं हो रहा था। मेट्रो प्रशासन ने अब यह काम पूरा कर लिया है। सीएमआरएस के निरीक्षण के बाद दोनों ट्रेक पर मेट्रो का संचालन शुरू हो जाएगा। इसके लिए मेट्रो प्रशासन नया शैडयूल जारी करेगा। सिग्नलिंग का काम पूरा होने के बाद सीएमआरएस की टीम के भोपाल आने के कयास लगाए जा रहे थे।

### फेरे तीन गुना तक बढ़ने गति पकड़ने की उम्मीद

एक ही ट्रैक पर एक मेट्रो के संचालन से दो ट्रेनों के बीच का इंतजार (फ्रीक्वेंसी) 75 मिनट तक हो गया था। ट्रैक पर आधुनिक सिग्नलिंग सिस्टम का काम पूरा होने यात्रियों को लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। जुलाई से मेट्रो के फेरे तीन गुना तक बढ़ने और रफ्तार पकड़ने की उम्मीद है।

### रायसेन रोड सीसी करवाने के काम की हुई शुरुआत

रायसेन रोड पर चल रहे मेट्रो निर्माण के दौरान कच्चे डायवर्सन मार्ग पर ट्रक फंसने की घटना के बाद मेट्रो प्रशासन ने मामले पर संज्ञान लेते हुए सड़क को सीसी करवाने का काम शुरू कर दिया है। इंद्रपुरी, पिपलानी और रत्नागिरी को जोडने वाले रोड पर इस कार्य के चलते यातायात को डायवर्ट किया गया है।

केबिन और टायर जले, आग बुझाने लोग बोतल में पानी लेकर दौड़े

# कचरा परिवहन के ट्रक में लगी आग, धुआं देख ड्राइवर ने लगाए ब्रेक, कूदकर बचाई अपनी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रायसेन रोड पर एलएनसीटी यूनिर्विसिटी गेट के सामने आदमपुर खंती तक कचरा परिवहन वाले बुल्कर ट्रक में सोमवार सुबह करीब छह बजे आग लग गई। केबिन से धुआं निकलता देख ड्राइवर ने ब्रेक लगाए और कूदकर जान बचाई। लोग बोतल में पानी लेकर आग बुझाने दौड़े। आग लगने से ट्रक का केबिन और टायर जल गए।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची एक दमकल ने आग पर काबू पाया। आग शॉर्ट-सर्किट से लगने की आशंका है। ट्रक का फिटनेस सर्टिफिकेट पांच साल पहले समाप्त हो चुका है। इंश्योरेंस 7 साल से रिन्यूवल नहीं है। परमिट भी वैध नहीं है। नगर निगम में स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के एमआईसी आरके सिंह बघेल का कहना है कि कमियां हैं तो कार्रवाई होगी।



### एयरफोर्स के विमान से दिल्ली रवाना हुई नीट की आंसर शीट

**भोपाल।** नीट पेपर लीक कांड के बाद दोबारा से हुई नीट परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हो गई है। नीट पेपर को लेकर एयरफोर्स, सीआरपीएफ और जिला प्रशासन को बाहरी जिम्मेदारी सौंपी गई थी। भोपाल में 12 हजार 299 छात्रों ने परीक्षा दी है। नीट परीक्षा के बाद आंसर शीट को सोमवार शाम एयरफोर्स के प्लेन से दिल्ली रवाना कर दिया गया है। भोपाल एयरपोर्ट पर छिंदवाड़ा, बैतूल समेत एक दर्जन जिलों की आंसर शीट आई थी। नीट परीक्षा के नोडल अधिकारी और अपर कलेक्टर पीसी शाक्या का कहना है कि नीट परीक्षा तय गाइडलाइन के हिसाब से संपन्न कराई गई है। किसी भी सेंटर पर कोई समस्या नहीं आई।

85 करोड़ रुपए कीमत की 17 एकड़ जमीन कराई मुक्त

# कोलूखेड़ी, जमुनिया की चार अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर, गेट और बाउंड्रीवॉल तोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार को एसडीएम विनोद सोनकिया की टीम ने अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाया।

कोलुखेड़ी में ओमप्रकाश मीना की रिद्धि सिद्धि कॉलोनी, सुनील नागर और लक्ष्मीनारायण नागर की सपना कॉलोनी, राजेश सिंघानिया की हरदौल कोलिस्टा इकोसिटी कॉलोनी काटी जा रही थी। ग्राम जमुनिया छीर स्थित सुनील कुमार की श्रद्धा कॉलोनी पर जेसीबी चली। चारों कॉलोनियों में 17 एकड़ जमीन की कीमत 85 करोड़ रुपए आंकी है।



बाउंड्रीवॉल को तोड़ता बुलडोजर।

### सेवनिया ओंकारा, अरेड़ी की चार अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़

सेवनिया ओंकारा और अरेड़ी में 4 अवैध कॉलोनियों पर सोमवार को जिला प्रशासन की कार्रवाई हुई। बुलडोजर की मदद से प्रशासन ने सड़कें, बाउंड्रीवॉल और गेट तोड़ दिए। इधर ग्राम डोबरा जागीर में भी एक अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की गई। टीम ने सेवनिया ओंकारा स्थित स्वास्तिक विहार, प्रतिभा सिटी, निधिवन विहार कॉलोनी के साथ अरेड़ी की अन्य कॉलोनियों में भी कार्रवाई की है।

गर्मियों में सड़क किनारे बैठकर ड्यूटी कर रहे डेढ़ दर्जन कर्मचारी

# 900 रुपए का बिल बकाया, तीन महीने से कटी पड़ी पीडब्ल्यूडी के सेक्शन दफ्तर की बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सरकारी दफ्तरों में रिप्येरिंग और अन्य कामों के लिए बनाया गया पीडब्ल्यूडी के सेक्शन 1ए दफ्तर की बिजली पिछले तीन महीने से कटी पड़ी है, जिसकी वजह से यहां काम करने वाले करीब डेढ़ दर्जन कर्मचारियों को सड़क किनारे बैठकर ड्यूटी करना पड़ रही है।

तीन महीने पहले यहां का बिजली बिल 900 रुपए आया था, लेकिन इंचार्ज द्वारा जमा नहीं कराने पर बिजली काट दी गई। गर्मियों के मौसम में कर्मचारियों ने बिजली जुड़वाने के लिए मिन्नतें कीं, लेकिन बिजली नहीं जोड़ी गई। पुराना सचिवालय स्थित सेक्शन दफ्तर जिला पंचायत दफ्तर से लगा हुआ है। यहां के कर्मचारियों से सरकारी दफ्तरों में रिप्येरिंग का काम कराया जाता है। बताया जा रहा है कि दस महीने पहले भी बिजली बिल जमा नहीं करने पर बिजली काट दी गई थी। पीडब्ल्यूडी के एसडीओ अनुराग यादव का कहना है कि बिजली बिल के संबंध में जानकारी है, जल्द ही बिल जमा कराकर बिजली आपूर्ति को बहाल कराया जाएगा।



दफ्तर के बाहर बैठे कर्मचारी।

सीपीआर देकर जान बचाई, बहादुरी के लिए रामदरश यादव होंगे पुरस्कृत

युवक को बचाने के लिए यादव ने खुद बड़े तालाब में छलांग लगाई

# भदभदा स्थित बड़े तालाब में डूब रहे युवक को कमला नगर थाने के एएसआई ने सकुशल बाहर निकाला


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमला नगर स्थित भद्भदा बड़े तालाब में देर रात एक युवक ने छलांग लगा दी। इसी बीच नाइट गश्त में मौजूद एएसआई रामदरश यादव ने जान पर खेलकर उसे बचा लिया।

युवक को तालाब में देख उन्होंने खुद छलांग लगाई और एक युवक की मदद से उसे बाहर निकालकर ले आए। वहां मौजूद लोगों की मदद से युवक को सीपीआर दी और उसकी जान बच गई। एएसआई रामदरश यादव के इस साहसिक कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

*आत्महत्या करने के लिए युवक ने लगाई थी बड़े तालाब में छलांग*

*यादव ने तालाब में कूदने वाले युवक और उसके परिजन को समझाइश दी*



युवक को सीपीआर देते लोग।

### रात में गश्त पर निकले थे एएसआई रामदरश

जानकारी के अनुसार रामदरश यादव कमला नगर थाने में एएसआई बतौर पदस्थ हैं। उनकी नाइट ड्यूटी थी। वह इलाके की गश्त कर रहे थे। इसी बीच सैर सपाटा पहुंचे। वहां बड़े तालाब किनारे कुछ लोग खड़े नजर आए। उन्होंने लोगों से पूछा तो पता चला कि तालाब में किसी युवक ने छलांग लगा दी है। रामदरश यादव ने तालाब में झांककर देखा तो बुलबुले निकल रहे थे। उन्हें लगा कि युवक की



जान बचाई जा सकती है और उन्होंने जान की परवाह किए बिना छलांग लगा दी। तालाब में कूदने वाले युवक और उसके परिजन को समझाइश दी गई है।

### एमआईसी मेंबर राजेश ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

# निर्माणाधीन सड़कों में देरी, क्षतिग्रस्त सीवेज लाइन जल्द सुधारने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

संत हिरदाराम नगर के वार्ड 4 में निर्माणाधीन दो सड़कों सराफा मार्केट रोड व निरंकारी भवन रोड की खुदाई के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सीवेज लाइन से क्षेत्रवासियों को हो रही परेशानी को लेकर एमआईसी मेम्बर राजेश हिंगोरानी ने संबंधित अधिकारियों के साथ मौके का निरीक्षण किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय दादलानी ने अधिकारियों से कहा कि सड़क निर्माण में आखिर इतनी देरी क्यों हो रही है, कौन सी समस्या है, जिससे निर्माण कार्य समय पर पूरा नहीं हो पा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि खुदाई के दौरान कई स्थानों पर पेयजल पाइप लाइन टूट गई है और सीवेज लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई है, जिसके लिए चैंबर को सड़क से ऊपर उठाकर उसका निर्माण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान नागरिकों ने सीवेज जाम, गंदगी एवं आवागमन में हो रही दिक्कतों की जानकारी दी।



नीचे दब रहे सीवेज चेंबरों को ऊपर किया जाएगा

सड़क का निरीक्षण करते एमआईसी मेंबर व अन्य अधिकारी।

### तत्काल मरम्मत के दिए निर्देश

हिंगोरानी ने अधिकारियों को क्षतिग्रस्त सीवेज लाइन की तत्काल मरम्मत कर समस्या का स्थायी समाधान करने के निर्देश दिए। साथ ही सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखते हुए निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने तथा क्षेत्रवासियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। अधिकारियों ने जल्द सुधार कार्य पूरा करने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय दादलानी, नरेंद्र लालवानी, अमित राजानी, आजाद सिंह सिसोदिया साहित संबंधित अधिकारी एई प्रफुल गुर्जर, सब इंजीनियर राजकुमार चतुर्वेदी, सिविल इंजीनियर शुभम सोनी और वाटर इंजीनियर शुभकामना ठाकुर मौजूद थीं।

### रेलवे फाटक रोड स्थित दुकानदारों को मिले उचित मुआवजा

# सिंधी पंचायत प्री मैरिज, बेबी शूटिंग पर लगाएगी प्रतिबंध : चांदवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर


संत हिरदाराम नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था पूज्य सिंधी पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष माधू चंदवानी ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए व्यापक जनजागरण अभियान चलाने की घोषणा की है। अध्यक्ष पद का चुनाव भारी मतों से जीतने के बाद प्रतिनिधि से चर्चा में उन्होंने कहा कि पंचायत का पहला लक्ष्य विवाह समारोहों में बढ़ती दिखावे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना होगा। इसके तहत शादी से पहले होने वाले प्री-वेडिंग शूट, बेबी शूट तथा हल्दी रस्म के दौरान आयोजित पूल पार्टियों जैसी पाश्चात्य संस्कृति से प्रेरित गतिविधियों को हतोत्साहित कर सादगीपूर्ण कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाएगा।



### मृत्यु भोज पर प्रतिबंध लगाने की अपील

उन्होंने बताया कि समाज में मृत्यु उपरांत प्रचलित लेन-देन की परंपरा पर भी प्रतिबंध लगाने के लिए प्रयास किए जाएंगे, जिससे अनावश्यक आर्थिक बोझ कम हो सके। चंदवानी ने बताया कि पंचायत द्वार पूर्व में मृत्यु भोज पर प्रतिबंध वह शादी पर काकटेल पार्टी बंद करने अपील को काफी सफलता मिली है। माधू चंदवानी ने कहा कि पंचायत केवल सामाजिक सुधार तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि शहर के विकास से जुड़े मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाएगी। उन्होंने बताया कि लंबे समय से खराब स्थिति में पड़े बोरवन मार्ग के निर्माण एवं सुधार के लिए सांसद और विधायक से मुलाकात कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की जाएगी। इसके अलावा रेलवे फाटक रोड पर ओवरब्रिज निर्माण के दौरान प्रभावित हुई दुकानों के व्यापारियों को उचित मुआवजा दिलाने के लिए भी पंचायत संबंधित विभागों और जनप्रतिनिधियों के समक्ष मामला उठाएगी।

## खबर संक्षेप



### शौच के लिए निकले ढाबा संचालक को कार ने रौंदा, मौत

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गुर्जर ढाबे के पास नजीराबाद रोड पर तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे ढाबा संचालक को जोरदार टक्कर मार दी। ढाबा संचालक की अस्पताल ले जाने से पहले ही मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक अपनी कार लेकर मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने हादसे के कुछ घंटों बाद कार जब्त कर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक ग्राम रमगढ़ा बैरसिया निवासी बालकिशन गुर्जर (52) नजीराबाद रोड स्थित गुर्जर ढाबा के संचालक हैं। सोमवार 22 जून की सुबह वह ढाबे पर ही मौजूद थे। करीब साढ़े पांच बजे वह शौच के लिए ढाबे से निकलकर सड़क के दूसरी ओर जाने लगे। तभी तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए बालकिशन को चपेट में ले लिया। टक्कर लगते ही बालकिशन उछलकर दूर जा गिरे। सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आने से कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई।

### सलमान को कोर्ट ने 7 दिन की रिमांड पर एसटीएफ को सौंपा

**भोपाल।** अवैध कफ सिरप फैक्ट्री मामले में एसटीएफ को बड़ी सफलता मिली है। मामले के मुख्य मास्टरमाइंड सलमान उर्फ राहुल कुशवाहा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। आरोपी को केरल के तिरुवनंतपुरम से गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ की जांच में सामने आया था कि अवैध रूप से संचालित कफ सिरप फैक्ट्री से बड़े पैमाने पर नशीली दवाओं के निर्माण और सप्लाई का नेटवर्क संचालित किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान करीब दो करोड़ रुपए मूल्य की अवैध कफ सिरप फैक्ट्री का खुलासा हुआ था। फिलहाल सलमान से जांच एजेंसी पूछताछ करेगी। एसटीएफ को पूछताछ के लिए सलमान को सात दिन की रिमांड पर सौंपा है। जांच एजेंसी का मानना है कि पूछताछ में फैक्ट्री के वित्तीय नेटवर्क, सप्लाई चेन और इसमें शामिल अन्य आरोपियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है।

### स्व. किशोरी लाल मैथिली को दी श्रद्धांजलि



**औबेदुल्लागंज।** भाजपा के वरिष्ठ नेता जेपी शर्मा ने गौहरगंज निवासी महेंद्र मैथिल के पिता वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी स्वर्गीय किशोरी लाल मैथिली के निधन के बाद उनके निवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 9472 | | |
| दिन: | 479 | 08 | 260 |
| रात: | 189 | 84 | 239 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 467 | 73 | 346 |
| रात: | 166 | 36 | 259 |

### बदमाश अपने शौक पूरा करने के लिए करते थे झपटमारी

# स्पोर्ट्स बाइक से मोबाइल झपटने वाले 4 गिरफ्तार, 22 मोबाइल, चार बाइक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अयोध्या नगर पुलिस ने स्पोर्ट्स बाइक मोबाइल झपटने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार किया। झपटमारों से 22 मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल की जाने वाली दो स्पोर्ट्स बाइक जब्त की है। इसके अलावा चोरी की दो अन्य बाइक भी बदमाशों के पास मिली। आरोपी कम समय में अधिक पैसा कमाने और अपने शौक पूरा करने के लिए झपटमारी की वारदात को अंजाम दे रहे थे। गिरोह का सरगना व एक अन्य गुर्गा भी हैं। उनकी तलाश की जा रही है।

डीसीपी जोन-2 विकास सहवाल ने बताया कि साकेत नगर निवासी निखिल ओझा 11 जून की रात करीब 9 बजे नरेला जोड़ से पैदल अहिंसा विहार कॉलोनी अपने दोस्त से मिलने जा रहे थे। तभी नरेला जोड़ के पास केटीएम ड्यूक बाइक पर सवार दो युवक तेजी से आए। बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने निखिल के हाथ में रखे मोबाइल पर झपट्टा मारा, लेकिन निखिल ने मोबाइल नहीं छोड़ा। तब दूसरे बदमाश ने चाकू अड़ाकर मोबाइल छीन लिया और भाग निकले। पुलिस ने निखिल की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों पर झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर जांच की।

थाना प्रभारी महेश लिल्हारे के नेतृत्व में टीम गठित कर घटनास्थल और उस ओर आने-जाने वाली सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर टीम ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर चार संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में संदिग्धों ने उक्त मोबाइल लूट समेत कुल 22 लूट व झपटमारी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों के नाम साहिल खान (23) निवासी अहसान नगर थाना निशातपुरा, फैजान पठान (21) निवासी अहसान नगर, समीर अंसारी (25) निवासी अमन कॉलोनी ईरानी डेरा व तालिब खान (28) निवासी निवासी ग्राम पतलोन लांबाखेड़ा थाना ईंटखेड़ी बताए गए हैं।

*» दो अलग-अलग स्पोर्ट्स बाइक से निकलते थे झपटमार बदमाश*

*» शहर के कई थाना क्षेत्र में झपटमारी की कुल 22 घटनाएं स्वीकारी*



समीर अंसारी, आरोपी



फैजान पठान, आरोपी



साहिल खान, आरोपी



तालिब खान, आरोपी

### पीछे बेकअप के लिए चलती थी दूसरी बाइक

आरोपी शाम 7 बजे से रात 10 बजे के बीच तीन घंटे के दौरान स्पोर्ट्स बाइक से मोबाइल लूट व झपटने निकलते थे। मोबाइल हाथ में लेकर बातचीत कर चलने वाले उनके निशाने पर रहते थे। पहले आरोपी मोबाइल झपटने का प्रयास करते थे, लेकिन विरोध होने या मोबाइल छीनने में नाकाम होने पर चाकू अड़ाकर लूट की वारदात को अंजाम देते थे। आरोपी हमेशा दो स्पोर्ट्स बाइक पर सवार होकर निकलते थे। आगे वाली बाइक से मोबाइल छीनते थे, जबकि पीछे वाली बाइक पर सवार दो से तीन बदमाश बेकअप के लिए चलते थे। आरोपियों ने अब तक अयोध्या नगर, पिपलानी, गोविंदपुरा, हबीबगंज, बाग सेवनियां व टीला जमालपुरा थाना क्षेत्र में घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है।

### फरार सफदर ईरानी है मास्टर माइंड

आरोपियों के बताए ठिकाने से पुलिस ने झपटमारी में हाथ लगे 22 मोबाइल बरामद किए हैं। इसके अलावा वारदात में इस्तेमाल की जाने वाली केटीएम व एनएस स्पोर्ट्स बाइक के अलावा टीला जमालपुरा व अयोध्या नगर थाना क्षेत्र से चुराई गई आरवन-5 और होंडा शाइन समेत चार बाइक और एक चाकू जब्त किया गया। थाना प्रभारी महेश लिल्हारे ने बताया कि गिरफ्त में आए आरोपियों ने करीब एक साल पहले सफदर ईरानी नाम के बदमाश के साथ मिलकर मोबाइल लूट करने वाली गैंग बनाई थी। सफदर मास्टर माइंड है और वो ही मोबाइल लूट की योजनाएं बनाता था। मास्टर माइंड सफदर के अलावा गैंग का एक अन्य गुर्गा शाहरूख फरार हैं। उनकी तलाश की जा रही है। आरोपी साहिल व तालिब मूलरूप से शुजालपुर जिला शाजापुर के रहने वाले हैं।

### अमलतास कॉलोनी के बाहर मुख्य सड़क पर हुई घटना

# बाइक को कट मारने पर विवाद दो पक्षों में चाकूबाजी, 3 गंभीर





हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित अमलतास कॉलोनी के बाहर रविवार शाम दो पक्षों के बीच जमकर चाकूबाजी है। इस चाकूबाजी में तीन लोगों को गंभीर चोट आई है। हालांकि एक घायल का पता नहीं है। दो घायलों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने घायल की शिकायत पर चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। विवाद की वजह बाइक को कट मारने की बात सामने आई है। दरअसल, कुछ दिनों पहले दामखेड़ा इलाके में एक हत्या हुई थी। इसी बाद से दो पक्षों में रंजिश चली आ रही है।

पुलिस के अनुसार भरत डामौर दामखेड़ा कोलार में रहता है। रविवार शाम अपने साथी समीर लकड़ा के साथ कोलार डैम से बाइक से लौट रहा था। इस दौरान बाइक पर कट लगने से दो बाइक पर सवार चार युवकों से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के लोगों ने एक दूसरे को अमलतास कॉलोनी के सामने मुख्य सड़क पर रोक लिया। भरत डामौर ने आरोपी पक्ष के एक युवक को पकड़ लिया और चाकू अड़ा दिया, जबकि दूसरे पक्ष की ओर से समीर लकड़ा को पकड़कर चाकू अड़ा दिया गया। साथी को छुड़ाने की बात की, लेकिन दोनों पक्ष नहीं माने भरत डामौर ने उनके पक्ष के एक युवक पर चाकू से हमला किया। बदले में दूसरे पक्ष के लोगों ने समीर लकड़ा पर चाकू से हमला कर दिया। समीर जान बचाकर भागा तो आरोपियों ने भरत पर चाकू से हमला कर दिया।

### दूसरे पक्ष का कुछ पता नहीं...

थाना प्रभारी पल्लवी पांडे ने बताया कि भरत डामौर और समीर लकड़ा चाकूबाजी में घायल हुए थे। उनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। दूसरे पक्ष की ओर से एक युवक के घायल होने की जानकारी है, लेकिन घायल युवक कहां है उसका पता नहीं चल सका है। पुलिस ने आसपास के अस्पताल में पहुंचकर पूछताछ की, लेकिन घायल का पता नहीं चल सका।

### रंजिश में हुआ विवाद

सूत्रों की माने तो यह वारदात करीब दो महीने पहले दमखेड़ा क्षेत्र में हुई युवक की हत्या के बाद चली आ रही रंजिश के कारण हुई है। फरियादी पक्ष से जुड़े लोगों ने आरोपी पक्ष के साथियों से बदला लेने की नीयत से इस वारदात को अंजाम दिया है। हालांकि पुलिस का कहना है कि जब तक दूसरा पक्ष नहीं मिल जाता कुछ भी कहा नहीं जा सकता।

### भारत मंडपम नई दिल्ली में किया गया सम्मानित

# भेल भोपाल को मिला 'ग्रीन कंपनी- सिल्वर रेटिंग' अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बीएचईएल, भोपाल में कार्यपालक निदेशक प्रदीप कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में चल रहे मेटेरियल सेविंग, ऊर्जा संरक्षण, वेस्ट रिडक्शन एवं पर्यावरण सरंक्षण के लिए किए जा रहे अन्य विभिन्न कार्यों के परिणाम स्वरूप प्रतिष्ठित संस्था सीआईआई द्वारा बीएचईएल, भोपाल को पर्यावरण संबंधित सर्टिफिकेशन 'ग्रीन कंपनी- सिल्वर रेटिंग' प्रदान की गई। यह ग्रीन को सर्टिफिकेशन अवॉर्ड 18 और 19 जून को भारत मंडपम, कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित 'सीआईआई ग्रीनको समिट- 2026' के दौरान उद्योग जगत की प्रतिष्ठित हस्तियों द्वारा प्रदान किया गया।




नई दिल्ली में आयोजित समारोह में अवॉर्ड प्राप्त करते हुए।

### मापदंडों पर खरा उतरने पर मिला अवॉर्ड

यह अवॉर्ड उन संस्थानों को प्रदान किया जाता है, जो संस्थान सीआईआई द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में निर्धारित कड़े मापदण्डों पर खरा उतरते हैं। बीएचईएल प्रबंधन की ओर से यह अवॉर्ड सपन सुहाने, अपर महाप्रबंधक (एचएसई) एवं राजकुमार मीना, प्रबंधक (एचएसई) ने ग्रहण किया। बीएचईएल भोपाल को सीआईआई जैसी प्रमाणित एवं प्रतिष्ठित संस्था द्वारा पर्यावरण संबंधित सर्टिफिकेशन 'ग्रीन कंपनी-सिल्वर रेटिंग' प्राप्त होना इस कारखाने को पर्यावरण के क्षेत्र में एक पायदान और ऊपर स्थापित करता है।

### ब्लॉक के मंडलम अध्यक्षों की नियुक्ति

**औबेदुल्लागंज।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष विधायक देवेन्द्र पटेल ने ब्लॉक के मंडलम अध्यक्षों की नियुक्ति की है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश यादव ने बताया कि नगर में 5 मंडलम अध्यक्ष बनाए गए है। प्रत्येक मंडलम् अध्यक्ष को 3 वार्ड दिए गए है। यादव ने बताया कि चन्द्रशेखर गुप्ता, हरजीत सिहं मंगू, प्रमोद सेन, कमलेश लोधी को बनाया गया है। वहीं गौहरगंज शुभम गौर, राजेश राजपूत तामोट, चौहान सिंह चौहान तजपुरा, मोहन अहिरवार दिवाटिया, राम विलास बरबने नूरगज, डॉ. मेहताव नागर आशापूरी, राजीव पटेल पारखेड़ी, जीतमल नागर बरखेड़ा, चंदा मियो प्रेम तालाव, अनिल परमार को नियुक्त किया है। नवनियुक्त मंडलम् अध्यक्षों को ब्लाक अध्यक्ष इमरत सिंह दरवार, पूर्व अध्यक्ष महेश जैन ने बधाई दी है।

### कर्मचारियों में 'योग से बढ़ेगी कार्यकुशलता': रोजी

# भेल के टेक्निकल सेंटर में मनाया योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बीएचईएल हेल्पिंग हैंड्स के टेक्निकल सेंटर में योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगीता रामनाथन विशेष अतिथि एवं रोजी उपाध्याय अध्यक्षा, भेल लेडीज क्लब ने उपस्थित होकर कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया।

रोजी उपाध्याय ने कर्मचारियों के साथ योग दिवस में सम्मिलित होते हुए कहा कि कर्मचारियों के लिए कार्य के साथ योग करने से मन प्रसन्न रहेगा तथा वे उत्पादन में अपना श्रेष्ठ दे सकेंगे। योग गुरु मदन दंडपत्त ने योग पर अपने विचार व्यक्त किए तथा उपस्थित लोगों को योग करवाया। कार्यक्रम में बीएचईएल लेडीज क्लब के टेक्निकल सेन्टर की उपाध्यक्षा अनुजा मजुमदार ने स्वागत किया तथा अपने विचार रखे।




योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान भेल लेडीज क्लब की सदस्य व अन्य।

### इन्होंने लिया योग में भाग

कोषाध्यक्ष शीतल जुनेजा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्लब की उपाध्यक्षा योगिता बघेल, उपाध्यक्षा प्रिती अग्रवाल और उपाध्यक्षा मंजू पटेल, सरिता डोंगरे, कांडपाल एवं क्लब समिति की सदस्याएं, सामान्य सभा के सदस्य, प्रबंधक एवं कर्मचारी उपस्थित थे। ब्लू कम्प्यूटर सेंटर, स्किल सेंटर, कामगार सेंटर वाटिका एवं मसाला सेंटर ने योग में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### कैनाइन डिस्टेंपर से पीड़ित मादा तेंदुआ इलाज के बाद स्वस्थ

**भोपाल।** कैनाइन डिस्टेंपर जैसी घातक बीमारी से संक्रमित मादा तेंदुआ अब पूरी तरह स्वस्थ हो चुकी है। हाल ही में इसी बीमारी के कारण दो बाघों और तीन शावकों की मौत हो चुकी थी, जिससे वन विभाग और वन्यजीव विशेषज्ञों की चिंता बढ़ गई थी। समाचार के अनुसार, नरसिंहपुर के करेली वन क्षेत्र से गंभीर हालत में रेस्क्यू की गई मादा तेंदुआ का उपचार जबलपुर स्थित स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ सेंटर में किया गया। करीब तीन महीने के इलाज और निगरानी के बाद उसकी स्थिति सामान्य हो गई है। हालांकि तेंदुआ अब स्वस्थ है, फिर भी चिकित्सकों ने एहतियात के तौर पर उसे एक माह और निगरानी में रखने की सलाह दी है।

### बारिश में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ा

# तामोट का तालाब गंदगी और अतिक्रमण की चपेट में, गांव की नालियां भी कर रहीं पानी को दूषित, जिम्मेदार बेखबर



गंदगी से पटा तामोट का तालाब।

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामोट

ग्राम पंचायत तामोट का तालाब इन दिनों गंदगी और अतिक्रमण की समस्या से जूझ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात का पानी संग्रहित करने और गांव के लोगों तथा मवेशियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए तालाब का स्वच्छ और साफ-सुथरा होना बेहद जरूरी है, लेकिन वर्तमान में तालाब की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, पंचायत क्षेत्र में कचरा निस्तारण की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण कई लोग तालाब किनारे घरेलू कचरा और गोबर इकट्ठा कर रहे हैं। इसके अलावा गांव की नालियों को भी सीधे इसी तालाब में मिलाने के कारण तालाब का पानी दूषित हो रहा है।

### अतिक्रमण से तालाब का क्षेत्रफल सिमटता गया



ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि बरसात में गंदगी और दूषित पानी के कारण मलेरिया, डेंगू और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ लोगों ने तालाब के किनारों पर अतिक्रमण कर रखा है, जिससे तालाब का क्षेत्रफल सिमटता जा रहा है। इससे बारिश के दौरान पर्याप्त मात्रा में पानी का संग्रहण पर्याप्त मात्रा में नहीं हो पा रहा है।

### ग्रामीणों ने की साफ-सफाई की मांग

ग्रामीणों ने पंचायत और प्रशासन से मांग की है कि तालाब की तत्काल सफाई कराई जाए, नालियों के पानी की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए, कचरा निस्तारण के लिए उचित प्रबंध किए जाएं तथा तालाब किनारे हुए अतिक्रमण को हटाकर इसके मूल स्वरूप को संरक्षित किया जाए, ताकि बरसात का पानी सुरक्षित रूप से संग्रहित हो सके।

### तालाब की नहीं हो रही देखभाल

जनपद सदस्य सुलेखा चौहान ने फोन पर बताया कि तामोट पंचायत का हाल बेहाल है। बरसात आने पर भी नाले-नालियों की सफाई नहीं हुई। तालाब कि उचित देखभाल न होने के करने तालाब अतिक्रमण एवं गंदगी की चपेट में है। पूर्व सरपंच संजीव चौहान ने बताया कि तामोट ग्राम पंचायत लावारिस हो गई है। भाजपा नेता बाबूलाल ने बताया कि तामोट ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था करवाई जाए।

# भोजपुर शिव मंदिर में आने वाले चढ़ावे की पारदर्शिता पर सवाल

### कांग्रेस नेताओं ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

विश्व प्रसिद्ध प्राचीन शिव मंदिर, भोजपुर में अनियमितताओं को लेकर कांग्रेस नेताओं ने उच्चस्तरीय जांच की मांग उठाई है। नेताओं का आरोप है कि मंदिर में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं और भारी मात्रा में चढ़ावा एवं दान प्राप्त होता है, लेकिन इसकी पारदर्शिता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार, सूरजमल गौर, दुर्गेश यादव, उत्तम यादव, भोजपुर विस युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत कीर सहित भोजपुर क्षेत्र के आसपास के ग्रामों के सरपंचों और पटेलों ने मांग की है कि मंदिर की दान पेटियों, प्राप्त होने वाले चढ़ावे तथा मंदिर की आय-व्यय की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए।

### वाहन पार्किंग में भी गड़बड़ी

नेताओं ने आरोप लगाया कि भोजपुर में वाहन पार्किंग व्यवस्था में भी गड़बड़ी हो रही है। पार्किंग से होने वाली आय पंचायत को नहीं मिल रही है और व्यक्ति विशेष द्वारा राशि का उपयोग स्वयं के हित में किया जा रहा है। वर्ष 1980 में भोजपुर मंदिर के नाम दर्ज कई एकड़ भूमि में भी अनियमितताएं हुई हैं। मंदिर की कुछ जमीन कथित लोगों ने अपने नाम करा ली गई है। कांग्रेस नेताओं ने मुख्यमंत्री और रायसेन जिला कलेक्टर से मांग की है कि पूरे मामले की जांच कराई जाए।

मुख्यमंत्री ने की योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की समीक्षा

# सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी और आवासों में ईको फ्रेंडली भवन निर्माण सामग्री के उपयोग को करें प्रोत्साहित

- विकास कार्यों का जिला स्तर पर होगा प्रेजेंटेशन, 15 अगस्त के कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री जिला स्तर पर देंगे जानकारी
- जिला विकास समितियों का राजधानी भोपाल में होगा सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) पर जिला मुख्यालयों पर होने वाले कार्यक्रमों में जिलों के प्रभारी मंत्री, जिलों में हुए विकास कार्यों और कल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों से जुड़ी विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करेंगे।

समारोह स्थल पर विकास कार्यों और योजनाओं को जनसामान्य के सामने रखने के लिए प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी, यह प्रेजेंटेशन एक तरह से विकास कार्यों के सोशल ऑडिट जैसा होगा। जिला विकास समितियों का राजधानी भोपाल में सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मंत्रालय में योजना, आर्थिक एवं साख्यिकी विभाग की समीक्षा में यह बात कही। उन्होंने कहा कि जिला विकास समितियां विकास गतिविधियों के लिए शासकीय नियोजन में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। निजी निवेश को भी प्रोत्साहित करने के लिए जिला विकास समितियां प्रयास करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने और किफायती आवासों के निर्माण में ईको फ्रेंडली भवन निर्माण सामग्री के इस्तेमाल को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। उन्होंने राज्य के विभागवार, संभागवार और जिलावार समस्त सांख्यिकी आंकड़े एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस बैठक में उप-मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, मनीष रस्तोगी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### विश्राम घाट पर ही मृत्यु पंजीयन की हो व्यवस्था

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के तहत विधानसभा क्षेत्र में सभी विभागों की गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाए। योजना के तहत कराए गए कार्यों के संधारण की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना में श्रेष्ठ कार्य तथा नवाचार करने वालों को प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री ने मप्र जन्म और मृत्यु पंजीकरण की व्यवस्था की समीक्षा के दौरान मृत्यु पंजीयन के लिए विश्राम घाट पर ही पंजीयन की प्रक्रिया शुरू करने की व्यवस्था के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। इससे विशेष रूप से ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्र के लोगों को मृत्यु प्रमाण-पत्र प्राप्त करने में आसानी होगी।

### जिलों के विकास सूचकांक स्थानीय परिस्थितियों पर हों आधारित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिलों के विकास सूचकांक स्थानीय परिस्थितियों और आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर अलग-अलग निर्धारित किया जाए। औद्योगिक पृष्ठ भूमि, कृषि आधारित व्यवस्था, वन क्षेत्र संपन्न जिलों के लिए विकास के सूचकांक अलग-अलग हों। मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने, ग्रामीण क्षेत्र में स्वयं का मकान बनाने वालों को तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराने और उपयुक्त भवन निर्माण सामग्री के संबंध में जागरूक करने के लिए भी जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### लिपिकों की सेवा समाप्ति के निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांगः खोंगल

**भोपाल।** मप्र कर्मचारी कांग्रेस ने सीपीसीटी उत्तीर्ण नहीं करने पर पीएचई विभाग के अनुकंपा नियुक्ति के आधार पर नियुक्त पंद्रह लिपिकों की एकमुश्त सेवाएं समाप्त करने के निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग मुख्य सचिव अनुराग जैन से की है। कर्मचारी आयोग के पूर्व सदस्य वीरेंद्र खोंगल, प्रांताध्यक्ष सुरेंद्र निगम, महामंत्री आरके नामदेव ने कहा कि अनुकंपा के आधार पर दी गई नियुक्ति समाप्त करने से सेवामुक्त कर्मचारियों के समक्ष परिवार के भरण पोषण की विषम परिस्थिति उत्पन्न हो गई हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों में मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को दी गई नियुक्ति परीक्षा उत्तीर्ण न करने के कारण लगातार सेवाएं समाप्त की जा रही हैं, जो कि न्यायोचित नहीं है।

### सहकारिता चुनाव पर कांग्रेस की नजर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में आगामी सहकारिता चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) ने सहकारिता क्षेत्र में अनुभव रखने वाले वरिष्ठ नेताओं की सात सदस्यीय समिति का गठन किया है। पार्टी का उद्देश्य सहकारिता संस्थाओं में अपनी पकड़ मजबूत करने के साथ किसानों से जुड़े मुद्दों को व्यापक रूप से उठाना है। खास बात है कि कांग्रेस ने अनुभव के साथ-साथ तजुर्बे कर रणनीतिकारों को भी इसमें शामिल किया है

समान नागरिक संहिता को लेकर राज्य स्तरीय समिति की बैठक में धर्मगुरुओं ने दिए अलग-अलग सुझाव

# किसी ने कहा-लिव इन बर्दाश्त नहीं, तो कोई बोला पर्सनल लॉ के मुद्दे को अगर छेड़ेंगे तो बढ़ेगी मुश्किल

**धर्म गुरु बोले- सभी धर्मों का सम्मान, लेकिन एक राष्ट्र-एक कानून की बात होना चाहिए**

- शहर काजी बोले-पर्सनल लॉ का मुद्दा बर्र का छत्ता, छेड़ेंगे तो मुश्किल बढ़ेगी
- मुस्लिम धर्म गुरुओं ने कहा-सरकार पहले बंद करे शराब की दुकानें, गाय को गो-माता का दर्जा दें

*पांच सत्रों में हुई बैठक में जबलपुर हाइकोर्ट, कानूनविद अनूप नायर ने सभी धर्म गुरुओं से समान नागरिक संहिता को लेकर अपने अपने मत रखने को कहा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के प्रशासन अकादमी में सोमवार को समान नागरिक संहिता की राज्य स्तरीय समिति की अंतिम दौर की बैठक पांच सत्रों में आयोजित की गई। इसमें धर्म गुरुओं ने अपने-अपने विचार रखे। इसमें कुछ धर्म गुरुओं ने सभी धर्मों का सम्मान करने और एक राष्ट्र एक कानून की बात कही तो वहीं मुस्लिम धर्म गुरुओं ने खुला विरोध करते हुए कहा कि पर्सनल लॉ का मुददा बर्र का छत्ता है, छेड़ेंगे तो मुश्किल होगी।

वहीं हाजी हारुन ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 का हवाला देते हुए कहा कि भारत में नागरिकों को समान नागरिक संहिता का अधिकार मिलना चाहिए। पांच सत्रों में हुई बैठक में जबलपुर हाइकोर्ट, कानूनविद अनूप नायर ने सभी धर्मों के धर्म गुरुओं से समान नागरिक संहिता को लेकर अपने-अपने मत रखने को कहा। जहां सबसे पहले जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद ने मध्य प्रदेश सरकार पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि सबसे पहले सरकार को मप्र से शराब बंद करनी चाहिए और गाय को गौ माता का दर्जा दे कर बीफ एक्सपोर्ट बंद करना चाहिए, उनका समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि आप ऐसा कानून लाना चाहते जिसमें महिला किसी गैर पुरुष के साथ संबंध बनाए और पति को तलाक देने का हक न रहे। मुस्लिम समाज जब तक जिंदा रहेगा, पर्सनल लॉ का पालन करता रहेगा।



समान नागरिक संहिता को लेकर धर्मगुरुओं की बैठक का आयोजन।

### शहर काजी

शहर काजी मुस्ताक अली नदवी ने कहा कि वे कानून बनाने वाले नहीं, बल्कि कानून की जानकारी देने और उस पर अमल करने वाले लोग हैं। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज जब तक जीवित रहेगा, अपने पर्सनल लॉ का पालन करता रहेगा। उनके अनुसार पर्सनल लॉ पर अमल करना समुदाय का संवैधानिक और धार्मिक अधिकार है, जिसे बनाए रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के विभाजन के समय मुस्लिम समाज के बुजुर्गों ने भारत में रहने का निर्णय इसलिए लिया था क्योंकि यहां उन्हें अपने पर्सनल लॉ और धार्मिक परंपराओं के अनुसार जीवन जीने की स्वतंत्रता मिलेगी। उन्होंने कहा कि समुदाय ने आपराधिक और नागरिक कानूनों के मामले में समय-समय पर समझौते किए हैं, लेकिन पर्सनल लॉ का विषय अलग और अत्यंत संवेदनशील है।

### ऐसे पर्सनल लॉ का हम विरोध करते हैं और आखिरी तक करेंगे

हाजी हारुन ने अनूप नायर को भी कुरआन पढ़ने की सलाह देते हुए कहा कि मुस्लिम निकाह और तलाक का कानून अलग है जो हमारे अल्लाह ने कुरआन में लिखा उसका पालन करेंगे। तलाक ऐ रजिए और एक तलाक की बात कही। अगर उसके बाद भी पर्सनल लॉ लाएंगे तो हम नहीं मानेंगे। उन्होंने भारतीय संविधान का अनुच्छेद 44 का हवाला देते हुए कहा कि भारत में नागरिकों को समान नागरिक संहिता का अधिकार मिलना चाहिए। सभी धर्मों, जातियों और समुदायों के लिए विवाह, तलाक, संपत्ति के उत्तराधिकार और बच्चों को गोद लेने जैसे 'व्यक्तिगत मामलों' के लिए एक समान कानून है।

**सिख धर्म गुरु जी. साहब**

गुरुग्रंथ के श्लोक पढ़े और कहा कि नानक ने कहा सबको प्रेम करो हर मनुष्य में ईश्वर है नाम अनेक सिर्फ वहीं एक मालिक है।

**ईसाई धर्म गुरु, फादर आनंद मुतागढ़**

नए कानून में शादी में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य होना चाहिए एक खास बात कि आदिवासियों को इस कानून से अलग रखना चाहिए।

**बौद्ध धर्म गुरु, भंते शाक्यपुत्र सागर**

भगवान बुद्ध समान अधिकार और न्याय की बात करते हैं और यूसीसी के नियमों के तहत अनुच्छेद 25 से 30 तक सुरक्षित होना चाहिए। और सभी धर्म का सम्मान करना चाहिए।

**हिंदू धर्म गुरु अनिला नंद स्वामी**

सभी धर्मों का सम्मान होना चाहिए, लेकिन एक राष्ट्र और एक कानून की बात इस दिशा में होनी चाहिए। चाहे वह किसी भी धर्म जाती या समुदाय की हो। साथ ही उन्होंने लिविंग रिलेशनशिप का विरोध किया।

### समिति की अध्यक्ष रंजना प्रकाश देसाई बैठक में नहीं पहुंच पाईं

समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की राज्य स्तरीय समिति की अंतिम दौर की बैठक में समिति की अध्यक्ष और सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जज रंजना प्रकाश देसाई दिल्ली में एक आठवें वेतन की मीटिंग होने के कारण व्यक्तिगत रूप से शामिल नहीं हो सकीं। उनकी अनुपस्थिति में समिति के अन्य सदस्य शत्रुघ्न सिंह सेवानिवृत्त आईएएस, बुद्ध सिंह, गोपाल शर्मा, अनूप नायर और शोभा पैठणकर ने समिति के सदस्य सचिव अजय कटेसरिया के साथ मिलकर अलग-अलग पांच सत्रों में विभिन्न पक्षों से महत्वपूर्ण सुझाव लिए।

### यूसीसी की बैठक में लिव इन रिलेशनशिप का सभी धर्मगुरुओं ने किया विरोध

यूसीसी ड्राफ्टिंग कमेटी की बैठक में मुस्लिम धर्म गुरू समेत हिंदू संगठनों ने भी लिव इन रिलेशनशिप को मान्यता देने का विरोध किया। ड्राफ्ट से लिव इन रिलेशनशिप के कॉलम को हटाने की मांग की गई। हिंदू संगठनों ने कहा कि यूसीसी का हम स्वागत करते हैं। भारत के कानून को सभी को मानना चाहिए। यूसीसी में सभी को सहयोग करना चाहिए। क्रिश्चियन धर्म गुरू फादर आनंद ने कहा कि क्रिश्चियन कमेटी इसका स्वागत करती है, क्योंकि अधिकतर नियम हम फॉलो कर रहे हैं। एडॉप्शन को लेकर कुछ सुझाव दिए गए। लिव इन रिलेशनशिप को लेकर भी सुझाव दिए।

### बाबा साहेब की मंशा अनुरूप समान नागरिक संहिता को लागू करने का पीएम मोदी और गृहमंत्री शाह ने लिया संकल्प



यूसीसी संबंधी बैठक में विधायक शर्मा।

हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने यूसीसी के अध्ययन एवं परीक्षण के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक में अपने सुझाव देते हुए कहा कि बाबा साहेब की मंशा अनुरूप समान नागरिक संहिता को लागू करने का संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने लिया है। सरकार आगामी विधानसभा के मानसून सत्र में इस कानून को लेकर आएगी। परंतु उससे पहले हर जिले में यूसीसी को लेकर सुझाव आमंत्रित करना अच्छी पहल है।




### सोम डिस्टलरी मामले में कितने किरदार... कम ही लोगों को हकीकत है पता

पिछले कुछ समय से रायसेन जिले के सोम डिस्टलरी का मामला सुर्खियों में बना हुआ है। पहले सरकार ने सोम डिस्टलरी के एक्सपायरी डेट का करोड़ों रुपए का बीयर रिजेक्ट किया। इसके बाद एक दूसरे मामले में सरकार ने कंपनी का लाइसेंस ही निरस्त कर दिया। अब यह मामला बड़े पैमाने पर विवादों में आ गया है। बताते हैं कि एक्सपायरी डेट की करोड़ों रुपए की बीयर की वैधता बढ़ाने की फाइल चल गई थी, किंतु भारी दबाव की वजह से एक्सपायरी डेट की तारीख नहीं बढ़ाई गई। बताते हैं कि कुछ अफसर भी चाहते थे कि सोम कंपनी की बीयर की एक्सपायरी दूसरे राज्यों की तर्ज पर एक साल की होनी चाहिए। मप्र में अभी छह महीने ही है। किंतु सोम डिस्टलरी के दर्जनों अवैध मामले इसमें रोड़ा बन गए। इसके बाद सरकार ने कंपनी का लाइसेंस निरस्त करने का आदेश जारी कर दिया। यह मामला अंदरूनी तौर पर काफी पेंचीदगी भरा है। कंपनी को करोड़ों रुपए का नुकसान हो चुका है। पर खोज शुरू हुई है कि इस पूरे मामले में कितने किरदार हैं और उनकी भूमिका क्या है। अब देखिए क्या होता है।

### मैं तो ननि कमिश्नर हूं कोई सफाई कर्मचारी नहीं...

हुआ यूं कि रीवा नगर निगम क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कचरे का ढेर लगा हुआ है। जगह-जगह गंदगी फैली पड़ी है। कई लोग यहां के कद्दावर मंत्री तक शिकायतें कर चुके हैं। हालांकि उन शिकायतों का कोई निराकरण नहीं हुआ। बताते हैं कि कुछ दिन पहले नगर निगम कमिश्नर मंत्री जी के आवास के सामने दिख गए। लोगों ने उनसे गंदगी की शिकायत की। इस पर कमिश्नर साहब भड़क गए। उन्होंने कहा कि मैं कोई सफाई कर्मचारी नहीं हूं कि जाकर सफाई करुं। मैं कमिश्नर हूं। यदि सफाई की शिकायत करना है, तो ऑफिस जाइए। वहां ही शिकायत कीजिए। इसके बाद ही उसका निराकरण हो पाएगा। उनके इस तरह के बेतुके जवाब पर लोग स्तब्ध रह गए। इसकी शिकायत मंत्री जी को भी हुई। पर इस मामले में कुछ नहीं हुआ। अब लोग गंदगी से परेशान हैं।

### आखिर नाराज होकर चले ही गए विधायक जी...

पिछले दिनों एक विधायक जी मंत्रालय में वित्त विभाग के बड़े साहब से मिलने पहुंचे थे। बताते हैं कि इस दौरान बड़े साहब मुख्यमंत्री की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में व्यस्त थे। उन्होंने यह बात अपने अधीनस्थ से विधायक जी को भी कहलवा दी। किंतु विधायक जी तो जनप्रतिनिधि हैं। वह कहां सुनने वाले थे। पहले तो उन्होंने खूब रौंब झाड़ी। इसके बाद नाराज होकर चले गए। बताते हैं कि विधायक जी अब चारों तरफ कह रहे हैं कि इस सरकार में अधिकारी बेपरवाह हो गए हैं। निरंकुश हो गए हैं। कोई देखने वाला नहीं है। अब विधायक जी को कौन बताएं की अधिकारी आखिर करें क्या, एक तरफ हाई कमान, दूसरी तरफ विधायक जी। अब ऐसे में किसकी बात सुने इस बात की चर्चा खूब हो रही है।

### कुछ महिला कलेक्टरों से हाईकमान नाखुश...

मप्र में इस समय 55 जिलों में से लगभग आधे में महिला आईएएस बतौर कलेक्टर पदस्थ हैं। इन महिला कलेक्टरों में से कुछ की खासियत यह है कि पूरा काम अधीनस्थों के भरोसे ही रहता हैं। ऐसे में ज्यादातर समय समझने में चला जा रहा है। यदि किसी मामले में मुख्यमंत्री की तरफ से प्राथमिकता वाले विषय की जानकारी मांगी जाती है, तो समय से जवाब मिलता ही नहीं है। बताते हैं कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में भी कुछ महिला कलेक्टरों ने हाईकमान के प्रश्नों का सही जवाब नहीं दिया, इससे वे नाखुश हुए। हालांकि कई ऐसी महिला कलेक्टर हैं, जो काफी टैलेंटेड हैं, उनकी हाजिर जवाबी से सभी खुश रहते हैं। खैर, महिलाओं के मामले में कोई कुछ बात नहीं करना चाहता।

-हरि अग्रहरि

सिंहस्थ-2028 को लेकर खर्च होंगे 1200 करोड़ रुपए

# मोहन कैबिनेट की बैठक आज, फायर सेफ्टी एक्ट को मंजूरी मिलने की पूरी संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार सुबह 11 बजे मंत्रालय में राज्य मंत्रिपरिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होगी। बैठक में कृषि, ऊर्जा, नगरीय प्रशासन समेत विभिन्न विभागों से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा कर मंजूरी दी जाएगी। हालांकि सबसे महत्वपूर्ण एजेंडा मध्य प्रदेश में फायर सेफ्टी एक्ट लागू करने का प्रस्ताव माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार राज्य सरकार आगामी सिंहस्थ-2028 को देखते हुए अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही है। उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ में करोड़ों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए व्यापक स्तर पर फायर सेफ्टी इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की तैयारी है। इसी उद्देश्य से कैबिनेट के समक्ष फायर सेफ्टी एक्ट का मसौदा रखा जाएगा।

### राशि का प्रभावी उपयोग नहीं हो सका

केंद्र सरकार ने करीब छह वर्ष पहले मध्य प्रदेश को फायर सेफ्टी व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए लगभग 1200 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए थे। लेकिन संबंधित कानून और नियमावली लागू नहीं होने के कारण इस राशि का प्रभावी उपयोग नहीं हो सका। अब सरकार इस दिशा में कानूनी ढांचा तैयार कर फायर सेफ्टी सिस्टम को मजबूती देने की तैयारी में है। मंजूरी मिलने के बाद सरकार आगामी मानसून सत्र में फायर सेफ्टी कानून का विधेयक विधानसभा में पेश कर सकती है। कानून लागू होने के बाद शासकीय भवनों, अस्पतालों, स्कूलों, व्यावसायिक परिसरों, औद्योगिक इकाइयों और बड़े आयोजनों में अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

भाजपा सरकार पर कई मुद्दों को लेकर कांग्रेस का हमला

# कांग्रेस ने स्थानांतरण घोटाला, राम मंदिर वेयरहाउस विवाद तक के उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने सोमवार को भाजपा सरकार पर कई मुद्दों को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कर्मचारियों के स्थानांतरण, राम मंदिर में कथित चोरी, धार्मिक स्थलों के निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार और वेयरहाउस विवाद को लेकर सरकार को घेरा। मुकेश नायक ने कहा कि प्रदेश में कर्मचारियों के स्थानांतरण के दौरान बड़े पैमाने पर लेनदेन हुआ है। नायक ने आरोप लगाया कि कई कर्मचारियों से पैसे लिए गए, लेकिन इसके बावजूद उनका स्थानांतरण नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि इससे आम कर्मचारी खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है।

### राम मंदिर और धार्मिक परियोजनाओं में भ्रष्टाचार के आरोप

राम मंदिर में कथित चोरी के मामले को लेकर कांग्रेस नेता ने कहा कि "राम मंदिर को भी नहीं छोड़ा गया।" उन्होंने आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश में महाकाल लोक, श्रीराम लोक, ओरछा और दमोह के जागेश्वर धाम जैसी धार्मिक परियोजनाओं में निर्माण कार्यों के दौरान भ्रष्टाचार हुआ है। मुकेश नायक ने सवाल उठाया कि राम मंदिर में कैमरे क्यों बंद किए गए थे।

### डिजिटल चंदे पर भी उठाए सवाल

प्रदेश में डिजिटल चंदे की व्यवस्था को लेकर भी कांग्रेस ने सवाल खड़े किए। मुकेश नायक ने कहा कि जमीनी स्तर पर जाकर व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति देखी जानी चाहिए और पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए।

### पटवारी के वेयरहाउस मामले पर सफाई

प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी से जुड़े वेयरहाउस विवाद पर मुकेश नायक ने कहा कि संबंधित वेयरहाउस पटवारी के नाम पर नहीं बल्कि उनके परिवार के नाम पर है।

## मछली पालन के लिए प्रदेश में होगा 9 हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश

डॉ. यादव ने की मछुआ कल्याण और मत्स्य विकास विभाग की समीक्षा

# मछली पालन को बढ़ावा देने हर जिले में विकसित की जाए एक हैचरी: मुख्यमंत्री

**प्रदेश में मोती उत्पादन को किया जाए प्रोत्साहित, मप्र बने मछली बीज उत्पादन में आत्मनिर्भर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि एकीकृत मत्स्योघोग नीति : 2026 के कारण प्रदेश में मछली पालन सेक्टर में 9 हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश आ रहा है। प्रदेश में प्राप्त 2 लाख 91 हजार 9 सौ 38 केज के प्रस्तावों के लिए कार्यादेश जारी किए जा चुके हैं। प्रदेश में मोती उत्पादन को भी प्रोत्साहित किया जाए, इसके लिए अन्य राज्यों की बेस्ट प्रैक्टिसेस का अध्ययन कर उनका क्रियान्वयन प्रदेश में सुनिश्चित किया जाएं। प्रदेश को मछली उत्पादन में आत्म निर्भर बनाना जरूरी है। अगले ढाई साल में हमें मछली बीज अन्य स्थानों से नहीं खरीदना पड़े, इस लक्ष्य को ध्यान में रखकर विभाग कार्य करे।



मछुआ कल्याण और मत्स्य विकास विभाग की समीक्षा करते मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हर जिले में एक हेचरी आवश्यक रूप से विकसित की जाए। जिलों में मछली बीज आसानी से मिलने से प्रदेश में मछली उत्पादन में और बढ़ोत्तरी होगी। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश मछुआ कल्याण तथा मत्यस्य विकास विभाग की समीक्षा बैठक में दिए। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में बताया गया कि मछुआ किसान क्रेडिट कार्ड के तहत अन्तर्देशीय जल क्षेत्र में मप्र देश में दूसरे स्थान पर है। राष्ट्रीय स्तर पर अन्तर्देशीय मत्स्य पालन में सिवनी जिले को वर्ष 2023-24 के लिए प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। मंत्रालय में हुई बैठक में मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्य मंत्री नारायण सिंह पवार, मुख्य सचिव अनुराग जैन, सचिव स्वतंत्र कुमार सिंह तथा विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### मछुआ क्रेडिट कार्ड में मध्यप्रदेश देश में दूसरे स्थान पर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में बढ़ रहे मछली उत्पादन को दृष्टिगत रखते हुए कोल्ड चेन तथा अन्य आवश्यक इंफ्रास्टक्चर विकसित किया जाए। ब्रांडिंग और निर्यात के लिए आवश्यक नेटवर्किंग को भी प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नदियों के पुनर्जीवन, जलीय जीवों के संरक्षण के लिए सभी संबंधित विभाग परस्पर समन्वय से कार्य करें। जलीय ईको सिस्टम को विकसित करने और जल सम्पदा पर आधारित पर्यटन गतिविधियों को विस्तार देने के लिए भी कार्य योजना बनाई जाए।

### आदिरंग शिल्पकार महोत्सव का समापन आज

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान मप्र (एनआईडी एमपी) एवं वन्या, जनजातीय कार्य विभाग की ओर से एनआईडी मप्र परिसर, अचारपुरा, भोपाल में आयोजित 23 जून मंगलवार को आदिरंग शिल्पकार महोत्सव 2026 समापन समारोह में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री महोत्सव के दौरान जनजातीय शिल्पकारों की ओर से विकसित नवाचारपूर्ण उत्पादों एवं डिजाइन हस्तक्षेपों की प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। साथ ही शिल्पकारों, डिजाइन विशेषज्ञों और प्रतिभागियों से संवाद भी करेंगे।

## पेज एक का शेष....

### आग में 15 ...

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मौके पर पहुंचे। बगल के घर की छत से कोचिंग की दीवार काटकर रेस्क्यू का प्रयास किया गया। 10 लोगों को रेस्क्यू कर ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है। घटनास्थल पर मौजूद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भावुक हो गए और उन्होंने कहा कि मैंने अपनी आंखों से 14 शव देखे हैं। सूचना मिलने पर दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। आग लगने के बाद क्षेत्र में चीख-पुकार मच गई। बताया गया है कि एसी का कंप्रेसर फटने से आग लगी। इमारत के पीछे से निकलने का रास्ता नहीं होने से बच्चे वहीं फंस गए और जिंदा जल गए। चश्मदीद अमन ने बताया कि यहां एक लाइब्रेरी या कंप्यूटर कोर्स का संस्थान है। जब हम यहां पहुंचे तो हमने इमारत से धुआं निकलते देखा। हमने 5-6 लोगों को बचाया। लखनऊ अग्निकांड की सूचना मिलने पर सीएम योगी आदित्यनाथ अलीगढ़ का दौरा बीच में रद्द कर राजधानी वापस आए और सीधे घटनास्थल पहुंचे और राहत कार्यों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने घायलों के उचित इलाज का भी निर्देश दिया।

**सीएम योगी ने कहा-नहीं बख्शे जाएंगे दोषी:** मुख्यमंत्री योगी ने मामले में दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। योगी ने देर रात उच्च स्तरीय बैठक की, जिसमें दोषियों को चिन्हित करने के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का आदेश दिया। जांच दल को सात दिन के अंदर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। योगी ने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता भी घोषित की।

**पहले हो चुके हैं दो बड़े हादसे :** गुजरात के ही राजकोट में 28 मई 2024 को टीआरपी गेमजोन में लगी भीषण आग में 27 लोगों को मौत हो गई थी, जिनमें कई बच्चे भी शामिल थे। इस आगजनी में गेमजोम के मालिकों में से एक, प्रकाश हिरन की भी मौत हुई थी। इसके बाद सूरत में तक्षशिला कॉम्प्लेक्स में तीसरी और चौथी मंजिल पर आग लगने घटी। 25 मई 2025 को हुए इस भीषण अग्निकांड में 20 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें ज्यादातर छात्र शामिल थे। आग लगने के बाद कई छात्रों को जान बचाने के लिए चौथी मंजिल की खिड़कियों से कूदते हुए भी देखा गया था।

### भाजपा के सुझाव ...

कानूनों में सभी नागरिकों के लिए समानता स्थापित करना होना चाहिए। भाजपा की ओर से प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी और प्रदेश संयोजक एसएस उप्पल ने सुझाव रखे।

**डिजिटल व्यवस्था और त्वरित न्याय पर जोर:** भाजपा ने विवाह पंजीकरण, तलाक, गोद लेने और वसीयत जैसी प्रक्रियाओं के लिए सिंगल विंडो डिजिटल पोर्टल बनाने का सुझाव दिया है। साथ ही पारिवारिक विवादों के निपटारे के लिए विशेष फास्ट ट्रैक फैमिली कोर्ट और मध्यस्थता केंद्र स्थापित कर छह माह के भीतर मामलों का निराकरण सुनिश्चित करने की मांग की है। त्वरित न्याय के लिए फास्ट ट्रैक व्यवस्था 6 महीने की समय सीमा में विवाह, तलाक या गुजारे भत्ते से जुड़े पारिवारिक विवादों का निपटारा करेगस। विशेष फास्ट-ट्रैक एवं फैमिली कोर्ट एवं मध्यस्थता केंद्र अनिवार्य किए जाएं, ताकि मानसिक और आर्थिक शोषण रूक सके।

### विवाह पंजीयन ...

प्रकरणों में इसका पालन नहीं होता है। इस प्रकार के प्रकरणों में कठोर कार्रवाई का प्रावधान किया जाना प्रस्तावित है। सभी विवाहों का अनिवार्य पंजीकरण कानूनी रूप से पंजीकरण अनिवार्य किया जाना प्रस्तावित करते है। भाजपा ने सभी विवाहों का अनिवार्य पंजीकरण करने और कानूनी आयु से पहले होने वाले विवाहों पर कठोर कार्रवाई का सुझाव दिया है। पार्टी का कहना है कि बाल विवाह को अमान्य घोषित करने के साथ ही इसमें शामिल अभिभावकों और अन्य जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त दंड का प्रावधान होना चाहिए।

### बेटा-बेटी को...

बनाने का सुझाव दिया गया है। वसीयत से जुड़े नियमों को भी सभी नागरिकों के लिए एक समान करने की मांग की गई है।
भाजपा ने सुझाव दिया है कि सभी धर्मों के नागरिकों को बच्चा गोद लेने का समान कानूनी अधिकार मिलना चाहिए। पार्टी की ओर से गोद लिए गए बच्चों को जैविक बच्चों के समान संपत्ति और पारिवारिक अधिकार दिए जाने की भी पैरवी की गई है।

### महिलाओं को ....

की देखभाल नहीं करती है, तो संपत्ति हस्तांतरण निरस्त करने और भरण-पोषण राशि सीधे आय से काटने का प्रावधान होना चाहिए। दिव्यांग बच्चों, विशेषकर बेटियों, की संपत्ति और आजीवन सुरक्षा के लिए विशेष कानूनी संरक्षण का भी प्रस्ताव रखा गया है।

### मदद के लिए चौबीसों ...

है। पीड़ित परिवारों और घायलों की मदद के लिए तुरंत हेल्पलाइन नंबर्स जारी किए गए हैं। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि हम रास लफ्फान इंडस्ट्रियल सिटी में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। संकट की इस घड़ी में पूरा भारतीय समुदाय पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। लापता लोगों की तलाश अभी भी जारी है।

**घायलों का चल रहा है इलाज:** हादसे में घायल सभी 66 लोगों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। कतर सरकार के मुताबिक, घायलों को हर संभव बेहतरीन इलाज दिया जा रहा है। भारतीय दूतावास भी घायलों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना कर रहा है। कतर एनर्जी ने साफ किया है कि अब प्लांट में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और आगे का जांच काम शुरू कर दिया गया है।

### महाकालः भस्म ...

पाबंदी आम भक्तों के साथ-साथ प्रोटोकॉल (वीआईपी) से आने वाले लोगों पर भी समान रूप से लागू होगी। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद मंदिर समिति ने इस व्यवस्था को दोबारा सख्ती से प्रभावी किया है। अब तक कई लोग प्रोटोकॉल का फायदा उठाकर हर महीने ऑनलाइन बुकिंग करा लेते थे, जिससे आम श्रद्धालुओं को मौका नहीं मिल पाता था। मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक के अनुसार इस कड़े नियम से बार-बार दर्शन करने वालों पर रोक लगेगी, पारदर्शिता बढ़ेगी और दूर-दराज से आने वाले आम भक्तों को आसानी से बाबा महाकाल के दर्शन मिल सकेंगे।

### ट्रक और पिकअप...

दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार मजदूर सड़क पर दूर जा गिरे। इस हादसे में 4 महिलाओं और 2 पुरुषों समेत 6 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। सभी मृतक और घायल मछैरा गांव के निवासी हैं, जो सुबह सब्जी तोड़ने के लिए कन्हरगांव जा रहे थे। घटना के वक्त पिकअप वाहन मजदूरों को लेकर खड़ा था, तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में भर्ती 20 घायलों में से 16 को आईसीयू में शिफ्ट किया गया है, जिनमें से 5 गंभीर रूप से फ्रैक्चर का शिकार हैं। एक घायल की नाजुक हालत को देखते हुए उसे नागपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारी और डॉक्टरों की टीम घायलों के इलाज में जुटी है।

### जन्मदिन के बाद....

तीनों बांद्रा लौट रहे थे। हादसे से कुछ देर पहले का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें कार की रफ्तार 251 किमी प्रति घंटा दिखाई दे रही है। शुरुआती जांच के अनुसार, एक्सप्रेसवे पर कंक्रीट बैरिकेड से बचने के प्रयास में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर हवा में उछली और डिवाइडर के बीच जा फंसी। घायल अंगद का अस्पताल में इलाज जारी है।

### मां के कथित संबंधों से ...

और उनका जमीन को लेकर भी विवाद चल रहा था। 18 जून को जब गिंदाबाई, ओमप्रकाश शर्मा और रामकिशन जाटव घर में मौजूद थे, तब सीताराम ने अपने मौसेरे भाई सुरेंद्र और एक अन्य साथी के साथ मिलकर तीनों की गला दबाकर हत्या कर दी और कमरों को बाहर से ताला लगाकर फरार हो गए।

**अस्पताल में हंगामा और भारी पुलिस बल तैनात :** वारदात की जानकारी मिलते ही रामकिशन के बेटे सोनू जाटव ने परिजनों के साथ जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस पर जमकर हंगामा किया। सोनू का आरोप था कि पुलिस की लापरवाही के कारण किसी और ने उसके पिता का अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं, ओमप्रकाश के बेटे कपिल ने विधि-विधान से दोबारा अपने असली पिता का अंतिम संस्कार करने की बात कही। स्थिति बिगड़ती देख अस्पताल परिसर में भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा। पुलिस अब तीसरे फरार आरोपी की तलाश के साथ इस बात की जांच कर रही है कि रामकिशन उस रात उस मकान में कैसे पहुंचे थे।

### दूसरे के शव को ...

शर्मा समझकर उनके बेटे कपिल ने अंतिम संस्कार कर दिया था। लेकिन सोमवार को जब पुलिस ने बगल का दूसरा कमरा खोला, तो वहां से गिंदाबाई और एक अन्य पुरुष का शव मिला। गले की चेन और बनियान देखकर कपिल ने पहचान की कि असली ओमप्रकाश का शव यह है। रविवार को जिस शव का अंतिम संस्कार किया गया, वह असल में म्याना के ही लापता रामकिशन जाटव का था।

### दक्षिण पश्चिमी मानसून ...

दो दिन में सिस्टम की स्थिति काफी हद तक स्पष्ट हो सकेगी। शहर में अगले चार दिन मौसम में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। इस बीच प्री-मानसून बारिश जारी रहेगी। सोमवार को पूर्वी मप्र में गर्मी का असर पश्चिमी हिस्से के मुकावले ज्यादा रहा। नरसिंहपुर में पारा एक डिग्री बढ़कर 40 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 4.9 डिग्री अधिक है। यहां लू का असर रहा। भोपाल में दशमलव एक डिग्री गिरकर 35.2 डिग्री रहा। प्रदेशभर में पारे में औसतन एक डिग्री की कमी आई है। औसत अधिकतम पारा 37 डिग्री रहा, जबकि सर्वाधिक तापमान दतिया में 42.2 डिग्री दर्ज हुआ है। छतरपुर में सोमवार को बिजली गिरने से दो चचेरी बहनें झुलस गईं। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां आरती अहिरवार (12) की मौत हो गई। दोनों बारिश से बचने के लिए खेत के पास एक आम के पेड़ के नीचे खड़ी थीं, तभी बिजली गिर गई।

### आज यहां बारिश-...

अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, पन्ना, सागर, छतरपुर, मैहर, पांढुर्णा, जबलपुर, नरसिंहपुर, मंडला में तेज हवाओं के साथ बारिश का अलर्ट है।

## कुत्ते के हमले से घायल युवक की गई जान



**जबलपुर।** गोहलपुर इलाके में रविवार रात एक आवारा या पालतू कुत्ते के हमले में 33 वर्षीय चंदन कोल गंभीर रूप से घायल हो गया। सोमवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। चंदन माढ़ोताल की कोल बस्ती का निवासी था। शनिवार से लापता था। पहचान न होने के कारण पुलिस ने शव को अज्ञात मानकर चौहानी श्मशान घाट में दफनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। इसी बीच परिजन जानकारी मिलने पर श्मशान घाट पहुंचे और शव की शिनाख्त की। पुलिस ने पुष्टि के बाद शव परिजनों को सौंप दिया, जिसके बाद उसका अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।


**पूर्व मध्य रेल**
**ई-निविदा सूचना**

संख्या एस.जी.664-07-टेली-2026-27 धनबाद, दिनांक 19.06.2026, ई:निविदा सूचना सं एस.जी. 664-07-टेली-2026-27. भारत के राष्ट्रपति की और से निम्न कार्य हेतु ई: निविदा आमंत्रित की जाती है। 1. कार्य का नाम : धनबाद डिवीजन में अलग-अलग जगहों पर 12 नॉन-इंटरलॉक, मैन-युक्त LC गेट्स पर CCTV कैमरे लगाने की व्यवस्था करने हेतु। 2. कार्य का आकलित मुल्य: ₹3,27,91,127.91, 3. कार्य का अग्रधन राशि : ₹6,55,800.00, 4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 10.07.2026 (12:00 बजे)। 5. ऐसी ई: निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नही किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई निविदा के ई निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभि./पूमरे/धनबाद
पीआर/0431/डीएचएन/सि./टी/26-27/36

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
प्रक्षेत्र-1,गोमंतिका परिसर, जवाहरचौक,भोपाल
**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, हर्षवर्धन नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित भवन क्रमांक-ई.डब्ल्यू.एस./जे-13 मण्डल द्वारा श्री रमेश टहिलियानी आत्मज स्वर्गीय श्री अर्जुनदास टहिलियानी के नाम से नामांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 25.03.1997 को पंजीकृत है। श्री रमेश टहिलियानी आत्मज स्वर्गीय श्री अर्जुनदास टहिलियानी द्वारा उक्त सम्पत्ति द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री हिमांशु पाठक आत्मज श्री अजीत कुमार पाठक को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 07.10.2024 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है।

क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री हिमांशु पाठक आत्मज श्री अजीत कुमार पाठक के पक्ष में हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. मं. प्रक्षेत्र-1, भोपाल

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।





18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-01-06-2026,to 16-07-26


**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, संतोष पुत्र श्री राजमल आयु 44 वर्ष निवासी-ग्राम, काजी खेड़ी, डाबरी, सीहोर, म.प्र का निवासी हूँ मेरे पुत्र का नाम शा स की य / अ शा स की य दस्तावेजो मे आर्यन्त मेवाड़ा पुत्र संतोष है जो सही एवं सत्य है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड मे उसका नाम त्रुटिवश आर्यन पुत्र संतोष दर्ज हो गया है जो कि गलत है। मेरे पुत्र का सही नाम व सरनेम आर्यन्त मेवाड़ा पुत्र संतोष है एवं भविष्य मे इसी नाम व सरनेम से जाना पहचाना जायेगा।


हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473

गाँधी पी.आर. महाविद्यालय
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध





UG COURSE
B.A., BCA, BBA
BPES, BSC,
B.Com (Economics/Computer)
PG COURSE
M.A: HINDI, ENGLISH, MATHS, ECONOMICS
POLITICAL SCIENCE, SOCIOLOGY & SOCIAL WORK
M.Com: ACCOUNTS & MANAGEMENT
B.Lib: (Librarian Science)
B.Ed.: BACHELOR OF EDUCATION (ONLINE COUNSELLING)
DIPLOMA COURSE
PG DCA: DIPLOMA IN COMPUTER APPLICATION
D.EL.ED: DIPLOMA IN ELEMENTARY EDUCATION
Mob. 9827208070, 9425346230, 9893194695, 9981291288
पता: डी-1, दानिश नगर, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के पास, भोपाल | www.gandhiprcollege.com, principal@gandhiprcollege.com

WE PROVIDE THE BEST SOLAR ENERGY
भारत का सबसे सस्ता और अच्छा सोलर
COMPLETE Solar Solutions
Sirf ₹72,000 Mein!
Solar Lagaye
3.3kW Bachat ka Naya Tareeka!
BEST OFFER
HURRY UP!
BRANDS we deal with!
TATA POWER SOLAROOF | WAAREE | adani Solar | ECE INDIA
Na 2 Lakh Mein..
Na 1.5 Lakh Mein..
Contact us
99932-41867
Aura Mall, Bhopal, 462010
सोलर लगवाने से पहले एक बार हमसे जरूर संपर्क करें।

भोपाल की सबसे कम कीमत में सबसे ज्यादा सुविधा के साथ
क्लासेस रात्रि 10 बजे तक उपलब्ध है।
DCA PGDCA में प्रवेश लेने पर ...
FREE GYM+CPCT +LIBRARY एक साल तक फ्री
और साथ में Free DCA, PGDCA की All Subject की Books, Q Bank Notes आदि भी फ्री
ONLY LIBRARY 299/- Rs. PER MONTH
भोपाल कम्प्यूटर एकेडमी (अधिकृत : माखनलाल विश्वविद्यालय)
PLOT NO. 15, NIRMAL TOWER, NEAR APSARA CINEMA ABOVE SBI BANK, ASHOKA GARDEN, BHOPAL
M. 86027-11111

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644





नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष:** मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष:** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क:** मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह:** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या:** नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला:** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक:** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**धनु:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर:** आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन:** अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

## शब्द पहेली - 6265

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | | ■ |
| 6 | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | 7 |
| 8 | | ■ | 9 | | | | | ■ | 10 | |
| | ■ | 11 | ■ | | ■ | | ■ | 12 | ■ | |
| 13 | 14 | | | | ■ | 15 | | | 16 | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| 17 | | 18 | | 19 | ■ | 20 | | 21 | | 22 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 23 | | ■ | 24 | | | | | ■ | 25 | |
| | ■ | 26 | ■ | | ■ | | ■ | 27 | ■ | |
| ■ | 28 | | | | ■ | 29 | | | | ■ |

**बाएँ से दाए-**
1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**
2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

**शब्द पहेली -6264 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | ल | ख | ■ | ■ | ■ | मु | स्का | न | ■ |
| ग | ज्ञा | ■ | रा | त | की | रा | नी | ■ | बी | च |
| ल | ■ | ■ | ब | ल | ■ | ह | म | ■ | ■ | म |
| त | न | खा | ■ | ना | मि | त | ■ | र | ह | न |
| ■ | र | ज | नी | ■ | त्र | ■ | क | स | म | ■ |
| ■ | क | ■ | ड | ल | ■ | दा | म | ■ | व | ■ |
| ■ | गा | फि | ल | ■ | पा | ■ | ला | न | त | ■ |
| स | मी | र | ■ | सु | रा | ही | ■ | म | न | न |
| म | ■ | ■ | म | म | ■ | न | र | ■ | ■ | र |
| य | क्ष | ■ | हा | ति | म | ता | ई | ■ | आ | म |
| ■ | मा | लि | न | ■ | ■ | ■ | स | ई | स | ■ |

## सूडोकु नवताल- 6275

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6274 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## खबर संक्षेप

### हैबिल्ड ने बनाया रिकॉर्ड 1 करोड़ लोग जुड़े

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 से पहले भारत के आदत-निर्माण वेलनेस प्लेटफॉर्म हैबिल्ड ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए अपना 10वां विश्व रिकॉर्ड बनाया है। कंपनी के अनुसार, केवल एक सप्ताह में 1 करोड़ से अधिक लोग इसके योग अभियान से जुड़े, जिससे यह दुनिया के सबसे बड़े सामुदायिक वेलनेस अभियानों में शामिल हो गया है। यह उपलब्धि हैबिल्ड की राष्ट्रव्यापी पहल 'हर घर योगा हर दिन होगा' के तहत दर्ज की गई।

### सुमीत ने की राइट्स इश्यू की घोषणा

**सूरत।** पॉलिएस्टर टेक्सचराइज्ड यार्न सुमीत इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपने पात्र शेयरधारकों के लिए राइट्स इश्यू की घोषणा की है। सुमीत इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निदेशक मंडल ने पूर्ण रूप से चुकता इक्विटी शेयर जारी करके कुल रू. 199.75 करोड़ के राइट्स इश्यू की शर्तों को मंजूरी प्रदान की है। कंपनी प्राप्त राशि में से रू. 49 करोड़ गुजरात के सूरत में नाकोडा से अधिग्रहित अतिरिक्त 1,40,000 टन प्रति वर्ष क्षमता वाले पॉलिएस्टर चिप्स प्लांट के अधिग्रहण का प्रस्ताव रखती है।

### ईबेडी लिनेन ने दिलाई वैश्विक पहचान

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर से शुरू हुआ प्रीमियम कॉटन बेडिंग ब्रांड ईबेडी लिनेन भारतीय होम टेक्सटाइल उद्योग को वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने का उदाहरण बन गया है। संस्थापक करन सिंह के नेतृत्व में कंपनी के डुवेट कवर, बेडशीट, पिलोकेस और अन्य बेडिंग उत्पाद अमेरिका समेत कई अंतरराष्ट्रीय बाजारों में ग्राहकों तक पहुंच रहे हैं। ईबेडी लिनेन की सफलता यह दर्शाती है। कि एमएसएम डिजिटल प्लेटफॉर्म की मदद से वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं।

### सैमसंग जल्द लांच करेगा गैलेक्सी एम47 5जी

**गुरुग्राम ।** सैमसंग इंडिया ने लोकप्रिय गैलेक्सी एम सीरीज का विस्तार करते हुए नए स्मार्टफोन गैलेक्सी एम47 5जी के जल्द लांच की घोषणा की है। कंपनी का दावा है कि यह स्मार्टफोन अपने सेगमेंट के सबसे दमदार फीचर्स के साथ भारतीय बाजार में दस्तक देगा साल 2019 में शुरू की गई गैलेक्सी एम सीरीज पूरी तरह से मेड इन इंडिया और मेड फॉर इंडिया की अवधारणा पर आधारित है।

### पीएनबी और जैगल ने की साझेदारी

**नई दिल्ली ।** पंजाब नेशनल बैंक ने फिनटेक कंपनी जैगल प्रीपेड ओशन सर्विसेज लिमिटेड के साथ साझेदारी कर पीएनबी-जैगल को-ब्रांडेड ट्विन क्रेडिट कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की है। ये नए कार्ड आधुनिक और पर्यावरण के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं तथा लाइफस्टाइल, यात्रा, मनोरंजन और रोजमर्रा के खर्चों पर आकर्षक लाभ प्रदान करेंगे।

### टीवीएस राइडिंग अभियान में 1,000 राइडर्स शामिल

**बेंगलुरु।** टीवीएस मोटर कंपनी ने सुरक्षित और जिम्मेदार राइडिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक बड़ा राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया। इस विशेष पहल के तहत भारत के 17 प्रमुख शहरों में एक साथ 1,000 से अधिक राइडर्स ने सामूहिक राइड में भाग लिया। टीवीएस समूह की यह पहल न केवल मोटरसाइकिलिंग के प्रति उत्साह को मनाने का अवसर बनी, बल्कि सड़क सुरक्षा और जिम्मेदार को भी मजबूत करने की दिशा में अहम कदम साबित हुई।

### फिल्म थाप यूट्यूबर स्टार का ऐलान

**मुंबई।** गातिमान फिल्म्स ने अपनी आगामी फिल्म 'थाप यूट्यूबर स्टार' की आधिकारिक घोषणा कर दी है। फिल्म का मोशन पोस्टर जारी होने के साथ ही इसके विषय और शीर्षक को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ गई है। यह फिल्म डांस, जुनून, संघर्ष और डिजिटल दौर में पहचान बनाने की कहानी को बड़े पर्दे पर पेश करेगी।

---

**एथेनॉल पेट्रोल के बाद अब रसोई गैस के विकल्प के रूप में तेजी से काम शुरू**

# एलपीजी सिलेंडर की जगह एथेनॉल से जलेगा चूल्हा, किचन फ्यूल बनाएगी आईओसी, एचपी और भारत पेट्रोलियम कंपनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पेट्रोल में ब्लेंडिंग के जरिए ऊर्जा क्षेत्र में अपनी उपयोगिता साबित कर चुके एथेनॉल को अब रसोई गैस के विकल्प के रूप में इस्तेमाल करने की दिशा में तेजी से काम शुरू हो गया है। बढ़ती एलपीजी कीमतों, आयात पर निर्भरता और स्वच्छ ऊर्जा की जरूरत को देखते हुए केंद्र सरकार तथा सरकारी तेल कंपनियां एथेनॉल आधारित कुकिंग फ्यूल और उससे चलने वाले चूल्हों को बाजार में लाने की तैयारी कर रही हैं। सूत्रों के अनुसार इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसी सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियां एथेनॉल आधारित किचन फ्यूल परियोजनाओं पर सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। यह पहल केंद्र सरकार की ग्रीन एनर्जी और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की नीति के अनुरूप मानी जा रही है।

*एथेनॉल कुकिंग फ्यूल से चलने वाले चूल्हे आएंगे बाजार में*

*इससे एलपीजी पर निर्भरता कम होगी विदेशी मुद्रा बचेगी*

> यह पहल केंद्र सरकार की ग्रीन एनर्जी नीति के अनुरूप मानी जा रही है किचन फ्यूल परियोजनाओं पर सक्रिय रूप से कंपनी कर रही काम

**एलपीजी पर निर्भरता कम करने की दिशा में बड़ा कदम**

भारत अपनी कुल एलपीजी जरूरत का बड़ा हिस्सा आयात करता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में उतार-चढ़ाव का सीधा असर घरेलू उपभोक्ताओं और सरकारी वित्तीय बोझ पर पड़ता है। हाल ही में वैश्विक ऊर्जा बाजार में एलपीजी कीमतों में बढ़ोतरी ने वैकल्पिक ईंधनों की आवश्यकता को और अधिक प्रासंगिक बना दिया है।




विशेषज्ञों का मानना है कि यदि एथेनॉल आधारित कुकिंग फ्यूल को बड़े स्तर पर अपनाया जाता है तो इससे एलपीजी आयात पर निर्भरता कम होगी और विदेशी मुद्रा की बचत भी संभव होगी।

### मजबूत आर्थिक कड़ी : देश में तेजी से बढ़ रहा एथेनॉल उत्पादन

एथेनॉल का उत्पादन मुख्य रूप से गन्ने के रस, शीरे (मोलासेस), मक्का और खराब या अनुपयोगी अनाजों से किया जाता है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार की एथेनॉल ब्लेंडिंग नीति के कारण देश में इसका उत्पादन तेजी से बढ़ा है। कृषि आधारित यह ईंधन न केवल घरेलू स्तर पर उपलब्ध है, बल्कि किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायक माना जा रहा है। इससे कृषि और ऊर्जा क्षेत्र के बीच एक मजबूत आर्थिक कड़ी बनने की संभावना है।

### ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को होगा लाभ

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि एथेनॉल आधारित कुकिंग फ्यूल की कीमत एलपीजी से कम रखी जाती है, तो यह ग्रामीण और निम्न आय वर्ग के परिवारों के लिए किफायती विकल्प साबित हो सकता है। वहीं शहरी क्षेत्रों में भी स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा समाधान के रूप में इसकी मांग बढ़ सकती है।

---

**सरकार की सख्ती, कमजोर मांग और रकबे में वृद्धि की उम्मीद से भाव में बड़ी गिरावट**

# सोयाबीन, सरसों सहित सभी खाद्य तेल 12 से 15 रुपए किलोग्राम तक हुए सस्ते

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

देश के खाद्य तेल बाजार में इस समय नरमी का माहौल बना हुआ है। सरकार की सख्ती, कमजोर मांग और सोयाबीन के रकबे में बढ़ोतरी की उम्मीद के चलते सोया, सरसों सहित अन्य प्रमुख खाद्य तेलों की कीमतों में 10 से 12 रुपये प्रति किलो तक की गिरावट दर्ज की गई है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में तिलहन की बढ़ती आपूर्ति ने उपभोक्ताओं को राहत दी है।

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, जमाखोरी पर सख्त निगरानी और आयातित खाद्य तेलों की बेहतर उपलब्धता के कारण स्टॉकिस्टों ने बिकवाली बढ़ा दी है, जिससे कीमतों पर लगातार दबाव बना हुआ है। स्थानीय तेल ब्रोकरों रमाकांत तिवारी के अनुसार भोपाल के हनुमानगंज और जुमेराती जैसे जिंस बाजारों में पिछले एक सप्ताह में खाद्य तेलों की कीमतों में तेज गिरावट देखने को मिली है।

**तेल मिलों के पास भरपूर स्टॉक के चलते दामों में गिरावट दर्ज**

**निकट भविष्य में कीमतों में तेज उछाल की संभावना फिलहाल कम**

**डिब्बा पैक तेलों में भी दर्ज हुई गिरावट**



डिब्बा पैक तेलों में भी इसी तरह की गिरावट दर्ज की गई है। 15 किलो सोयाबीन तेल का टिन 2600–2650 रुपए से घटकर लगभग 2450 रुपए हो गया है। मूंगफली तेल का टिन 3000–3100 रुपए से घटकर 2750 रुपए, जबकि सरसों तेल का टिन 2900 रुपए से घटकर लगभग 2750 रुपए पर पहुंच गया।

**किसानों और व्यापारियों की नजर आगे की फसल पर**

*हालांकि वर्तमान में उपभोक्ताओं को राहत मिली है, लेकिन बाजार में अनिश्चितता अभी बनी हुई है। व्यापारी और किसान आगामी फसल, मानसून की स्थिति और वैश्विक बाजार के रुझानों पर नजर बनाए हुए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में किसी भी बड़े बदलाव या मौसम संबंधी चुनौती का सीधा असर घरेलू खाद्य तेल कीमतों पर पड़ सकता है। फिलहाल खाद्य तेल बाजार में नरमी का रुख जारी है और सोया, सरसों समेत प्रमुख तेलों के दाम घटने से महंगाई के दबाव में कुछ कमी आई है।*

### उपभोक्ताओं को मिली राहत

तेल व्यापारी अपूर्व पवैया के अनुसार खाद्य तेल रोजमर्रा की रसोई की सबसे जरूरी वस्तुओं में से एक है। कीमतों में यह गिरावट सीधे तौर पर आम उपभोक्ताओं के घरेलू बजट पर सकारात्मक असर डालेगी। उन्होंने कहा कि यदि आने वाले समय में तिलहन उत्पादन और आयात की स्थिति स्थिर बनी रहती है, तो कीमतों में और अधिक स्थिरता देखी जा सकती है।

### खाद्य तेलों की कीमतों पर एक नजर

- सोयाबीन तेल 165 रुपए प्रति किलो से घटकर लगभग 155 रुपए प्रति किलो पर आ गया है
- मूंगफली तेल 210 रुपए से घटकर 180–185 रुपए प्रति किलो के बीच बिक रहा है
- सनफ्लावर तेल 200 रुपए से घटकर 170–175 रुपए प्रति किलो हो गया है
- पाम ऑयल 160–165 रुपए से घटकर 152–153 रुपए प्रति किलो पर आ गया है
- सरसों तेल 185–190 रुपए से घटकर 170–175 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गया है
- राइस ब्रान तेल 155–160 रुपए से घटकर 145–150 रुपए प्रति किलो बिक रहा है।

---

**अमेजन प्राइम डे का 10वां संस्करण पेश**

## मध्यप्रदेश के ग्राहकों को मिलेंगी बड़ी बचत और आकर्षक ऑफर्स

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन इंडिया ने अपने वार्षिक शॉपिंग इवेंट 'प्राइम डे 2026' के 10वें संस्करण की घोषणा की है। यह आयोजन 4 जुलाई की मध्यरात्रि से 6 जुलाई की रात 11:59 बजे तक चलेगा। तीन दिनों के इस विशेष सेल इवेंट में प्राइम मेंबर्स को हजारों उत्पादों पर भारी छूट, नए लांच और विशेष ऑफर्स का लाभ मिलेगा। कंपनी ने इस अवसर पर नए ग्राहकों के लिए सीमित अवधि का एनिवर्सरी ऑफर भी पेश किया है। वार्षिक प्राइम सदस्यता, जिसकी कीमत 1,499 रुपए है, अब 500 रुपए की छूट के साथ 999 रुपए में उपलब्ध होगी। वहीं शॉपिंग एडिशन प्लान 299 रुपये और प्राइम लाइट प्लान 599 रुपये प्रतिवर्ष में उपलब्ध रहेगा।




### उत्पादों की मांग में वृद्धि

कंपनी के निदेशक अमनदीप लोहान ने कहा कि मध्य प्रदेश के शहरों में स्मार्ट, प्रीमियम और सुविधा-आधारित उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है, जो ग्राहकों की बदलती जीवनशैली और तकनीक अपनाने की प्रवृत्ति को दर्शाती है। कंपनी के अनुसार मध्य प्रदेश के 70,000 से अधिक विक्रेता अमेजन के माध्यम से देशभर के ग्राहकों तक अपने उत्पाद पहुंचा रहे हैं।

### भोपाल में 80 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज

अमेजन के अनुसार भोपाल प्रीमियम उत्पादों के एक प्रमुख बाजार के रूप में उभर रहा है। शहर में इंडक्शन कुकटॉप, रोबोटिक वैक्यूम क्लीनर, एयर प्यूरीफायर, एर्गोनोमिक फर्नीचर और लेगो बिल्डिंग सेट्स जैसे प्रीमियम उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ी है। भोपाल में रोबोटिक वैक्यूम क्लीनर की मांग में 80 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर्ज की गई है। भोपाल में बिजनेस, इंडस्ट्रियल, साइंटिफिक एवं सप्लाइज श्रेणी में 45 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई।

---

**संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की अपील की**

## दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा का मजबूत माध्यम है जीवन बीमा : आईएसी लाइफ

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जीवन बीमा उद्योग ने लोगों से जीवन बीमा को लेकर संतुलित और व्यापक दृष्टिकोण अपनाने की अपील की है। उद्योग का मानना है कि जीवन बीमा के दीर्घकालिक लाभ, जैसे वित्तीय सुरक्षा, जोखिम से संरक्षण और अनुशासित बचत, मिस-सेलिंग जैसी छिटपुट चिंताओं की तुलना में कहीं अधिक महत्वपूर्ण और प्रभावशाली हैं।

इंश्योरेंस अवेयरनेस कमेटी-लाइफ इंश्योरेंस ने ग्राहकों और अन्य हितधारकों से आग्रह किया है कि वे जीवन बीमा को केवल अल्पकालिक परिणामों के आधार पर न आंकें, बल्कि इसे परिवार और भविष्य की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले एक दीर्घकालिक साधन के रूप में देखें।

### मिस-सेलिंग जैसी समस्याएं मौजूद



आईएसी-लाइफ के चेयरमैन कमलेश राव ने कहा कि जीवन बीमा का मूल उद्देश्य परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना और लोगों में नियमित बचत की आदत विकसित करना है। उन्होंने कहा कि मिस-सेलिंग जैसी समस्याएं निश्चित रूप से मौजूद हैं और उद्योग को इनके खिलाफ सख्त कदम उठाने चाहिए, लेकिन यह पूरे जीवन बीमा क्षेत्र का बहुत छोटा हिस्सा है। आज भी करोड़ों पॉलिसीधारक जीवन बीमा के माध्यम से सुरक्षा और वित्तीय लाभ प्राप्त कर रहे हैं। परिवार को आर्थिक संबल प्रदान करता है, बल्कि लंबी अवधि में वित्तीय लक्ष्यों को हासिल करने में भी मदद करता है।

---

**क्रिस्टल ऊर्जा के ग्लोबल एडवाइजर क्रिस्टोफ रूहल ने कहा**

## कच्चे तेल की कीमतें 60 डॉलर से नीचे आने की उम्मीद, वैश्विक बाजार में बढ़ा सप्लाई से दबाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमतों में आने वाले महीनों में और गिरावट देखने को मिल सकती है। ऊर्जा क्षेत्र के विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक स्तर पर मांग की तुलना में अधिक आपूर्ति होने के कारण क्रूड ऑयल की कीमतें 60 डॉलर प्रति बैरल से नीचे तक जा सकती हैं। ऊर्जा परामर्श कंपनी क्रिस्टल ऊर्जा के ग्लोबल एडवाइजर क्रिस्टोफ रूहल ने कहा है कि वर्तमान में वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की आपूर्ति मांग से प्रतिदिन लगभग 10 लाख बैरल अधिक है। यही असंतुलन आने वाले समय में कीमतों पर दबाव बनाए रख सकता है। जैसे तेल आयातक देशों को मिल सकता है।

### मध्य पूर्व तनाव के बाद बदले हालात




इस वर्ष फरवरी के अंत में मध्य पूर्व में बढ़े भू-राजनीतिक तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल देखा गया था। निवेशकों को आशंका थी कि क्षेत्र में संघर्ष बढ़ने से वैश्विक आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। हालांकि अब अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत में प्रगति तथा संभावित समझौते की खबरों से बाजार का माहौल बदला है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि दोनों देशों के बीच समझौता आगे बढ़ता है तो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में और वृद्धि हो सकती है, जिससे कीमतों में नरमी जारी रह सकती है।

क्रिस्टॉफ रुएल के अनुसार ऊर्जा व्यापार मार्गों के सामान्य होने और निर्यात गतिविधियों में सुधार से वैश्विक बाजार में तेल की उपलब्धता बढ़ेगी। विशेषज्ञों का कहना है कि हाल के संकट के दौरान वैश्विक तेल बाजार ने परिस्थितियों के अनुरूप तेजी से खुद को ढाल लिया। तेल उत्पादक देशों ने समुद्री मार्गों पर निर्भरता कम करते हुए पाइपलाइन नेटवर्क और वैकल्पिक परिवहन साधनों का अधिक उपयोग किया।

---

**सीमित संसाधनों वाले समुदायों के लिए**

## मलाबार ग्रुप और आईपीएम की साझेदारी में 'मलाबार केयर कनेक्ट' पहल शुरू



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मलाबार ग्रुप और इंस्टीट्यूट ऑफ पैलिएटिव मेडिसिन(आईपीएम) के साथ मिलकर 'मलाबार केयर कनेक्ट' नामक नई पहल की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य डिजिटल तकनीक, सामुदायिक सहभागिता, प्रशिक्षण और ज्ञान-साझाकरण के माध्यम से पैलिएटिव केयर सेवाओं को अधिक लोगों तक पहुंचाना है। यह साझेदारी विशेष रूप से उन वंचित और सीमित संसाधनों वाले समुदायों के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जहां गुणवत्तापूर्ण पैलिएटिव केयर सेवाओं तक पहुंच अभी भी एक चुनौती बनी हुई है।

कोझिकोड स्थित आईपीएम परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दोनों संस्थाओं के बीच समझौता पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर एम. पी. अहमद और श्रीकुमार पी. सी. ने अभिनय को अभिनय रूप दिया। कार्यक्रम में मालाबार ग्रुप के एकांतिक्यूटिव संचालक निशाद ए. के.सहित दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

---

**ई-चालान सिस्टम बना कारोबारियों का सहारा**

## जीएसटी में फर्जी बिलिंग और आईटीसी क्लेम पर लगाम, बिल का सत्यापन इसी से

**इसी प्रक्रिया के बाद इनवॉइस जीएसटी के तहत वैध माना जाता है**

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और डिजिटल बनाने के उद्देश्य से लागू किया गया ई-चालान सिस्टम अब कर प्रशासन का अहम हिस्सा बन चुका है। 5 करोड़ से अधिक वार्षिक टर्नओवर वाले कारोबारियों के लिए यह व्यवस्था अनिवार्य है। कर सलाहकार एडवोकेट मृदुल आर्य के अनुसार इस प्रणाली ने फर्जी बिलिंग, टैक्स चोरी और गलत इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) दावों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ई-चालान यानी इलेक्ट्रॉनिक इनवॉइस प्रणाली के तहत व्यापारी अपने अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर या ईआरपी सिस्टम में इनवॉइस तैयार करते हैं। इसके बाद इनवॉइस का डेटाइनवॉइस रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर भेजा जाता है, जहां सत्यापन के बाद एक यूनिक इनवॉइस रेफरेंस नंबर और क्यूआर कोड जारी किया जाता है। इसी प्रक्रिया के बाद इनवॉइस जीएसटी के तहत वैध माना जाता है।

वरिष्ठ कर सलाहकार राजेश जैन के अनुसार ई-चालान का सबसे बड़ा फायदा यह है कि प्रत्येक बिल का रियल-टाइम सत्यापन होता है, जिससे नकली बिल तैयार करने और फर्जी आईटीसी क्लेम करने की संभावनाएं काफी हद तक समाप्त हो जाती हैं। इसके साथ ही कर चोरी पर भी प्रभावी अंकुश लगता है। इस प्रणाली के लागू होने से कारोबारियों को रिटर्न फाइलिंग में भी बड़ी सुविधा मिली है। ई-चालान का डेटा स्वतःजी एसटीआर-1 में अपडेट हो जाता है, जिससे बार-बार मैनुअल एंट्री की आवश्यकता नहीं पड़ती। इससे समय की बचत होने के साथ-साथ डेटा एंट्री से जुड़ी त्रुटियां भी कम होती हैं। ई-चालान का एक अन्य महत्वपूर्ण लाभ इसका ई-वे बिल सिस्टम से एकीकरण है। इनवॉइस से संबंधित कई जानकारियां स्वतः ई-वे बिल में उपलब्ध हो जाती हैं, जिससे व्यापारियों को एक ही जानकारी बार-बार भरने की जरूरत नहीं पड़ती।




### ई-चालान व्यवस्था मुख्य रूप से बिजनेस-टू-बिजनेस और निर्यात लेन-देन पर लागू

जानकारों का कहना है कि खरीदार और सप्लायर दोनों के पास समान और सत्यापित डेटा उपलब्ध रहने से रिकॉर्ड मिलान संबंधी विवाद, नोटिस और अनुपालन संबंधी समस्याएं भी कम होती हैं। वहीं ग्राहकों को प्रमाणित इनवॉइस मिलने से इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा करना अधिक आसान और सुरक्षित हो जाता है। वर्तमान में ई-चालान व्यवस्था मुख्य रूप से बिजनेस-टू-बिजनेस और निर्यात लेनदेन पर लागू है। निर्धारित टर्नओवर सीमा से अधिक कारोबार करने वाले सभी जीएसटी पंजीकृत व्यवसायों के लिए इसका पालन अनिवार्य किया गया है। सरकार का मानना है कि ई-चालान सिस्टम के माध्यम से रियल-टाइम टैक्स डेटा उपलब्ध होने से जीएसटी नेटवर्क अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और मजबूत बना है।

---


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड विदिशा (म.प्र.)

Mail I.D. :- eephvid@mp.nic.in    Telephon No:- 07592 - 250663

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 03/ नि.प्र./खण्ड विदिशा / लोस्वायाँवि/2026-27    विदिशा, दिनांक 19.06.2026

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

विदिशा जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में 150/125/115 मि.मी. व्यास के औसतन 120 मी. गहरे निम्नानुसार संख्या में नलकूपों के खनन एवं अन्य सम्बंधित कार्यों हेतु निविदा ऑनलाईन वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई हैं।

निविदा प्रपत्र दिनांक 06.07.2026 को साय: 17:30 बजे तक क्रय / डाउनलोड तथा प्रस्तुत किये जा सकते है। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है :-

| स. क्र. | सिस्टम टेण्डर क्रमांक | विकास खण्ड | नलकूपों का व्यास (मि.मी.में) | नलकूपों की संख्या | निविदा की अनुमानित लागत (रु. में) | धरोहर राशि (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_PHED_516593_1 | विदिशा / नटेरन | 150/125/115 | 30 | 2940252.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस वर्षाऋतु छोड़कर | नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार |
| 2 | 2026_PHED_516615_1 | बासौदा / कुरवाई | 150/125/115 | 30 | 2940252.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस वर्षाऋतु छोड़कर | |
| 3 | 2026_PHED_516622_1 | सिरोंज / लटेरी | 150/125/115 | 30 | 2940252.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस वर्षाऋतु छोड़कर | |
| 4 | 2026_PHED_516643_1 | ग्यारसपुर | 150/125/115 | 20 | 1960168.00 | 39203.00 | 2000.00 | 180 दिवस वर्षाऋतु छोड़कर | |

**कार्यपालन यंत्री,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग**
**खण्ड विदिशा (म.प्र.)**

जी- 14733/26    स्वच्छता ही सेवा

## चिंतन

# आगजनी रोकने के लिए नियम सख्ती से लागू हों

देशभर में आगजनी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इस बार गर्मी में पहले की तुलना में ऐसे हादसे बढ़ गए हैं। इसकी ज्यादातर वजहें एसी के कंप्रेशर्स का फटना, शॉर्ट सर्किट और गैस सिलेंडरों का फटना है। ताजा मामला लखनऊ के कोचिंग सेंटर का है जहां दो मंजिला इमारत में आग लग गई। इस भीषण हादसे में अनेक छात्रों समेत 15 से अधिक लोगों की जान चली गई। बताया जा रहा है कि दूसरे फ्लोर पर चल रहे कोचिंग सेंटर में एसी का कंप्रेशर फटने से आग लगी। इसके बाद घबराए छात्रों ने खुद को बाथरूम में बंद कर लिया। ज्यादातर बच्चों की मौत दम घुटने के कारण हुई है। इससे पहले दिल्ली के मालवीय नगर में एक होटल में आग लगने से 21 लोगों की मौत हो गई थी। तब आग लगने का कारण रसोई में खाना पकाने वाली गैस का रिसाव या अत्यधिक गर्म तेल (ऑयल फ्रायर) था। वहीं, कुछ दिन पहले हरियाणा में रोहतक के एक मुख्य बाजार में भी एसी का कंप्रेशर फटने लगी आग में तीन लोग जिंदा जल गए थे और एक दर्जन से अधिक दुकानें भी जलकर राख हो गई थी। बिजली के उपकरणों के अधिक प्रयोग से शॉर्ट सर्किट जैसे घटनाएं हो रहीं हैं। भीषण गर्मी के कारण आग ज्यादा भड़कती है और यह भयावह रूप ले लेती है। ये हादसे बताते हैं कि शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर में नियमों की पूरी तरह से अवहेलना की गई है। आग लगने के बाद मौके पर अग्निशमन यंत्र के उपाय न होना, फायर ब्रिगेड का समय पर नहीं पहुंचना, दमकल विभाग के पास आवश्यक संसाधनों की कमी, शहरों में फायर हाइड्रेंट की अनउलब्धता समेत कई ऐसे कारण हैं जो समय पर नहीं मिल पाते और आग भयावह रूप ले लेती है। ऐसे यंत्र समय पर मिलें तो बड़ा हादसा रोकने में आसानी हो जाती है। हालांकि शहरों में अनियंत्रित विकास, छोटी-छोटी जगहों पर कॉम्प्लेक्स, बाजारों की संकरी गलियां, फायर एनओसी नहीं होना और प्रशासन द्वारा ऐसे मामलों में आंखें मूंद लेना। ऐसे कई कारण हैं जो इन हादसों को बड़ा बना देते हैं। प्रशासन और लोगों को किसी भी चीज की तभी याद आती है जब जरूरत होती है या हादसे होते हैं। इससे पहले तो सभी शांति से रहते हैं और किसी भी चीज की डिमांड नहीं करते। यदि समय रहते प्रशासन और आमजन जागरूक हों और प्रशासन भी प्रोएक्टिव रवैया अपनाएं तो ऐसे हादसों को रोकने में मदद मिल सकती है। प्रशासन को सभी नियम सख्ती से लागू करने होंगे और नियम तोड़ने वालों को दंडित करना होगा। तभी ऐसी समस्याओं पर काबू पाया जा सकता है। इसके बाद ही छात्र, आमजन और बाजार सुरक्षित होंगे। लोगों को भी ऐसी घटनओं के प्रति सजग रहना होगा और मकान, होटल या दुकान निर्माण के समय ही सभी नियमों का पालन करना होगा। लखनऊ, दिल्ली और रोहतक जैसी घटनाएं स्पष्ट संकेत हैं कि आगजनी अब केवल दुर्घटना नहीं, बल्कि सुरक्षा नियमों की अनदेखी का परिणाम बनती जा रही है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण के बीच फायर सेफ्टी को प्राथमिकता देना समय की मांग है। प्रशासन को नियमित निरीक्षण, फायर एनओसी की अनिवार्यता और नियम उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी। साथ ही संस्थानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और आम नागरिकों को भी सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक होना होगा। जब तक रोकथाम, तैयारी और जवाबदेही की संस्कृति विकसित नहीं होगी, तब तक ऐसे हादसे निर्दोष लोगों की जान लेते रहेंगे। सुरक्षा कोई विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्य जिम्मेदारी है।

# संकल्प से समृद्ध मोदी का कार्यकाल



**विकसित भारत 2047**
नरेंद्र सिंह तोमर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में 4,399 दिन पूरे कर एक महत्वपूर्ण राजनीतिक पड़ाव हासिल किया है। इस अवसर पर उनके कार्यकाल की तुलना देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल से की जा रही है। हालांकि दोनों नेताओं ने अलग-अलग समय और परिस्थितियों में देश का नेतृत्व किया, लेकिन दोनों के सामने राष्ट्र निर्माण की बड़ी चुनौतियां थीं। नेहरू ने स्वतंत्र भारत की नींव मजबूत की, वहीं मोदी विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यह तुलना केवल दो प्रधानमंत्रियों की नहीं, बल्कि भारत की विकास यात्रा के विभिन्न पड़ावों की भी कहानी है।

बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में 4,399 दिन पूरे किए हैं। संदर्भ बता रहे हैं कि इस तरह उन्होंने जवाहरलाल नेहरू के 4,398 दिनों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। प्रधानमंत्री के रूप में प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यकाल का एक-एक दिन 2047 के विकसित भारत के स्वप्न को पूरा करने संकल्प को पूरा करने में गुजरा है। वह विकास जो भौतिक प्रगति का प्रतीक नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक चेतना और वैचारिक सम्पन्नता का प्रतीक होता है। हम गर्व से कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यकाल में भारत ने अपनी उस खोई हुई सांस्कृतिक चेतना को पुनः पाया है जो कभी उसकी पहचान हुआ करती थी। एक तरफ काशी विश्वनाथ धाम, भव्य राम मंदिर का निर्माण और केदारनाथ का पुनरुद्धार है, तो दूसरी तरफ आधुनिक वंदे भारत ट्रेनें और विश्वस्तरीय एक्सप्रेस-वे हैं। यह 'विकास भी, विरासत भी' का वह अनूठा संगम है, जिसने आधुनिकता की अंधी दौड़ में भारतीयता के गौरव को सर्वोपरि बनाए रखा है।

जब दो प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल की अवधि की तुलना होती है तो उनके कार्य और उपलब्धियों की तुलना होना स्वाभाविक है। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू को आजाद भारत का शिल्पकार कहा जाता है, जबकि प्रधानमंत्री मोदी जी आज 2047 के विकसित भारत के संकल्प का नेतृत्व कर कर रहे हैं। वे ऐसे देश का नेतृत्व कर रहे हैं जो 80 साल पहले की तुलना में ज्यादा जटिल है। आज सरकार को डिजिटल, आर्थिक और सामरिक मंच पर ऐसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जो स्वतंत्रता के समय नहीं थीं। नेहरू के समय भारत की आबादी करीब 34 करोड़ थी, जो आज करीब 4.3 गुना बढ़ चुकी है। पं. नेहरू के समय भारत की जीडीपी लगभग 2.7 लाख करोड़ रुपये थी और औसत विकास दर 3.5-4 प्रतिशत थी, जबकि 2026 तक मोदी के नेतृत्व में जीडीपी बढ़कर 357 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई और देश तेजी से वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बन चुका है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हमने देश की जीडीपी और विकास दर में पिछले दशकों की तुलना में एक बड़ा और ऐतिहासिक परितर्वन देखा है। यह उन्नति भी कितनी सुखद है कि पीएम मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार न केवल बढ़ा है, बल्कि साल 2014-15 में जो नॉमिनल जीडीपी 106.57 लाख करोड़ थी, वह साल 2024-25 तक तीन गुना बढ़कर 331.03 लाख करोड़ रुपए के स्तर तक पहुंच गई है। इस उपलब्धि पर गौर करते समय हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि पीएम मोदी जी के कार्यकाल में भारत ने कोविड-19 महामारी, वैश्विक मुद्रास्फीति, भू-राजनीतिक संघर्षों और सप्लाई-चेन में आई बड़ी रुकावटों को देखा है। इन स्थितियों के बाद भी भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना है। तथ्य यह भी है कि स्वतंत्रता के शुरुआती दशकों में जब नेहरू देश के प्रधानमंत्री थे तब हमारा देश आयात पर बहुत अधिक निर्भर था। तब विदेशी मुद्रा का संकट एक बड़ी चुनौती थी। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में बीते एक दशक में भारत की वैश्विक व्यापारिक हिस्सेदारी बहुत मजबूत हुई है। वर्ष



2013-14 में देश का कुल निर्यात जो 468 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, वह साल 2024-25 में करीब 76 प्रतिशत बढ़कर 825 बिलियन अमेरिकी डॉलर के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया। जब भारत आजाद हुआ, तब देश गरीबी, अशिक्षा, खाद्यान्न की कमी और नए राष्ट्र के निर्माण जैसी बड़ी समस्याओं से जूझ रहा था। 1950 के दशक में लोगों की सबसे बड़ी जरूरत रोटी-कपड़ा-मकान और शिक्षा थी। आज तस्वीर बदली हुई है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने सीधे लाभ हस्तांतरण, उज्ज्वला गैस योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत अभियान और महिला सुरक्षा जैसी योजनाओं के माध्यम से प्रशासनिक कुशलता दिखाई है। स्टार्टअप, डिजिटल अर्थव्यवस्था, विनिर्माण प्रोत्साहन और नवाचार आधारित विकास श्रेष्ठ भारत निर्माण की सोच को प्रतिबिंबित करते हैं। मोदी सरकार ने यूपीआई और जनधन जैसे डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए देश के कोने-कोने तक वित्तीय समावेशन को पहुंचाया है। पांच लाख रुपए तक के निःशुल्क इलाज की आयुष्मान भारत योजना स्वस्थ भारत की कल्पना को साकार कर रही है। देश में विशिष्ट पहचान (आधार) पाने वालों की संख्या 138.34 करोड़ से अधिक हो चुकी है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना में 58.3 करोड़ से अधिक खाते खोले जा चुके हैं, जिनमें कुल जमा राशि 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। इनमें से 32 करोड़ से अधिक खाते महिलाओं के हैं। खाताधारक अधिकांश महिलाएं ग्रामीण और अर्थ-शहरी क्षेत्रों से हैं। आधार, मोबाइल और बैंक खाते के इस त्रिकोण ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण की भ्रष्टाचार से मुक्त ऐसी अचूक व्यवस्था बनाई है, जिसके माध्यम से सब्सिडी और सरकारी सहायता सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाई जा रही है। इतने लंबे समय तक देश की सेवा करने वाले दोनों प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल की उपलब्धियों और शासन के तरीकों को देख कर एक निष्कर्ष निकलता है कि यह तुलना दो प्रधानमंत्रियों की नहीं, बल्कि बीते 79 सालों में भारत के शून्य से शिखर तक पहुंचने की कहानी है। मेरा मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी जी के पिछले 4398 दिनों के कार्यकाल में देश ने केवल शासन-प्रशासन में परिवर्तन को ही नहीं देखा बल्कि विकास के पैमानों पर आमूलचूल परिवर्तन अनुभव किया है। किसी भी लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति केवल नेतृत्व में नहीं, बल्कि संस्थाओं, नागरिकों और सामूहिक राष्ट्रीय प्रयासों में निहित होती है। आज भारत आर्थिक, तकनीकी और वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। विकसित भारत-2047 का संकल्प तभी साकार होगा, जब विकास, सुशासन, समावेशिता और जनभागीदारी साथ-साथ आगे बढ़ें। यही भारत की निरंतर प्रगति और उज्ज्वल भविष्य का आधार बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योजनाओं की घोषणाएं ही नहीं हुई बल्कि घोषणा से आगे उनके प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता, जवाबदेही और अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने पर समूचा ध्यान केंद्रित हुआ है। यही कारण है कि आज भारत में विकास की चर्चा नहीं करता, बल्कि उसे धरातल पर उतारने की क्षमता दिखाई दे रही है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश का विकसित भारत 2047 का स्वप्न देते हुए और इसे पूरा करने का मार्ग दिखाया है। उनकी दूरदृष्टि हमें विकसित, आत्मविश्वासी और वैश्विक नेतृत्व की आकांक्षा वाले देश का निर्माण करने का लक्ष्य दे चुकी है। यह हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री मोदी जी का हमें नेतृत्व मिला है और हम सभी विकसित भारत निर्माण में अपना योगदान दे पा रहे हैं। इस विशिष्ट उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी को बधाई एवं अशेष शुभकामनाएं।

(लेखक मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष हैं। ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।


## पुण्यतिथि पर विशेष

मोहित सिंगला



# एक देश, एक विधान को जीवन अर्पित करने वाले युगपुरुष


कोलकाता में 6 जुलाई 1901 को जन्मे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को प्रतिभा और संस्कार विरासत में मिले थे। उनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी विख्यात शिक्षाविद्, न्यायविद् तथा कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति थे, जबकि माता जोगमाया देवी धार्मिक प्रवृत्ति की थीं। शिक्षा और संस्कृति से ओतप्रोत पारिवारिक वातावरण ने उनके व्यक्तित्व को प्रारंभ से ही विशिष्ट दिशा दी। अपनी विलक्षण प्रतिभा के कारण उन्होंने कम आयु में ही शैक्षिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। कानून की शिक्षा पूरी करने के बाद वे इंग्लैंड गए और बैरिस्टर बनकर भारत लौटे। मात्र 33 वर्ष की आयु में 1934 में उन्हें कलकत्ता विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया। वह विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति बने। उनके कार्यकाल में शिक्षा के आधुनिकीकरण और भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। शिक्षा जगत में उल्लेखनीय योगदान के बाद उन्होंने सार्वजनिक जीवन में सक्रिय भूमिका निभानी शुरू की। बंगाल की राजनीति में उन्होंने महत्वपूर्ण स्थान बनाया और वित्त मंत्री के रूप में भी कार्य किया। देश के विभाजन के समय उन्होंने बंगाल और पंजाब के संपूर्ण विभाजन का विरोध करते हुए यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई कि इन दोनों प्रांतों के बड़े हिस्से भारत में बने रहें। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जब देश की पहली मंत्रिपरिषद का गठन हुआ तो प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री बनाया। किंतु राष्ट्रीय नीतियों और विशेषकर नेहरू-लियाकत समझौते के मुद्दे पर मतभेदों के कारण उन्होंने 1950 में मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय विचारधारा को मजबूत राजनीतिक मंच देने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्कालीन सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर के सहयोग से 21 अक्टूबर 1951 को भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी उसके प्रथम अध्यक्ष बने। यही संगठन आगे चलकर भारतीय जनता पार्टी के रूप में विकसित हुआ। उस समय जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा प्राप्त था। वहां अलग संविधान, अलग झंडा और अलग प्रशासनिक व्यवस्था लागू थी। भारतीय नागरिकों को राज्य में प्रवेश के लिए परमिट लेना पड़ता था। डॉ. मुखर्जी का मानना था कि स्वतंत्र भारत में ऐसी व्यवस्था राष्ट्रीय एकता के विपरीत है। उन्होंने पूरे देश में यह उद्घोष किया कि "एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेंगे।" अगस्त 1952 में जम्मू में आयोजित एक विशाल जनसभा में उन्होंने ऐलान किया था "या तो मैं आपको भारतीय संविधान दिलाऊंगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर दूंगा।" अपने इसी संकल्प को साकार करने के लिए वह 8 मई 1953 को बिना परमिट जम्मू-कश्मीर की ओर रवाना हुए। 11 मई को उन्हें गिरफ्तार कर श्रीनगर में नजरबंद कर दिया गया। लगभग डेढ़ महीने की नजरबंदी के दौरान ही 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनका निधन हो गया। लंबे समय तक उनकी मृत्यु की परिस्थितियों को लेकर प्रश्न उठते रहे और निष्पक्ष जांच की मांग भी होती रही। समय बीतता गया, लेकिन डॉ. मुखर्जी का विचार और उनका संकल्प देश की चेतना में जीवित रहा। 5 अगस्त 2019 को जब जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के अधिकांश प्रावधान समाप्त किए गए और भारतीय संविधान को पूर्ण रूप से लागू किया गया, तब अनेक लोगों ने इसे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अधूरे स्वप्न की पूर्ति के रूप में देखा। आज देश के अनेक संस्थान, सड़कें और योजनाएं उनके नाम से जुड़ी हुई हैं, लेकिन उनकी सबसे बड़ी पहचान उनके विचार और राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि केवल एक महान नेता को स्मरण करने का अवसर नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, अखंडता और राष्ट्र प्रथम की भावना को अपने जीवन में उतारने का भी संदेश देती है। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती के अवसर पर भारत सरकार द्वारा करेंसी सिक्के व डाक टिकट जारी किए गए । जब कि इससे पूर्व में इनकी जयंती पर जहां करेंसी सिक्के व डाक टिकट जारी किए जाते रहे हैं वहां पर देश के विभिन्न भागों में इनके नाम पर सड़कों व पार्कों सहित अनेक संस्थाएं भी स्थापित की गई हैं ।



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

(लेखिक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# भक्ति से मिलती है चुनौतियों से लड़ने की शक्ति



संकलित
**दर्शन**

इस विशाल ब्रह्मांड में, एक कालनिरपेक्ष और असीमित ऊर्जा सृष्टि के प्रत्येक पक्ष में प्रकट होती है। ये समय, स्थान, आरंभ-अंत से परे है। अक्सर हम उन लोगों पर दया भाव रखते हैं, जो हमसे अधिक युवा हैं या हम उन्हें कम ज्ञान वाला समझते हैं। इसी प्रकार हम बुजुर्गों द्वारा दिए गए ज्ञान को पुराना और अज्ञान से भरा हुआ मान लेते हैं। लेकिन, हमें ये बात समझने की आवश्यकता है कि दिव्यता बुद्धिमत्ता, आयु या स्वभाव पर ध्यान दिए बिना, सबके हृदय में वास करती है। प्रत्येक व्यक्ति में शिव तत्व का संज्ञान लेने से हमारे भीतर एक समरसता उत्पन्न हो जाती है, जो हमें शिव से एकाकार करती है। पुराने समय के ऋषियों और ज्ञानियों ने हर एक चीज को शिव का ही अंश माना। शिव सर्वव्याप्त हैं। यही वेदों का सार है। वेदांत दूसरी ओर भूला देने और ज्ञान की सीमाओं के परे जाने को भी दर्शाते हैं। वह उसके बारे में भी बताते हैं, जो द्वैत से परे है, अच्छे और बुरे से परे है। वेदांत अद्वैत की वास्तविकता का भी उद्घाटन करते हैं, जो अस्तित्व के मूल में छिपा हुआ है। ईश्वर के सर्वव्याप्त होने की धारणा पर बहुत पुराने समय से प्रश्न उठते आए हैं। यदि ईश्वर सचमुच में सर्वव्याप्त हैं, तो शैतान कहां रहता है। शताब्दियों से धर्मशास्त्रियों ने इस असमंजस पर गुत्थम-गुत्था की है। यदि ईश्वर सर्वव्याप्त हैं, तो कोई शक्ति उन्हें चुनौती कैसे दे सकती है? उत्तर इस समझ में है कि हर एक चीज में ईश्वर है, शैतान में भी। वेदांत दर्शन ने द्वैत की सीमाओं को पार किया और अद्वैत के सत्य को बताया, जो अच्छे और बुरे से परे है।

# बच्चों को सुविधाओं से ज्यादा अच्छे संस्कार दें



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत में दो खास परिवार हैं, पहला पांडव और दूसरा है कौरव। पांडव परिवार में कुंती और पांच पुत्र थे। जबकि कौरव परिवार में धृतराष्ट्र और गांधारी के साथ ही सौ पुत्र थे। पांडवों के पास सुख-सुविधाओं का अभाव था, जबकि कौरवों के पास सारी सुख-सुविधाएं थीं। महाभारत में कुंती अपने पांच पुत्रों के साथ वन में रह रही थीं, क्योंकि धृतराष्ट्र और दुर्योधन नहीं चाहते थे कि पांडु के पुत्रों को राज्य मिले। धृतराष्ट्र का पुत्र दुर्योधन अधर्मी था। वह बचपन से ही पांडव पुत्रों को परेशान कर रहा था। कुंती के पति पांडु शाप की वजह से मर चुके थे। पांडु की दूसरी पत्नी माद्री भी जीवित नहीं थी। इन दोनों के बाद कुंती को पांच पुत्रों का पालन करना था। तीन पुत्र कुंती के थे और दो पुत्र माद्री के थे। कुंती जानती थीं कि जंगल में तो कोई सुख-सुविधा तो मिलेगी नहीं, इसलिए कुंती ने बच्चों का पालन करते समय संस्कारों पर ज्यादा ध्यान दिया। दूसरी ओर कौरव पक्ष में धृतराष्ट्र अंधे थे, गांधारी ने भी आंखों पर पट्टी बांध ली थी। दुर्योधन और उसके भाई लगातार गलत काम कर रहे थे, लेकिन माता-पिता ने उनकी ओर ध्यान ही नहीं दिया। नतीजा ये हुआ कि सभी कौरव पुत्र अधर्मी हो गए। महाभारत युद्ध में जब श्रीकृष्ण को ये निर्णय लेना था कि किसके पक्ष में रहेंगे, तब उन्होंने धर्म मार्ग पर चल रहे पांडव पुत्रों को चुना। धृतराष्ट्र और गांधारी ने अपने पुत्रों को सुख-सुविधा की हर एक चीज दी थी, लेकिन अच्छे संस्कार नहीं दिए थे। संतान के मोह में धृतराष्ट्र ने दुर्योधन को सही-गलत का फर्क नहीं बताया।

## सटाका




## आज की पाती

### दलबदल विरोधी कानून की वास्तविकता

लोकतंत्र की सफलता का आधार केवल नियमित चुनाव नहीं, बल्कि निर्वाचित प्रतिनिधियों की जवाबदेही, राजनीतिक स्थिरता और जनादेश के प्रति निष्ठा भी है। संसद और विधानसभाएं जनता की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं तथा इन संस्थाओं की स्थिरता लोकतांत्रिक शासन के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक है। किंतु भारतीय राजनीति में लंबे समय तक दलबदल की प्रवृत्ति ने लोकतांत्रिक व्यवस्था को गंभीर चुनौती दी। व्यक्तिगत लाभ, मंत्री पद, आर्थिक प्रलोभन अथवा राजनीतिक अवसरवाद के कारण निर्वाचित प्रतिनिधि बार-बार अपनी निष्ठा बदलते रहे, जिससे सरकारें गिरती रहीं और जनादेश का अपमान होता रहा। इसी समस्या के समाधान के लिए दलबदल विरोधी कानून लागू किया गया। लेकिन वास्तविकता यह है कि अब पहले से भी ज्यादा दलबदल हो रहा है। *- विजय कुमार, रोहतक*

## करंट अफेयर

# कांगो में इबोला संक्रमितों का आंकड़ा 1,003 पहुंचा

पूर्वी कांगो में फैले इबोला संक्रमण के पुष्ट मामलों की संख्या बढ़कर 1,003 हो गई है, जिनमें 254 मौतें शामिल हैं। अधिकारियों ने रविवार देर रात जारी एक बयान में यह जानकारी दी। कांगो के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि 15 मई को इस बीमारी के प्रकोप की घोषणा होने के बाद से इस महामारी से अब तक कुल 100 लोग पूरी तरह ठीक हो चुके हैं। इस संक्रमण के सबसे ज्यादा मामले इटुरी प्रांत से सामने आ रहे है। दुर्लभ 'बुंदीबुग्यो वायरस' के कारण फैला यह इबोला प्रकोप अब तक का सबसे खतरनाक रूप ले चुका है, क्योंकि इस वायरस के लिए वर्तमान में कोई टीका या इलाज उपलब्ध नहीं है। अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि ऐसे कई और मामले हो सकते हैं जिनकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है, और इस महामारी का चरम आना अभी बाकी है। मंत्रालय के अनुसार, स्थानीय अधिकारियों के लिए संक्रमितों के संपर्क में आए लोगों की पहचान करना एक बड़ी चुनौती बना हुआ है, क्योंकि वे अब तक केवल 55 प्रतिशत कवरेज दर ही हासिल कर पाए हैं। अधिकारियों ने कहा कि वे अभी तक इस महामारी के 'पेशेंट जीरो' (पहले संक्रमित व्यक्ति) की पहचान नहीं कर पाए हैं।




## ऑफ बीट

# भूख लगने पर भोजन का स्वाद पहले महसूस होता है

अगर आपको रात के खाने में कुछ खास खाने की इच्छा हो रही है तो संभव है कि आपका दिमाग उसे खाने से पहले ही उसके स्वाद को महसूस करने लगे। एक नए अध्ययन में यह दावा किया गया है कि भूख की स्थिति में मस्तिष्क भोजन के स्वाद, गंध और उसे खाने के अनुभव की मानसिक कल्पना को अधिक सजीव रूप से महसूस करने लगता है। शोधकर्ताओं के अनुसार, अधिकतर लोग यह अनुभव कर चुके हैं कि खाली पेट बाजार जाने पर वे जरूरत से ज्यादा मीठे, तैलीय या पसंदीदा खाद्य पदार्थ खरीद लेते हैं। आमतौर पर इसे भूख का असर माना जाता है, लेकिन नया अध्ययन बताता है कि भूख केवल खाने की इच्छा नहीं बढ़ाती, बल्कि भोजन से जुड़ी मानसिक छवियों और संवेदनाओं को भी अधिक प्रभावशाली बना देती है। अध्ययन में कहा गया कि मानव मस्तिष्क के लिए भोजन हमेशा से एक बहु-संवेदी अनुभव रहा है। यह अनुभव किसी पेस्ट्री को देखने, भोजन की सुगंध महसूस करने या उसके स्वाद और बनावट को याद करने से शुरू हो सकता है। भोजन से जुड़े अनुभव मस्तिष्क में स्मृतियों के रूप में दर्ज हो जाते हैं और बाद में मानसिक कल्पना के माध्यम से दोबारा महसूस किए जा सकते हैं।



## X ट्रेंड

### पंजाब में सभी सीटों पर लड़ेंगे



पश्चिम बंगाल की तरह पंजाब में भी "डबल इंजन" की सरकार बनाने के लिए सभी भाजपा कार्यकर्ता जुट जाएं। पार्टी पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए सभी 117 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। **-नितिन नवीन,** भाजपा अध्यक्ष

### छक्का लगाया




जब 2022 में हमने पार्टी और धनुष-बाण बचाने के लिए विद्रोह किया था, तब 40 विधायक थे और अब छक्के लग चुके हैं। हमारी लड़ाई बालासाहेब के विचारों को बचाने के लिए है, इसीलिए आज ये 6 सांसद बालासाहेब की असली शिवसेना में शामिल हुए। **-एकनाथ शिंदे,** उपमुख्यमंत्री महाराष्ट्र

### उनकी वफादारी बिकाऊ



शिवसेना (यूबीटी) के 6 सांसदों ने पार्टी छोड़कर साबित कर दिया है कि उनकी वफादारी बिकाऊ है। कम से कम यह मान लीजिए कि लालच की वजह से आपने रातोंरात बिना किसी शर्म के यह सब छोड़ दिया। यह लालच एक दिन आपको ले डूबेगा। **-आदित्य ठाकरे,** पूर्व मंत्री, महाराष्ट्र

### प्रयोगशाला को मंजूरी दें



आदिलाबाद की रणनीतिक स्थिति इसे ऐसे विमानन एवं रखरखाव केंद्र के लिए उपयुक्त बनाती है। इसलिए रक्षा मंत्री से आग्रह है कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन तथा रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला से जुड़ी परियोजना को शीघ्र मंजूरी दें। **-रेवंत रेड्डी,** सीएम, तेलंगाना

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## हे राम...



**150 लोगों के संदिग्ध नाम सामने आए**

### चढ़ावा चोरी मामला गहराया जांच टीम की सीएम योगी से नहीं हो पाई मुलाकात

# जांच:150 लोगों पर लटकी एफआईआर की तलवार

**एसआईटी ने सीएम योगी को सौंपी रिपोर्ट, टिन्नू समेत 80 लोगों पर लटकी एफआईआर की तलवार, कुछ के अयोध्या से बाहर न जाने की पाबंदी लगी**

एजेंसी ▸▸ अयोध्या

यहां के राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) की जांच पूरी हो गई है। वह सोमवार को अपनी जांच रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप देने की खबर है। बताया जा रहा है कि 3 सदस्यीय टीम रविवार को मुख्यमंत्री योगी से मिलने पहुंची थी, लेकिन एक जुड़ी बैठक के कारण वे नहीं मिल सके थे। जांच में 150 लोगों के संदिग्ध नाम सामने आए हैं। जल्द ही एफआईआर की कार्यवाही शुरू हो सकती है। जांच टीम ने चंदा चोरी मामले में कई अनियमितताओं की ओर इशारा किया है। मुख्यमंत्री योगी के आदेश के बाद अगली कार्यवाही की जाएगी।

### सभी लोगों पर अलग-अलग आरोप

जांच रिपोर्ट में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय के सहयोगी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू और अनुकल्प मिश्रा समेत 80 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर हो सकती है। टिन्नू पर कई गंभीर आरोप हैं। जांच में गणना और चोरी के आंकड़े मेल नहीं खा रहे, जबकि सभी के बयान भी अलग-अलग हैं। मंदिर निर्माण समिति के गोपाल राव ट्रस्ट में नहीं थे, फिर भी अहम जिम्मेदारियां संभाल रहे थे। सभी पर अलग-अलग आरोप हैं।

### राय और ट्रस्टी मिश्रा पर लगा प्रतिबंध

एसआईटी ने जिन लोगों से पूछताछ की है, उनको अयोध्या से बाहर न जाने को कहा है। इसमें चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि गोपाल राव कर्नाटक में हैं। हालांकि, ये नहीं पता कि उन्होंने कर्नाटक जाने से पहले एसआईटी को जानकारी दी थी या नहीं।





### चढ़ावा गिनने वाले 40 कर्मचारी हटाए और सीसीटीवी बढ़ाए गए

अयोध्या स्थित राम मंदिर में हुए चढ़ावे की गिनती में गड़बड़ी और कथित चोरी के मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी ) द्वारा जांच तेज कर दी गई है। जांच के दौरान दान की गिनती से जुड़े लगभग 40 कर्मचारियों को हटा दिया गया है। चढ़ावे की गिनती में अनियमितताएं सामने आने के बाद बैंक और ट्रस्ट द्वारा लगभग 40 कर्मचारियों को गिनती के कार्य से हटाकर दूसरी जगह ड्यूटी पर लगा दिया गया है। नई व्यवस्था के तहत गणनास्थल पर सुरक्षा और निगरानी बढ़ा दी गई है। सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाकर 3 से 4 कर दी गई है बैंक की ओर से नए गणना कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है।



### *हाईकोर्ट ने तत्काल सुनवाई की मांग नहीं मानी*

*इस याचिका को लेकर हाईकोर्ट ने साफ किया कि किसी भी मामले को आउट-ऑफ-टर्न सुनवाई के लिए स्वीकार करने के लिए विशेष परिस्थितियों का होना आवश्यक है। अदालत ने साफ किया कि फिलहाल राज्य सरकार ने तीन सदस्यीय विशेष जांच दल एसआईटी का गठन किया है और एसआईटी की जांच लगभग पूरी हो गई है।*

## खबर संक्षेप

### ओलंपिक डे पर आज चंडीगढ़ में महाकुंभ

**चंडीगढ़।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर 23 जून को सेक्टर-42 स्थित हॉकी स्टेडियम खेल भावना और ओलंपिक मूल्यों के रंग में रंगा नजर आएगा। हॉकी चंडीगढ़ द्वारा आयोजित विशेष समारोह में राज्यपाल प्रो. अशीम कुमार घोष मुख्य अतिथि होंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। सिका नेतृत्व करण गिलहोत्रा व वाइस प्रेसिडेंट अनिल वोहरा करेंगे।



### महाराष्ट्र विधान परिषद चुनावः महायुति का डंका

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन ने शानदार जीत दर्ज करते हुए 17 में से 16 सीटें अपने नाम कर ली हैं। हालांकि, नासिक में सत्तारूढ़ गठबंधन की इस जीत में खलल पड़ा, जहां निर्दलीय प्रत्याशी ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के शिवसेना गुट को हरा दिया। सोमवार को मतगणना के साथ समापन हुआ। भाजपा ने एक शानदार जीत दर्ज की।



### मई में 159 दवा नमूने खरे नहीं उतरे

**नई दिल्ली।** देश में दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन यानी सीडीएससीओ लगातार निगरानी अभियान चला रहा है। इसी क्रम में मई 2026 के लिए जारी मासिक गुणवत्ता जांच रिपोर्ट में कुल 159 दवा नमूनों को 'नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वालिटी' यानी मानक गुणवत्ता से कम पाया गया है।



### अल्लू अर्जुन समेत 23 की 6 को होगी सुनवाई

**मुंबई।** 'पुष्पा 2' भगदड़ मामले में कोर्ट में अभिनेता अल्लू अर्जुन की वर्चुअल पेशी थी, लेकिन सुनवाई टल गई है। कोर्ट ने अल्लू समेत केस के बाकी आरोपियों को अगली सुनवाई पर एक साथ पेश होने का आदेश दिया है। हैदराबाद में नामपल्ली क्रिमिनल कोर्ट ने संध्या थिएटर भगदड़ मामले की सुनवाई 6 जुलाई तक के लिए टाल दी।

### सुवेंदु सरकार का पहला बजट पेश

## एक लाख भर्ती करेगी सरकार महिलाओं को देगी 33% आरक्षण

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की शुभेंदु अधिकारी सरकार ने सोमवार को अपना पहला बजट पेश किया। सुवेंदु अधिकारी सरकार में वित्त मंत्री स्वपन दासगुप्ता ने बजट भाषण के दौरान कई बड़े ऐलान किए। उन्होंने कहा कि एक लाख सरकारी रिक्तियां भरी जाएंगी और इनमें महिलाओं को 33% आरक्षण दिया जाएगा। उन्होंने शिक्षकों के 50,000 पद भरने और सिविक पुलिस, होम गार्ड व ग्रीन पुलिस की मासिक सैलरी में 2,000 र की बढ़ोतरी करने का भी ऐलान किया।

बजट में आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं का वेतन 5,000 जबकि मिड-डे मील रसोइयों का मासिक मानदेय 1,000 बढ़ाने की घोषणा की गई। स्वपन दासगुप्ता ने बंगाल पुलिस में पुलिस में 20 हजार भर्तियां करने और सरकारी स्कूलों में पैरा-टीचर्स की सैलरी हर महीने 5,000 रुपए बढ़ाने का भी ऐलान किया।



बजट के दौरान सीएम सुवेंदु अधिकारी



### पत्रकारों को पेशन

विधायकों को विकास के लिए दिया जाने वाला फंड सालाना 70 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ किया गया। सेवानिवृत्त पत्रकारों को 5 हजार रुपए मासिक पेंशन दी जाएगी। जो भी पत्रकार राजनैतिक कारणों से जेल गया है, उसे 10 हजार पेंशन दी जाएगी। महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता योजना 'अन्नपूर्णा योजना' के लिए 36,000 करोड़ आवंटित किए हैं।बंगाल के हर सब-डिविजन में महिला पुलिस स्टेशन होगा और हर पुलिस स्टेशन में महिला हेल्प डेस्क स्थापित की जाएगी।

### नए एयरपोर्ट बनेंगे, कूचबिहार का विस्तार

केंद्र की उड़ान योजना के तहत पुरुलिया, बालुरघाट और मालदा में नए एयरपोर्ट बनेंगे और कूचबिहार एयरपोर्ट का विस्तार किया जाएगा। कोलकाता एयरपोर्ट पर यात्रियों की भीड़ कम करने के लिए बंगाल सरकार कल्याणी में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के लिए 1,000 एकड़ जमीन की पहचान करेगी। सरकार ने चिंगरीघाटा-न्यू टाउन एलिवेटेड कॉरिडोर के लिए 900 करोड़ रुपए और भागीरथी नदी पर नए पुल के लिए 1,200 करोड़ आवंटित किए। बजट दस्तावेज को पढ़ते हुए, पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्री स्वप्न दासगुप्ता ने मौजूदा 18 प्रतिशत के अतिरिक्त 20 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) की घोषणा की।

### महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री ने दिलाई सदस्यता, समस्याओं के समाधान पर दिया जोर

# शिंदे ने कहा-हमने जीत का छक्का लगाया आदित्य ने कहा- ये बागी नहीं... 'बिकाऊ'

***शिंदे ने कहा कि मेरे पास अब 4 संजय***

***उद्धव गुट को दिया एक बड़ा सियासी झटका***

एजेंसी ▸▸ मुंबई

महाराष्ट्र में ऑपरेशन टाइगर आखिर पूरा हुआ। एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे के 6 सांसदों को अपनी पार्टी में विलय का ऐलान करते हुए बताया कि इन लोगों ने पार्टी क्यों छोड़ी? शिंदे ने उद्धव के सिपहसालार संजय राउत पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि अब मेरे पास तो 3-3 संजय हैं। संजय दीना पाटिल, संजय देशमुख और संजय जाधव। चौथे हैं संजय राठौड़। इसलिए किसी और की बात करने की जरूरत नहीं है। इस मौके पर उन्होंने 'ऑपरेशन टाइगर' का सच बताया। हमने छक्का लगा दिया है।

शिंदे ने कहा कि जब मैं सीएम था, तो मैंने एक कार्यकर्ता की तरह व्यवहार किया और आज भी मैं एक कार्यकर्ता की तरह ही काम करता हूं। मैं इन सभी 6 सांसदों से कहना चाहता हूं कि उन्हें भी आम कार्यकर्ताओं की तरह व्यवहार करना होगा और हम उनके साथ भी सभी का सम्मान करेंगे। हमारे मंत्री आपके साथ बैठकर आपके निर्वाचन क्षेत्रों की समस्याओं का समाधान करेंगे। मैं हमेशा कहता हूं कि कोई भी काम मैं अधूरा नहीं छोड़ता। ऑपरेशन टाइगर आपके सामने सफल हुआ।



एकनाथ शिंदे



आदित्य ठाकरे

### भाजपा ने टूटने की बताई वजह

#### हिंदुत्व की राह से भटके उद्धव ठाकरे

शिवसेना यूबीटी अपने सांसदों के संभावित दलबदल को लेकर केंद्र सरकार पर हमलावर है। अब इस पर भाजपा ने प्रतिक्रिया दी है। भाजपा प्रवक्ता आरपी सिंह ने कहा कि उद्धव ठाकरे हिंदुत्व की राह से भटक गए हैं और इसी वजह से उनकी पार्टी में टूट हुई है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में शिवसेना, हिंदुत्व की राह से भटकी और कांग्रेस की पिछलग्गू पार्टी बन गई।

### उद्धव 27 से करेंगे अब सीधा संवाद

सियासी संकट के बीच उद्धव ठाकरे ने पार्टी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करने का फैसला किया है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत द्वारा साझा कार्यक्रम के अनुसार उद्धव ठाकरे 27 जून से महाराष्ट्रव्यापी जनसंपर्क अभियान शुरू करेंगे। वह यवतमाल, वाशिम, हिंगोली, परभणी, धाराशिव और शिरडी का दौरा करेंगे।



उद्धव ठाकरे

### वाई-प्लस सिक्योरिटी के बीच पहुंचे मुंबई

*इससे पहले उद्धव ठाकरे का साथ छोड़ने वाले 6 सांसद वाई-प्लस सिक्योरिटी के बीच पहली बार एक साथ मुंबई पहुंचे। सोमवार दोपहर 2 बजे इन सभी 6 सांसदों ने नंदनवन आवास पर शिंदे से मुलाकात की और चर्चा की। इसके बाद, यशवंतराव चव्हाण प्रतिष्ठान में उन्होंने औपचारिक रूप से पार्टी में प्रवेश किया और ऐलान किया कि वे अब शिंदे के नेतृत्व में काम करेंगे।*

### प्रेग्नेंट थे शिंदे, 6 गद्दार सांसदों को दिया जन्म

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर तंज कसते हुए कहा कि शिंदे प्रेग्नेंट हैं और उन्होंने छह गद्दार सांसदों को जन्म दिया है। उद्धव गुट के 6बागी सांसदों ने एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल होने का फैसला किया है, जिससे उद्धव गुट के नेता भड़क गए।



संजय राउत

#### संजय को जवाब-शिवसेना को बढ़ाने एकजुट हो गए

संजय राउत को जवाब देते हुए शिंदे ने कहा कि कुछ लोग उल्टी-सीधी बातें कर रहे हैं। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि हम यहां किसी को रोकने या कुचलने के लिए नहीं आए हैं, बल्कि शिवसेना को बढ़ाने के लिए एकजुट हुए हैं। हम किसी के काम में दखल नहीं देते, इसलिए कोई हमारे काम में भी टांग न अड़ाए।

### कांग्रेस ने साधा निशाना

#### ऑपरेशन टाइगर को ऑपरेशन कीचड़ बताया

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में शिवसेना यूबीटी में मची फूट के बाद देश की सियासत गरमा गई है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने भाजपा के सहयोगी एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में उद्धव ठाकरे के खेमे को और कमजोर करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ऑपरेशन टाइगर को ऑपरेशन कीचड़ करार दिया है।



पवन खेड़ा

### राजधानी के जंतर मंतर पर सियासी हलचल

## परीक्षा लीक और शिक्षा मंत्री का इस्तीफे का मुद्दा और गहराया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली के जंतर मंतर पर नीट यूजी 2026 पेपर लीक और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी का धरना लगातार तीसरे दिन भी जारी है। पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने साफ कर दिया है कि जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते, तब तक आंदोलन खत्म नहीं होगा। पुलिस के साथ नोकझोंक, प्रदर्शन की अनुमति खत्म होने के बाद धरना जारी रहने, बिजली पानी की आपूर्ति पर विवाद और कैंडल मार्च की घोषणा इस आंदोलन को लगातार चर्चा में बनाए हुए हैं।



#### प्रदर्शनकारियों ने व्यवस्था पर उठाया सवाल

दिल्ली पुलिस से अनुमति मिलने के बाद अभिजीत दीपके अपने समर्थकों के साथ जंतर मंतर पहुंचे। प्रदर्शन की शुरुआत शांतिपूर्ण तरीके से हुई, जहां बड़ी संख्या में युवा, छात्र और अभिभावक मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में पोस्टर और थाली चम्मच लेकर शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही की मांग उठाई।

#### किसानों के शामिल होने की भी चर्चा

आंदोलन को लेकर आने वाले दिनों में सियासी और सामाजिक हलचल और तेज हो सकती है। दीपके ने संकेत दिया है कि अब इस अभियान को बड़े स्तर पर ले जाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि आंदोलन को व्यापक जनसमर्थन दिलाने के लिए विभिन्न किसान संगठनों से संपर्क किया जा रहा है और उन्हें भी इस मुहिम से जोड़ने की रणनीति बनाई गई है।

### सुप्रीम कोर्ट ने निपटाई याचिका

## प. एशियाई देशों के निजी छात्रों के लिए मूल्यांकन नीति तय

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें खाड़ी देशों में परीक्षा रद्द होने से प्रभावित सीबीएसई कक्षा 12 के एक प्राइवेट अभ्यर्थी के परिणाम को लेकर शिकायत की गई थी। केंद्र सरकार ने अदालत को बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए एक राष्ट्रीय नीति अधिसूचित कर दी गई है। सुनवाई न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ कर रही थी। सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि पश्चिम एशिया के देशों में क्षेत्रीय संघर्ष के कारण रद्द हुई परीक्षाओं से प्रभावित छात्रों के लिए नई अखिल भारतीय नीति तैयार की गई है।



**सऊदी अरब के छात्र ने दाखिल की थी याचिका:** यह याचिका सऊदी अरब के अल जुबैल निवासी प्रांसु जिगरकुमार पटेल ने दायर की थी। वह सीबीएसई कक्षा 12 सुधार परीक्षा के प्राइवेट अभ्यर्थी थे।

### रेल मंत्रालय ने की घोषणा

## ईस्ट कोस्ट रेलवे के 631 रूट किमी में अब 'कवच' से सुरक्षा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

रेल मंत्रालय ने सोमवार को घोषणा की कि सरकार ने ईस्ट कोस्ट रेलवे नेटवर्क के 631 किमी (आरकेएम) मार्ग पर स्वदेशी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' लगाने को मंजूरी दे दी है। इस पर करीब 270 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

यह परियोजना ईस्ट कोस्ट रेलवे के 6 महत्वपूर्ण रेल सेक्शन्स को कवर करेगी, जिनमें बाघुआपाल-बुढ़ापंक, हरिदासपुर-पारादीप, खुर्दा रोड-बलांगीर, नौपाड़ा-गुनुपुर, लांजीगढ़ रोड-जूनागढ़ और बोब्बिली-सलूर रेल सेक्शन शामिल हैं। यह सपरियोजना रेलवे के उस बड़े कार्यक्रम का हिस्सा है जिसके तहत पूरे रेल नेटवर्क पर एलटीई-आधारित संचार व्यवस्था के साथ 'कवच' प्रणाली लागू की जा रही है। 'यह भारत में विकसित की गई स्वदेशी ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन प्रणाली है।



## ऋतब्रत ने बनाई नई कमेटी और रॉय अध्यक्ष बने

### बंगाल की राजनीति में नया मोड़

## ममता टीएमसी अध्यक्ष पद से हटाई गईं, अभिषेक निलंबित

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की राजनीति में टीएमसी के भीतर चल रहा सत्ता संघर्ष और गहरा गया है। बागी विधायक नेता ऋतब्रत बेनर्जी के नेतृत्व वाले गुट ने खुद को 'असली टीएमसी' बताते हुए बड़ा फैसला लिया है। इस गुट ने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता बेनर्जी को पद से हटाने और पार्टी के दूसरे सबसे बड़े नेता अभिषेक बेनर्जी को निलंबित करने का एलान किया है। सोमवार को न्यू टाउन स्थित एक होटल में ऋतब्रत गुट की बैठक हुई। इस गुट का दावा है कि इस बैठक में 60 विधायक और कोलकाता नगर निगम के 70 पार्षद शामिल हुए। इस बैठक में हावड़ा मध्य से विधायक अरूप रॉय को पार्टी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया।



### *फरवरी 2022 के बाद संगठन का पुनर्गठन नहीं हुआ'*

*ऋतब्रत गुट का कहना है कि पार्टी में 'संवैधानिक संकट' पैदा हो गया था। उनका दावा है कि टीएमसी के संविधान के अनुसार हर तीन साल में राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन होना चाहिए। आखिरी बार यह समिति फरवरी 2022 में बनी थी और उसके बाद संगठन का पुनर्गठन नहीं किया गया। ऋतब्रत ने कहा कि कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी संगठनात्मक ढांचे का नवीनीकरण नहीं किया गया, इसलिए पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू करना जरूरी हो गया था।*

## नीट री-एग्जाम में भी बड़ा फर्जीवाड़ा आया सामने

### 40 लाख में हुई थी लखीसराय में डील, 14 कर्मचारी भी इस नेटवर्क का हिस्सा रहे

## छात्र की जगह परीक्षा देने बैठे डॉक्टर, 24 गिरफ्तार

एजेंसी ▸▸ लखीसराय

नीट री-एग्जाम के दौरान बिहार के लखीसराय में एक बड़े सॉल्वर गैंग का खुलासा हुआ है। पुलिस ने जांच के बाद गैंग के सरगना समेत 24 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि असली अभ्यर्थियों की जगह परीक्षा देने के लिए मेडिकल छात्रों से 30 से 40 लाख रुपए तक की डील की गई थी। गिरफ्तार लोगों में बीएमसीएच, गया मेडिकल कॉलेज, एम्स रायबरेली और वीएचयू के छात्र भी शामिल हैं। हैरानी की बात यह है कि बायोमीट्रिक वेरिफिकेशन करने वाली कंपनी के 14 कर्मचारी भी इस नेटवर्क का हिस्सा बताए जा रहे हैं।




#### बायोमीट्रिक कंपनी के कर्मचारी भी गिरफ्तार

इस मामले का सबसे चौंकाने वाला पहलू बायोमीट्रिक जांच करने वाली कंपनी के कर्मचारियों की गिरफ्तारी है। पुलिस ने कंपनी के 14 कर्मचारियों को हिरासत में लिया है। आरोप है कि उनकी मदद से फर्जी अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिलाने की कोशिश की गई। अगर जांच में यह आरोप सही साबित होता है तो यह परीक्षा सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करेगा।

#### सॉल्वर के तौर पर इस्तेमाल किया गया

पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि मेडिकल कॉलेजों में पढ़ रहे छात्रों को सॉल्वर के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा था। इसके लिए 30 से 40 लाख रुपए तक की डील तय की गई थी। जांच एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल थे तथा पैसे का लेन-देन किस तरीके से किया गया था?

### हैदराबाद में नकल करते पकड़ा गया छात्र, टॉयलेट में रखा था मोबाइल

नीट पुनर्परीक्षा के दौरान हैदराबाद में एक अभ्यर्थी को कथित रूप से अनुचित साधनों का उपयोग करते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि 18 वर्षीय छात्र परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन की मदद से उत्तर खोज रहा था। आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया गया और उसका मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया। छात्र अचंपेट का रहने वाला है और 21 जून को आदिबाटला थाना क्षेत्र के रगन्नागुडा स्थित जिला परिषद हाई स्कूल परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देने पहुंचा था।



# ब्रिटिश पीएम स्टार्मर का इस्तीफा, कहा- देश हित में फैसला, बर्नहैम ने पेश की दावेदारी

### 100 से ज्यादा सांसद विरोध में थे

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने सोमवार को पीएम और लेबर पार्टी के नेता पद से इस्तीफा दे दिया है। 10 डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर राष्ट्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लेबर पार्टी को नहीं लगता कि मैं अगले चुनाव में नेतृत्व करने के लिए सही व्यक्ति हूं।

स्टार्मर का इस्तीफा ऐसे समय आया है जब लेबर पार्टी के भीतर उनके नेतृत्व को लेकर लंबे समय से असंतोष बढ़ रहा था। लेबर पार्टी के 400 सांसदों में से 100 से ज्यादा सांसदों ने अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था।

**9 जुलाई से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया**

**लेबर पार्टी का ही नेता होगा अगला पीएम**


कीर स्टार्मर सोमवार सुबह 10 डाउनिंग स्ट्रीट से पद छोड़ने का ऐलान करते हुए

**17 जुलाई तक नया पीएम मिलेगा**

स्टार्मर ने कहा कि लेबर पार्टी जुलाई के मध्य तक अपना नया नेता चुन लेगी। नए नेता और पीएम के चुने जाने तक वह अपने पद पर बने रहेंगे। स्टार्मर ने बताया कि उन्होंने सोमवार सुबह ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय को अपने फैसले की जानकारी दे दी। अब लेबर पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति नए नेता के चुनाव का कार्यक्रम तय करेगी। इसके तहत 9 जुलाई से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी और 17 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के ग्रीष्मकालीन अवकाश से पहले नए नेता का चुनाव पूरा करने की कोशिश की जाएगी।

### बार-बार पीएम बदलने की वजह संसदीय व्यवस्था

*ब्रिटेन में पीएम बार-बार बदलने की बड़ी वजह वहां की संसदीय व्यवस्था है। ब्रिटेन में जनता सीधे पीएम नहीं चुनती। लोग अपने-अपने क्षेत्र से सांसद चुनते हैं। जिस पार्टी के पास संसद में बहुमत होता है, उसी पार्टी का नेता पीएम बनता है। कंजर्वेटिव पार्टी में अगर 15% सांसद किसी नेता के खिलाफ चिट्ठी लिख दें, तो उसके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जा सकता है। वहीं, लेबर पार्टी में कोई दूसरा नेता तब दावेदारी पेश कर सकता है, जब उसे पार्टी के 20% से ज्यादा सांसदों और सदस्यों का समर्थन मिल जाए।*

### दावेदारी में सबसे आगे पूर्व मंत्री एंडी बर्नहैम

स्टार्मर के खिलाफ रहे एंडी बर्नहैम ने लेबर पार्टी के नेता और पीएम पद के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है।



पूर्व स्वास्थ्य मंत्री वेस स्ट्रीटिंग ने भी बर्नहम का समर्थन किया है। बर्नहैम ने हाल ही में मेकरफील्ड उपचुनाव जीतकर संसद में वापसी की है और उन्हें लेबर सांसदों के बड़े वर्ग का समर्थन है। उन्हें पार्टी के लेफ्ट और सेंट्रिस्ट दोनों गुटों का समर्थन हासिल है। बर्नहैम पहले स्वास्थ्य मंत्री समेत कई अहम सरकारी पद संभाल चुके हैं। नेतृत्व को चुनौती देने का रास्ता साफ हो गया है। उन्हें 'किंग ऑफ द नॉर्थ' के नाम से भी जाना जाता है।

### एंजेरा रेनर सहित कई और संभावित नाम


वेस स्ट्रीटिंग | एंजेला रेनर | शबाना महमूद

वेस स्ट्रीटिंग, एंजेला रेनर, शबाना महमूद और यवेट कूपर जैसे नाम भी संभावित दावेदारों में गिने जा रहे हैं। एंजेला रेनर फिलहाल लेबर पार्टी की उपनेता हैं और पार्टी के जमीनी कार्यकर्ताओं के बीच उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है। वेस स्ट्रीटिंग, लेबर सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे थे हाल ही में उन्होंने कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। एंजेला रेनर पूर्व डिप्टी पीएम रह चुकी हैं। यवेट कूपर को अनुभवी नेता माना जाता है और उन्होंने कई अहम सरकारी पद संभाले हैं। शबाना महमूद ब्रिटेन की मौजूदा गृह मंत्री हैं।

### महंगाई और विकास नहीं होने से नाराजगी

*स्टार्मर सरकार से अर्थव्यवस्था और सार्वजनिक सेवाओं, जैसे- नेशनल हेल्थ सर्विस में सुधार की बहुत उम्मीदें थीं। जो पूरी नहीं हुईं। महंगाई, महंगे आवास और कमजोर आर्थिक विकास की वजह से आम मतदाताओं में भारी निराशा है।*

### 10 साल में 5 पीएम बदले

*स्टार्मर पिछले 10 साल में कार्यकाल पूरा होने से पहले पद छोड़ने वाले पांचवें पीएम रहे। उनका कार्यकाल 2024 से 2026 तक ही रहा। वे लेबर पार्टी से थे। इससे पहले थेरेसा मे (2016-2019), बोरिस जॉनसन (2019-2022), लिज ट्रस (2022-2022) और ऋषि सुनक (2022-2024) थे।*

---

## खबर संक्षेप

### थदोई युमनाम बनीं मिस यूनिवर्स मणिपुर 2026

**इंफाल।** मणिपुर की थदोई युमनाम ने मिस यूनिवर्स मणिपुर 2026 का खिताब जीत लिया है। इस जीत के साथ अब थदोई युमनाम मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 में मणिपुर का प्रतिनिधित्व करेंगी, जो जुलाई में आयोजित होने वाला है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में मणिपुर के अलग-अलग हिस्सों से आई 20 फाइनलिस्ट्स ने हिस्सा लिया। यह इवेंट सिर्फ खूबसूरती ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, लीडरशिप और सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता को भी बढ़ावा देने वाला रहा।



### जर्मनी में अब 70 साल में होगा रिटायरमेंट

**बर्लिन।** जर्मन सरकार पेंशन सिस्टम में बड़े बदलाव की तैयारी कर रही है। प्रस्ताव के तहत रिटायरमेंट की उम्र 67 से बढ़ाकर 70 साल की जा सकती है। साथ ही 45 साल तक पेंशन फंड में योगदान देने वाले कर्मचारियों को मिलने वाली अर्ली रिटायरमेंट सुविधा भी समाप्त की जा सकती है। जर्मन के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज और श्रम मंत्री बार्बेल बास द्वारा गठित आयोग मंगलवार को अपनी सिफारिशें पेश करेगा। आयोग ने सुझाव दिया है कि रिटायरमेंट की उम्र को जीवन प्रत्याशा से जोड़ा जाए और चरणबद्ध ढंग से लागू किया जाए।



### गोर बोले भारत संग इस सप्ताह कई दौर की वार्ता

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने बताया कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर नई दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ कई दौर की बैठकें करेंगे। गोर ने कहा कि नई दिल्ली में राजदूत ग्रीर का स्वागत करने के लिए उत्साहित हूं। व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने के लिए मंत्री पीयूष गोयल के साथ कई बैठकें निर्धारित हैं। मंत्रिस्तरीय स्तर की यह बैठक भारत और अमेरिका के बीच चल रही अंतरिम व्यापार समझौते की बातचीत का हिस्सा है। जिससे दोनों देशों के बीच भविष्य में व्यापार समझौता होगा।



### फिलीपींस के स्कूल में गोलीबारी, 3 की मौत

**मनीला।** फिलीपींस के एक हाई स्कूल में सोमवार को हुई गोलीबारी में तीन छात्रों की मौत हो गई, जबकि पांच घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, दो लोगों ने टैकलोबान सिटी के सैन जोस नेशनल हाई स्कूल में गोलीबारी की। पुलिस ने दोनों संदिग्धों को हिरासत में ले लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से एक इसी स्कूल का छात्र है। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि गोलीबारी की वजह क्या थी और हमलावरों ने इस घटना को क्यों अंजाम दिया।



---

## मंगोलिया पहुंचे विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने की राष्ट्रपति से मुलाकात

# द्विपक्षीय बैठकों में खनन, ऊर्जा और सुरक्षा पर बनी नई रणनीति

**मंगोलिया के राष्ट्रपति बोले-सबसे बड़ी दोस्ती आध्यात्मिक दोस्ती**

*जयशंकर ने कहा कि पिछले साल राष्ट्रपति उखना की यात्रा ने हमारी रणनीतिक साझेदारी को मज़बूत गति दी थी। कई क्षेत्रों में हमारे मज़बूत सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए उनके मार्गदर्शन का मैं बहुत महत्व देता हूं*


राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना से मिलते एस. जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर सोमवार को मंगोलिया पहुंचे। उन्होंने मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना से मुलाकात की। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। जयशंकर ने कहा कि पिछले साल राष्ट्रपति उखना की यात्रा ने हमारी रणनीतिक साझेदारी को मज़बूत गति दी थी। कई क्षेत्रों में हमारे मज़बूत सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए उनके मार्गदर्शन का मैं बहुत महत्व देता हूं। मैं उनसे पूरी तरह सहमत हूं कि सबसे बड़ी दोस्ती आध्यात्मिक दोस्ती होती है। बता दें, यह यात्रा 13 अक्टूबर 2025 को मंगोलियाई राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना की भारत यात्रा के दौरान जयशंकर से मुलाकात के कुछ महीनों बाद हो रही है। इस बातचीत को द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा करने में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। विदेश मंत्री की यह यात्रा क्षेत्रीय सहयोग और स्थिरता को बढ़ावा देने के बीच एशिया के प्रमुख साझेदार देशों के साथ संबंधों को और मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### *क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सहयोग को दोनों देश देंगे बढ़ावा*


मंगोलिया की विदेश मंत्री बत्सेत्सेग बटमुंख से मुलाकात करते एस. जयशंकर

### भारत-मंगोलिया रिश्तों की गर्मजोशी पर जोर

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने समकक्ष बत्सेत्सेग बटमुंख के साथ मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच खनन, स्वच्छ ऊर्जा और कृषि-प्रसंस्करण में नए अवसरों को लेकर चर्चा हुई। विदेश मंत्री ने इस मुलाकात के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि उन्हें बत्सेत्सेग बटमुंख से मिलकर खुशी हुई। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि हमारी बातचीत में हमारी रणनीतिक साझेदारी की गर्मजोशी, मजबूती और संभावनाएं साफ दिखाई दीं। हमने विकास परियोजनाओं, कौशल विकास, संस्कृति, शिक्षा, सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपने सहयोग की प्रगति की समीक्षा की।

### कृषि क्षेत्र में नए अवसरों पर चर्चा

*दोनों नेताओं ने खनन, स्वच्छ ऊर्जा और कृषि-प्रसंस्करण के क्षेत्रों में नए अवसरों पर भी चर्चा की। जयशंकर ने कहा कि एक तीसरे पड़ोसी और आध्यात्मिक साझेदार के रूप में भारत, मंगोलिया के साथ अपने करीबी और मैत्रीपूर्ण संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। इससे पहले, मंगोलिया के विदेश मंत्रालय के राज्य सचिव मुंकतुशिग इलखानाजव ने उनका स्वागत किया। जयशंकर ने गर्मजोशी से स्वागत के लिए राज्य सचिव मुंकतुशिग इलखानाजव को धन्यवाद। हमें आशा है हमारी खास साझेदारी और आगे बढ़ेगी।*

### दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंध

*विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारत और मंगोलिया सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और लोकतांत्रिक मूल्यों में निहित घनिष्ठ संबंध साझा करते हैं। बता दें, भारत और मंगोलिया ने 24 दिसंबर 1955 को राजनयिक संबंध स्थापित किए। मंगोलिया ने अगले वर्ष नई दिल्ली में अपना दूतावास खोला जबकि भारत ने 22 फरवरी 1971 को उलानबटार में अपना रेजिडेंट मिशन खोला। भारत की पहल से राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग के स्थिर विस्तार का मार्ग प्रशस्त हुआ।*

### बुधवार को दक्षिण कोरिया दौरे पर रहेंगे जयशंकर

*मंगोलिया से जयशंकर अपनी दो-दिवसीय यात्रा के बाद बुधवार को दक्षिण कोरिया जाएंगे। जहां सियोल में वह अपने दक्षिण कोरियाई समकक्ष चो ह्यून के साथ बातचीत करेंगे। वह गुरुवार को को जेजू में जेजू फोरम फॉर पीस एंड प्रॉस्पेरिटी में मुख्य भाषण भी देंगे। बता दें कि जेजू फोरम दुनिया के मौजूदा अहम मुद्दों पर चर्चा का एक प्रमुख मंच है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के नेता और विशेषज्ञ हिस्सा लेते हैं।*

---

## डोभाल की चीन के विदेश मंत्री के साथ बैठक

# स्थिर, रचनात्मक द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती पर जोर

### आज होगी ब्रिक्स एनएसए की बैठक


अजीत डोभाल और वांग यी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिक्स के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (एनएसए) की मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में होने वाली 16वीं बैठक से ठीक एक दिन पहले यानी सोमवार को भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने समूह के कुछ सदस्य देशों के एनएसए और सुरक्षा मामलों के शीर्ष अधिकारियों के साथ नई दिल्ली में द्विपक्षीय बैठकें की हैं।

एनएसए डोभाल की चीन की सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी के पोलित ब्यूरो के सदस्य और विदेश मंत्री वांग यी से भी मुलाकात हुई है। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच हुई बातचीत में भारत, चीन के द्विपक्षीय संबंधों में हुई हालिया प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही सामान्यीकरण की दिशा में जारी प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया गया। डोभाल ने चीनी पक्ष के सामने इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों के बीच स्थिर, अनुमानित और रचनात्मक द्विपक्षीय संबंध आपसी विश्वास निर्माण और बेहतर समझ को बढ़ावा देते हैं। बैठक में विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री, चीन में भारत के राजदूत विक्रम दोराईस्वामी और विदेश मंत्रालय के कुछ वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

### ईरान की सुरक्षा परिषद के उप सचिव से भेंट

### पश्चिम-एशिया क्षेत्र के मौजूदा हालात पर चर्चा

*एनएसए अजित डोभाल ने कहा कि ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एसएनएससी) के उप सचिव गदिर नेजामीपुर के साथ बैठक हुई। दोनों के बीच हुई चर्चा में पश्चिम-एशिया में उभरते हुए हालातों पर विचार-विमर्श किया गया। ईरान की एसएनएससी के उप सचिव की यह पहली विदेश यात्रा है। जिसके तहत वह भारत पहुंचे हैं। बातचीत में उन्होंने पश्चिम-एशिया क्षेत्र के मौजूदा हालात पर चर्चा की। इसके अलावा ब्रिक्स के मंच पर दोनों देशों के बीच बने हुए सहयोग और द्विपक्षीय संबंधों के मामले पर भी विचार-विमर्श किया है। डोभाल ने ब्राजील के बहुपक्षीय और राजनीतिक मामलों के सचिव कार्लोस कोजेंडे और इथोपिया के राष्ट्रीय खुफिया-सुरक्षा सेवा के अंतर्गत विश्लेषण विभाग के कार्यकारी निदेशक मिलियन लेमा तादेसे शामिल हैं। ब्राजील के सुरक्षा अधिकारी से हुई मुलाकात में दोनों पक्षों ने समूह ढांचे के तहत दोनों देशों के बीच स्थापित सहयोग का स्वागत किया तथा भारत-ब्राजील द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की है। इथोपिया के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी के साथ हुई चर्चा में दोनों पक्षों ने भारत-इथोपिया रणनीतिक साझेदारी को गहराई के साथ और अधिक मजबूत बनाने से जुड़े हुए उपायों की तलाश की गई है। बता दें, भारत इस वर्ष ब्रिक्स की अध्यक्षता की जिम्मेदारी संभाल रहा है। जिसके तहत एनएसए की इस बैठक का भी आयोजन किया गया है। जिसकी अध्यक्षता भारत के एनएसए करेंगे। बैठक में रूस के एनएसए सर्गेई शोइगु व समूह के अन्य वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी शिरकत करेंगे। 23 जून को ब्रिक्स समूह के एनएसए की बैठक हो रही है।*

---

## द्विपक्षीय संबंधों को मिलेगी और अधिक मजबूती

# 6 जुलाई से इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा पर रहेंगे पीएम मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



पीएम नरेंद्र मोदी अगले महीने 6 से 11 जुलाई तक हिंद-प्रशांत क्षेत्र के तीन महत्वपूर्ण देशों इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसका मुख्य उद्देश्य तीनों देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक मजबूती प्रदान करना है। साथ ही रणनीतिक साझेदारी से लेकर आर्थिक संबंधों को सशक्त बनाना है। इस विदेश यात्रा का आगाज इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता से होगा। जहां वे इंडोनेशिया के पीएम प्रबोवो सुबियांतो के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी 7 से 8 जुलाई तक न्यूजीलैंड की यात्रा पर रहेंगे। जो बीते करीब चार दशक में किया जाने वाला किसी भारतीय पीएम का पहला दौरा होगा। पीएम की इस विदेश यात्रा का अंतिम पड़ाव ऑस्ट्रेलिया होगा। जहां वे ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज से मुलाकात करेंगे।

## भारत-ईयू एफटीए पर मंत्री गोयल बोले

# दिसंबर तक होंगे हस्ताक्षर मार्च 2027 तक होगा लागू

**भारतीय शून्य शुल्क पर कर सकेंगे निर्यात**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच लंबे समय से प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर दिसंबर 2026 तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है और यह फरवरी-मार्च 2027 तक लागू हो सकता है। गोयल ने कहा कि यह समझौता भारतीय उत्पादों को यूरोपीय बाजार में व्यापक पहुंच प्रदान करेगा और कई वस्तुओं पर शुल्क में कमी आने से भारतीय निर्यात को बड़ा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि लगभग शून्य शुल्क के साथ हमारे लिए लगभग पूरा यूरोपीय बाजार खुल जाएगा। यूरोपीय संघ के साथ एफटीए दिसंबर तक हस्ताक्षरित हो जाएगा और फरवरी-मार्च तक प्रभावी हो जाएगा। भारत और 27 सदस्यीय यूरोपीय संघ ने इस वर्ष 27 जनवरी को मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ताओं के सफल समापन की घोषणा की थी। पीयूष गोयल ने इस समझौते को पहले 'सभी समझौतों की जननी (मदर आफ ऑल डील्स) बताया था।

# लाहौल स्पीति में बर्फबारी से खुश हुए पर्यटक



### ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ठंड बढ़ी

***मनाली।** गर्मियों में सर्दियों का एहसास लेने के लिए कुल्लू मनाली चले आएं। यहां जून महीने में लगातार हिमपात का क्रम जारी है। रविवार देर रात से रोहतांग सहित शिंकुला और बारालाचा दर्रे में रुक-रुक कर हिमपात हो रहा है। जून महीने में हिमपात से पर्यटन कारोबारियों सहित पर्यटकों के चेहरे खिल उठे हैं। पर्यटक बर्फ के फाहों में झूम रहे हैं। रोहतांग और लाहौल-स्पीति में ताजा हिमपात के कारण ऊंचाई वाले इलाकों में मौसम ठंडा हो गया है। मैदानी इलाकों में भी बारिश और ठंडी हवाओं से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। लाहौल के मशहूर पर्यटन स्थल शिंकुला व बारालाचा दर्रे में रविवार रात से हिमपात हो रहा है। हालांकि सभी दर्रे वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल है, लेकिन हिमपात होने से ठंड बढ़ गई है। शिंकुला व बारालाचा दर्रे सैलानियों के स्नो प्वाइंट बने हुए हैं।*

---

## अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत में सहमति को लेकर अभी भी भ्रम

# पाक पीएम बोले- वार्ता सफल रही, ईरान का दावा- कई मुद्दे सुलझे नहीं

**60 दिनों के भीतर अंतिम समझौता करने का लक्ष्य**

**लेबनान में युद्धविराम पर अलग से होगी बातचीत**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते को लेकर स्विट्जरलैंड में आयोजित लेक लूसर्न समिट के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री जेडी वेंस, पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और कतर के पीएम शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी उपस्थित रहे। बैठक के बाद पीएम शरीफ ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच हुई वार्ता सफल रही। शहबाज शरीफ ने कहा कि दोनों पक्ष अगले 60 दिनों के भीतर अंतिम समझौते तक पहुंचने के लिए एक रोडमैप पर सहमत हुए हैं। इसके अलावा राजनीतिक स्तर पर निगरानी के लिए एक उच्च स्तरीय समिति बनाने और आगे तकनीकी स्तर की बातचीत शुरू करने का भी फैसला हुआ है। वहीं, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जुड़ी एजेंसी ने ईरानी प्रतिनिधिमंडल के करीबी सूत्र के हवाले से यह दावा किया है कि स्विट्जरलैंड में अब तक ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु मुद्दे पर कोई बातचीत नहीं हुई है। कई मुद्दे सुलझे नहीं हैं। हालांकि, पूरे सप्ताह बर्गेनस्टॉक में तकनीकी स्तर की वार्ताएं जारी रहेंगी।



जेडी वेंस, शहबाज शरीफ और शेख अल थानी

### अमेरिका-ईरान के बीच सीधा संपर्क होगा

*बैठक के बाद बताया गया है कि दोनों देशों के बीच एक सीधा संपर्क तंत्र (हॉटलाइन जैसी व्यवस्था) बनाया जाएगा। अगर कोई तनाव या गलतफहमी पैदा होती है तो दोनों पक्ष सीधे बात कर सकेंगे। हॉटलाइन जैसी व्यवस्था बनाने का एक बड़ा मकसद यह भी है कि होर्मुज से गुजरने वाले तेल और व्यापारिक जहाज सुरक्षित रहें और किसी टकराव का शिकार न हों। लेबनान में संघर्ष दोबारा न बढ़े, इसके लिए एक डी-कॉन्फ्लिक्शन सेल बनाया जाएगा। यह व्यवस्था युद्धविराम के पालन पर नजर रखेगी और किसी भी तनाव को बढ़ने से रोकने की कोशिश करेगी।*

### ट्रंप के इशारों पर काम नहीं करता: नेतन्याहू

*इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि लोग यह समझते हैं कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कहने पर काम करते हैं, लेकिन यह सच नहीं है। यरुशलम में आयोजित एक समिट में बोलते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिका में लोग कहते हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप वही करते हैं जो मैं उनसे कहता हूं। वहीं इजराइल में कुछ लोग सोचते हैं कि मैं वही करता हूं जो ट्रंप चाहते हैं। लेकिन दोनों ही बातें गलत हैं।*

---

## रक्षा सहयोग को मजबूत बनाने पर की चर्चा

# इजराइली रक्षा मंत्रालय के डीजी मेजर जनरल बरम की राजनाथ से मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली


राजनाथ सिंह और डीजी अमीर बरम

इजराइल के रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक (डीजी) सेवानिवृत्त मेजर जनरल अमीर बरम ने सोमवार को राजधानी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ मुलाकात की है। जिसमें मुख्य रूप से दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत बनाने के मामले पर ध्यान केंद्रित किया गया। रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि रक्षा मंत्री के साथ हुई इस मुलाकात के दौरान इजराइल के रक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधि ने भारत-इजराइल विशेष सामरिक साझेदारी के ढांचे के तहत सहयोग का विस्तार करने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता की एक बार फिर से पुष्टि की है। इजराइल के महानिदेशक की रक्षा सचिव राजेश कुमार के साथ भी एक मुलाकात हुई। जिसमें दोनों देशों के बीच अगली पीढ़ी की सैन्य तकनीक और उन्नत रक्षा क्षमताओं को लेकर सह-उत्पादन, विकास के साथ रक्षा सहयोग को और अधिक प्रगाढ़ बनाने पर विचार-विमर्श किया गया।



## स्पेन ने सऊदी अरब को 4-0 से हरा

# यामल बने सबसे कम उम्र में गोल करने वाले 8वें खिलाड़ी



एजेंसी ▶▶ अटलांटा

किशोर सुपरस्टार लामिन यामल ने फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर पहली बार शुरुआती लाइनअप में शामिल होने के 10 मिनट के भीतर ही गोल किया जबकि मिकेल ओयारजाबल ने दो गोल दागे, जिससे स्पेन सऊदी अरब को 4-0 से हराकर विश्व कप में अपना अभियान वापस पटरी पर लाने में सफल रहा। खिताब के प्रबल दावेदार स्पेन ने अपना पहला मैच केप वर्दे के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला था और उसे बड़ी जीत की सख्त दरकार थी। 18 वर्षीय फॉरवर्ड यामल ने दूर के पोस्ट पर स्लाइड करते हुए एक लो क्रॉस को शानदार तरीके से गोल में तब्दील कर पहला गोल दागा। इससे वह विश्व कप के इतिहास में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में आठवें नंबर पर काबिज हो गए। यामल को पहले मैच में दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतारा गया था। स्पेन की तरफ से 18 वर्षीय फॉरवर्ड यामल ने दूर के पोस्ट पर स्लाइड करते हुए एक लो क्रॉस को शानदार तरीके से गोल में तब्दील कर पहला गोल दागा। इससे वह विश्व कप के इतिहास में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में आठवें नंबर पर काबिज हो गए।

### विश्व कप में गोल करना सपना सच होने जैसा : यामल

यामल ने कहा, 'पहले मैच में वास्तव में हम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन अब हम लय में आ गए हैं और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं।' उन्होंने कहा, मैंने हमेशा विश्व कप में खेलने का सपना देखा था और शुरुआती लाइनअप में अपने पहले ही मैच में गोल करना मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है। मैंने पिछला विश्व कप क्लासरूम में बैठकर देखा था, इसलिए अपनी मां और परिवार के सामने गोल करना मेरे लिए सपना सच होने जैसा है।'

# इजिप्ट का इंतजार खत्म, दर्ज की पहली जीत, सालाह ने दागा अपना 68वां गोल



## मिस्र ने न्यूजीलैंड को 3-1 से हराया

एजेंसी ▶▶ वैंकूवर




स्टार स्ट्राइकर मोहम्मद सालाह ने सही समय पर अपना जलवा दिखाया और निर्णायक गोल किया, जिससे मिस्र ने न्यूजीलैंड को 3-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल में अपनी पहली जीत दर्ज की। सालाह ने 67वें मिनट में अपना 68वां अंतरराष्ट्रीय गोल करने के बाद मुट्ठी हवा में लहराकर जश्न मनाया, जिसके बाद उनके साथियों ने उन्हें घेर लिया। बीसी प्लेस वैंकूवर में खचाखच भरे स्टेडियम में लाल रंग की जर्सी पहने इजिप्ट के प्रशंसक इससे रोमांचित हो गए।

जब 85वें मिनट में सालाह की जगह दूसरे खिलाड़ी को उतारा गया तो दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। इस जीत के साथ मिस्र ग्रुप जी में शीर्ष पर पहुंच गया है, लेकिन अभी तक नॉकआउट राउंड में उसकी जगह पक्की नहीं हुई है। मिस्र को शुक्रवार को सिएटल में ईरान के खिलाफ निर्णायक मैच खेलना है, जिसमें उसे आगे बढ़ने के लिए कम से कम ड्रॉ जरूरत होगी। मिस्र चार साल पहले कतर में हुए विश्व कप में नहीं खेल पाया था। वह चौथी बार विश्व कप में भाग ले रहा है। सालाह ने 2018 में रूस में खेले गए विश्व कप में दो गोल किए थे।

# केप वर्दे का जादुई प्रदर्शन, अब उरुग्वे के साथ खेला ड्रॉ

## ग्रुप एच : केप वर्दे ने किया टूर्नामेंट का पहला गोल



**मियामी गार्डन्स।** अपने पहले मैच में खिताब की प्रबल दावेदार स्पेन को चौंकाने वाले केप वर्दे ने अपना जादूई प्रदर्शन जारी रखते हुए दो बार के विश्व कप चैंपियन उरुग्वे के खिलाफ भी यही कारनामा दोहराया और पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मैच 2-2 से ड्रॉ कराया। केविन पिना ने 21वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके विश्व कप में केप वर्दे का पहला गोल किया जबकि हेलियो वारेला ने 61वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। मैक्सी अराउजो (44वें) और अगस्टिन कैनोबियो (इंजरी टाइम के छठे मिनट) ने पहले हाफ के आखिर में गोल करके उरुग्वे को बढ़त दिलाई, लेकिन दूसरे हाफ में उसकी टीम मौके मिलने के बावजूद गोल करने में नाकाम रही। केप वर्दे के पास नॉक आउट चरण में जगह बनाने का सुनहरा मौका है। उसके अब ग्रुप एच में उरुग्वे के बराबर दो अंक हैं और उसे अपना अंतिम मैच सऊदी अरब के खिलाफ खेलना है। केप वर्दे अफ्रीका के पश्चिमी तट पर स्थित द्वीपों का एक समूह है, जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 4 हजार वर्ग मीटर है। उसकी आबादी लगभग 5 लाख है। इससे केप वर्दे जनसंख्या के हिसाब से विश्व कप में खेलने वाला तीसरा सबसे छोटा देश बन गया।

# ग्रुप-जी का अजीब गणित, सारे मैच ड्रॉ, चारों टीमों के 2-2 अंक

एजेंसी ▶▶ इंगलवुड

बेल्जियम ने दूसरे हाफ में अधिकतर समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद आक्रामक रवैया अपनाया लेकिन वह ईरान के गोलकीपर अलीरेजा बेइरानवंद को नहीं छका पाए, जिससे इन दोनों देशों के बीच विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप जी का मैच गोलरहित बराबरी पर छूटा।

बेल्जियम और ईरान दोनों को इस मैच में जीत की सख्त दरकार थी लेकिन इन दोनों ने अपना लगातार दूसरा मैच ड्रॉ खेला। असल में ग्रुप जी में अभी तक सभी मैच ड्रॉ रहे हैं और चारों टीम के दो-दो अंक हैं। बेल्जियम हालांकि गोल अंतर के कारण सबसे नीचे है जबकि ईरान दूसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड पहले और मिस्र तीसरे स्थान पर है।

### ईरान और बेल्जियम ने खेला ड्रा, अलीरेजा ने रोके 7 अटैक



### बेल्जियम के डिफेंडर नगोय को मिला रेड कार्ड

बेल्जियम के डिफेंडर नाथन नगोय को 66वें मिनट में लाल कार्ड मिला जब उन्होंने गेंद को पीछे की ओर गलत तरीके से किक किया और फिर ईरान के स्टार खिलाड़ी मेहदी तारेमी को गोल करने का साफ मौका मिलने से रोकने के लिए फाउल किया। ईरान इसका फायदा नहीं उठा सका। इसके विपरीत वह बेल्जियम था, जिसने मैच के अंतिम क्षणों में गोल करने की बेहतर मौके बनाए। लेकिन बेइरानवंद मजबूत दीवार की तरह खड़े रहे। उन्होंने सात बार गेंद को गोल में जाने से रोका। सोफी स्टेडियम में आए इस नतीजे से दोनों में से कोई भी टीम खुश नहीं होगी।

## खबर संक्षेप




### यामाशिता ने खिताब जीता 24वें स्थान पर अदिति

**बेलमोंट।** भारत की अदिति अशोक अंतिम दौर में एक अंडर 71 के स्कोर से मायेर एलपीजीए क्लासिक टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 24वें स्थान पर रहीं। अदिति का टूर्नामेंट में कुल स्कोर आठ अंडर रहा। पूर्व मेजर विजेता मियु यामाशिता ने प्ले ऑफ में लोटी वोड को पछाड़कर खिताब जीता। दोनों खिलाड़ियों का स्कोर 17 अंडर पार था, जिसके बाद मियु ने पहले प्ले ऑफ होल में बर्डी के साथ खिताब अपने नाम किया। अदिति शुरुआती दो दौर में तीन अंडर 36 के समान स्कोर से शीर्ष 10 में जगह बनाने की दावेदार थीं लेकिन आखिरी दो दौर में 71 के स्कोर से पिछड़ गईं।

### इंग्लिश ओपन: संयुक्त 12वें स्थान पर तलवार

**वॉरसेस्टरशर।** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने मौजूदा साल का भारत के बाहर सर्वश्रेष्ठ नतीजा हासिल किया जब वह इंग्लिश ओपन में संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर रहे। तलवार मामूली अंतर से शीर्ष 10 में जगह बनाने से चूक गए। उनका कुल स्कोर 10 अंडर रहा और वह संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर रहे खिलाड़ियों से एक शॉट पीछे रहे। अंतिम दौर में चार अंडर 68 का स्कोर बनाने वाले तलवार को शीर्ष 10 में जगह बनाने के लिए अंतिम होल में एक बर्डी की जरूरत थी लेकिन वह पार का स्कोर ही बना पाए। इस साल भारत में तलवार का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पीजीटीआई ओपन में संयुक्त दूसरे स्थान पर रहना रहा है। अमेरिका के जॉन कैटलिन (67) ने प्ले ऑफ में नॉर्वे के क्रिस्टियन क्रोग योहानसेन (66) को पछाड़कर खिताब जीता। दोनों का स्कोर 18 अंडर रहा था जो उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वियों से पांच शॉट बेहतर था।



## आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप

# 16 वर्षीय प्रीतम ने एयर राइफल में जीता गोल्ड

एजेंसी ▶▶ सुहल

युवा निशानेबाज प्रीतम केंद्रे ने अपने कौशल और एकाग्रता का शानदार नमूना पेश करते हुए आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।भारत ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में कांस्य पदक भी जीता, जिससे उसके पदकों की कुल संख्या 11 हो गई। इनमें पांच स्वर्ण पदक भी शामिल हैं। अपने दूसरे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग ले रहे 16 वर्षीय प्रीतम ने 8 खिलाड़ियों के फाइनल में 251.3 का स्कोर बनाकर तटस्थ खिलाड़ी टिमोफेई एलेनिकॉव और नॉर्वे के जेन्स ओस्टली को पीछे छोड़ते हुए भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। पुणे के इस निशानेबाज ने हाल ही में अपनी कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की थी।



### मेरा पूरा ध्यान प्रत्येक शॉट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर : प्रीतम

प्रीतम ने कहा, 'मैं स्वर्ण पदक जीत कर बेहद खुश हूं। प्रतियोगिता के दौरान मेरा पूरा ध्यान अपनी तकनीक और प्रत्येक शॉट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर था। उन्होंने कहा, ' विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने से मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। मैं 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में लगातार सुधार करना चाहता हूं और देश के लिए लगातार पदक जीतना चाहता हूं।'

# आईसीसी ने प्रेग्नेंट महिला खिलाड़ियों के लिए जारी की नई गाइडलाइंस

एजेंसी ▶▶ दुबई

आईसीसी ने महिला क्रिकेटरों के लिए प्रेग्नेंसी के बाद खेल में वापसी को आसान बनाने के उद्देश्य से नई गाइडलाइन जारी की है। इस छह-स्तरीय योजना के तहत खिलाड़ियों को ट्रेनिंग, मेडिकल रिकवरी, यात्रा और बच्चों की देखभाल से जुड़ी सहायता मिलेगी।

इसके तहत महिला खिलाड़ी अब प्रेग्नेंसी के बाद आसानी से क्रिकेट के मैदान में वापसी कर सकेंगी। इसके लिए आईसीसी ने छह चरणों वाली एक गाइडलाइन जारी की है। इससे बच्चे को जन्म देने के बाद महिला खिलाड़ियों का करियर प्रभावित नहीं होगा और उन्हें वापसी के लिए हरसंभव मदद मिलेगी।




### आईसीसी करेगी मदद

आईसीसी की गाइडलाइन के अनुसार, क्रिकेट बोर्ड खिलाड़ी के लिए एक विशेष मैनेजर नियुक्त करेगा। यह मैनेजर खिलाड़ी की हरसंभव सहायता करेगा। इसमें खिलाड़ी की ट्रेनिंग को लचीला बनाना, बच्चों की देखभाल और यात्रा में मदद करना शामिल होगा। इसके अलावा बच्चे के जन्म के बाद मेडिकल अवकाश और रिकवरी के लिए भी हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

# विंबलडन में सिंगल्स खेलेंगी सेरेना, मिला वाइल्ड कार्ड

एजेंसी ▶▶ लंदन



सेरेना विलियम्स ने तीन सप्ताह पहले घोषणा की थी कि वह चार साल के बाद पेशेवर टेनिस में वापसी कर रही हैं, लेकिन अब स्पष्ट हो गया है कि यह दिग्गज खिलाड़ी 44 साल की उम्र में विंबलडन के महिला एकल में अपना जलवा दिखाएंगी।

पिछले तीन सप्ताह से कयास लगाए जा रहे थे कि 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सेरेना विंबलडन के एकल में खेलेगी या नहीं लेकिन अब ऑल इंग्लैंड क्लब ने एक वाक्य के बयान में सब कुछ साफ कर दिया है। ऑल इंग्लैंड क्लब ने ग्रास कोर्ट पर होने वाले इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के शुरू होने से आठ दिन पहले बयान जारी करके कहा, 'सेरेना विलियम्स (अमेरिका) को महिला एकल वर्ग में अंतिम वाइल्ड कार्ड दिया गया है।' सेरेना इस तरह से विंबलडन में एकल और युगल दोनों में खेलेंगी। उन्होंने पहले ही अपनी बड़ी बहन वीनस के साथ युगल प्रतियोगिता के लिए वाइल्ड कार्ड स्वीकार कर लिया है। विंबलडन ने रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर कहा, 'यह कोई 'ड्रिल' नहीं है।'

# डच लेडीज ओपन : शीर्ष पांच में दीक्षा, अवनि और प्रणवी



एजेंसी ▶▶ एमनेस

भारतीय महिला गोल्फरों ने लेडीज यूरोपीय टूर पर अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में से एक किया जब दीक्षा डागर, अवनि प्रशांत और प्रणवी उर्स डच लेडीज ओपन में शीर्ष पांच में जगह बनाने में सफल रहीं।

दीक्षा और अवनि आठ अंडर 208 के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं जबकि प्रणवी ने सात अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से पांचवां स्थान हासिल किया। दीक्षा मौजूदा सत्र में चौथी बार शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रहीं जबकि अवनि ने लगातार दूसरे टूर्नामेंट में शीर्ष पांच में जगह बनाई। प्रणवी मौजूदा वर्ष में पहली बार शीर्ष पांच में शामिल रहीं।

## आज से यूएस ओपन

# अनुभवी और युवा जोड़ी से भारत को उम्मीदें



एजेंसी ▶▶ फुलर्टन

अनुभवी खिलाड़ी लक्ष्य सेन और उभरती हुई स्टार तन्वी शर्मा मंगलवार से शुरू होने वाले यूएस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगे। इस प्रतियोगिता के एकल में कई अन्य भारतीय खिलाड़ी भी अपना भाग्य आजमाएंगे, जिनमें पुरुष वर्ग में किदाम्बी श्रीकांत भी शामिल हैं। महिला वर्ग में कुल 7 भारतीय खिलाड़ी एकल में चुनौती पेश करेंगे।

### सेन को दी गई दूसरी वरीयता

विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज सेन को दूसरी वरीयता दी गई है और पहले दौर में उनका मुकाबला बेल्जियम के जूलियन कैरागी से होगा। श्रीकांत पुरुष एकल में अपना पहला मैच चीनी ताइपे के लियाओ झूओ-फू के खिलाफ खेलेंगे। सानीथ दयानंद जापान के चौथी वरीयता प्राप्त युदाई ओकिमोतो के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। एस शंकर मुथुसामी सुब्रमणियन ने भी मुख्य ड्रॉ में जगह बना ली है और उनका मुकाबला क्वालीफायर से होगा।

### तन्वी का पहला मुकाबला यवोन ली के खिलाफ

महिला एकल में पांचवीं वरीयता प्राप्त तन्वी शर्मा और छठी वरीयता प्राप्त देविका सिहाग अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। वे विश्व रैंकिंग में क्रमशः 32वें और 34वें स्थान पर हैं। सत्रह वर्षीय तन्वी जर्मनी की यवोन ली के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेंगी जबकि देविका का सामना पेरू की इनेस लूसिया कैस्टिलो सालाजार से होगा। विश्व रैंकिंग में 51वें स्थान पर काबिज अनमोल खरब पहले दौर में बुल्गारिया की कालोयाना नलबंतोवा से भिड़ेंगी।

## एफआईएच प्रो लीग : एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के बाद पहली बार होगा आमना-सामना

# जीत की लय के साथ आज पाकिस्तान के खिलाफ उतरेगी हॉकी टीम

एजेंसी ▶▶ लंदन

ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड के खिलाफ रोमांचक जीत से आत्मविश्वास से भरी भारतीय पुरुष हॉकी टीम मंगलवार को एफआईएच प्रो लीग के लंदन चरण के शुरुआती मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ इसी लय को बनाए रखने की कोशिश करेगी। भारत और पाकिस्तान 2024 में चीन के हुलुनबुइर में हुए एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी मुकाबले के बाद पहली बार एक-दूसरे का सामना करेंगे।

उस मैच में कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की बदौलत भारत ने 2-1 से जीत हासिल की थी। भारत ने रोटरडम में चार में से दो मैच जीते। उन्होंने रविवार को रोटरडम चरण के आखिरी मैच में मेजबान और दुनिया की दूसरे नंबर की टीम नीदरलैंड को 3-2 से हराया। भारत को दूसरी जीत (3-1) मौजूदा विश्व चैंपियन और दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी के खिलाफ मिली। अन्य दो मैच में भारत को नीदरलैंड के खिलाफ 2-3 जबकि जर्मनी के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।



### नीदरलैंड चरण का अनुभव बहुमूल्य

भारतीय टीम के लिए नीदरलैंड चरण का अनुभव बहुमूल्य रहा है। टीम इस टूर्नामेंट का इस्तेमाल इस साल होने वाली दो बड़ी प्रतियोगिताओं एफआईएच विश्व कप और एशियाई खेलों (जो ओलंपिक क्वालीफायर भी है) से पहले अपनी कमियों को सुधारने के लिए कर रही है 9 टीम वाली प्रो लीग तालिका में भारत अभी आठवें नंबर पर है। वे अपने अगले प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से आगे हैं, जिसने टूर्नामेंट में अब तक एक भी अंक हासिल नहीं किया है।

### महिला खिलाड़ियों ने जीता कांस्य पदक

भारत ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में अंजलि भागवत, परिशा गुप्ता और निथिला क्रिस्टोफर के संयुक्त प्रयास से कांस्य पदक जीता। इन तीनों ने कुल मिलाकर 1713 अंक बनाए। अंजलि इस स्पर्धा के व्यक्तिगत फाइनल में पहुंचने वाली एकमात्र भारतीय निशानेबाज थीं। उन्होंने 577 के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रहते हुए क्वालीफाई किया। फाइनल में हालांकि वह छठा स्थान ही हासिल कर पाई।

**शीर्ष तीन में जगह बनाने से चूके पीयूष:** प्रीतम और उनके साथी पीयूष शर्मा क्वालीफाइंग राउंड में क्रमश: 628.2 और 629.0 का स्कोर बनाकर क्रमश: तीसरे और पांचवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में पहुंचे थे।

अवध की तर्ज पर राजधानी में मंगलवार को होंगे कई भव्य धार्मिक कार्यक्रम

# अधिकमास माह का 8वां बड़ा आखिरी मंगलवार आज, हनुमान मंदिरों में रामरक्षा स्त्रोत, बजरंगबाण, हनुमान चालीसा के होंगे पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अवध की तर्ज पर राजधानी में अधिकमास माह के आठवें आखिरी मंगलवार को हनुमान मंदिरों में रामरक्षा स्त्रोत, बजरंगबाण, हनुमान चालीसा और सुंदरकांड के पाठ किए जाएंगे। इस दौरान जागृत एवं दर्शनीय तीर्थस्थल दादाजी धाम मंदिर रायसेन रोड, पटेल नगर में सातवें बड़े मंगल के अवसर पर बाल स्वरूप हनुमान जी महाराज का दिव्य, भव्य एवं अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा। इस अवसर पर भगवान बाल हनुमान जी को आकर्षक वस्त्र, स्वर्णिम मुकुट, पुष्पमालाओं एवं मनोहारी आभूषणों से अलंकृत किया जाएगा। न्यू मार्केट खेड़ापति हनुमान मंदिर में मंगलवार को सुंदरकांड पाठ समेत अनेक धार्मिक कार्यक्रम किए जाएंगे।



### कई जगह होंगे भंडारे

*रात को महाआरती और प्रसादी वितरण किया जाएगा। छोला खेड़ापति हनुमान मंदिर में हनुमानजी का अभिषेक, श्रृंगार व हनुमान चालीसा पाठ आदि होंगे। वहीं खटलापुरा खेड़ापति हनुमान मंदिर में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पंपापुर हर्षवर्धन नगर के मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। कहीं मोगरे की सुगंध से हनुमान जी का श्रृंगार हुआ तो कहीं भंडारे और सुंदरकांड पाठ होंगे। गुफा मंदिर लालघाटी स्थित सिद्ध पीठ पर बूढ़ा हनुमान विशेष पूजा होगी। रामनाम संकीर्तन में हजारों भक्त शामिल हुए।*

अमरनाथ यात्रा के लिए 15 हजार श्रद्धालुओं ने कराए पंजीयन

## बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए पहला जत्था 30 को रवाना होगा

बाबा अमरनाथ की यात्रा को अब कुछ दिन ही शेष रहे गए हैं। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल रजिस्टर्ड भोपाल सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि मंडल के लगभग 16 जत्थे बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना होंगे। ऊं शिव शक्ति सेवा मंडल द्वारा बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए भोपाल से पहला जत्था 30 जून को रवाना होगा। इसमें करीबन 300 से अधिक श्रद्धालु शामिल रहेंगे। इसी तरह मंडल की ओर कुल 15 जत्थे अलग-अलग तारीखों में अमरनाथ यात्रा पर रवाना होंगे। मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि जत्थे में शामिल श्रद्धालुओं के लिए लंगर का इंतजाम किया गया है। भटेजा ने बताया कि इस वर्ष अमरनाथ यात्रा के दौरान यात्रियों की सुरक्षा के लिए शासन द्वारा विशेष प्रबंध किए जाएंगे, यात्रा के समय सुरक्षा बलों की कंपनियां तैनात की जाएगीं।



फाइल फोटो

### 15 हजार तक पंजीयन

भोपाल और उसके पास ग्रामीण अंचलों के ऑफलाइन व ऑनलाइन लगभग 15 हजार पंजीयन हो चुके हैं। जुलाई तक पंजीयन फुल हो चुके हैं। फिलहाल अभी ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीयन का सिलसिला जारी है।

### नहीं मिलेंगे हेलीकॉप्टर

बाबा बर्फानी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं को इस बार भी हेलीकॉप्टर सेवा नहीं मिल सकेगी। यह लगातार दूसरा साल है, जब सुरक्षा कारणों से हेलीकॉप्टर सुविधा निरस्त की गई है।

## हज-2027 के लिए खुला पोर्टल 20 तक कर सकेंगे आवेदन

हज-2027 के लिए ऑनलाइन हज आवेदन करने पोर्टल खुल गया है। यह प्रक्रिया 22 जून से 20 जुलाई तक जारी रहेगी। इच्छुक आवेदक हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट और हज सुविधा मोबाइल एप्लीकेशन से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मप्र हज कमेटी की सीईओ फरजाना गजाल ने बताया कि जुलाई 2026 के अंतिम सप्ताह में कुर्रा से हज यात्रियों के नाम तय किए जाएंगे। हालांकि इसके बाद हज आवेदकों को 10 अगस्त तक 1 लाख 52 हजार 300 रुपए की राशि जमा कराना पड़ेगी। हज आवेदकों से कहा गया है कि वह अपने पासपोर्ट की वैधता 31 दिसंबर 2027 तक जांच लें। आवेदकों से कहा गया है कि आवेदन करने से पहले नियम और अन्य जरूरी जानकारी जुटा लें।



फाइल फोटो

100-100 के नोट को 500-500 रुपए के नोट में बदलने पर बनी थी सहमति

# नोट बदलने के बदले 20 हजार ज्यादा देने का लालच देकर पेट्रोल पंप कर्मचारी से 6.30 लाख की ठगी




15 अप्रैल को सुप्रियार 6.30 लाख रुपए लेकर मकान पर पहुंचा

वापस नहीं लौटे तो थाने में पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई

***नंद किशोर, शोएब और गोविंद ने पूरी रकम लेकर कहा-पास से ही 100-100 रुपए के नोटों की नगदी लेकर आते हैं और हो गए फरार***

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सूखीसेवनिया थानाक्षेत्र में पेट्रोल पंप के एक सुपरवाइजर से 6.30 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने 500-500 रुपए के नोटों के बदले 100-100 रुपए के नोट देने का लालच दिया और बदले में 20 हजार रुपए ज्यादा देने का भी विश्वाश दिलाया।

भरोसा कर सुपरवाइजर तय रकम लेकर पहुंच गया, लेकिन आरोपी नगदी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, रायसेन जिले के एक गांव में रहने वाले सुप्रियार सिंह धाकड़ (36) एक पेट्रोल पंप पर सुपरवाइजर है।

### संपर्क करने पर भी नहीं मिला जवाब

नंद किशोर चंद्रवंशी वर्तमान में भोपाल के लांबाखेड़ा क्षेत्र में रहता है। नंद किशोर ने सुप्रियार से संपर्क कर कहा कि उसके और उसके साथी शोएब लाला और गोविंद उईके के पास बड़ी मात्रा में 100-100 रुपए के नोट है। उसने प्रस्ताव दिया कि यदि सुप्रियार उन्हें 500-500 रुपए के बंधे हुए नोट देंगे तो बदले में समान राशि के 100 रुपए के नोटों के साथ 20 हजार रुपए अतिरिक्त भी दिए जाएंगे। इस प्रस्ताव पर दोनों पक्षों के बीच सहमति बन गई। इसके बाद 15 अप्रैल को सुप्रियार सिंह धाकड़ 6.30 लाख रुपए लेकर आदर्श कॉलोनी स्थित एक मकान में पहुंचे। वहां पहले से मौजूद नंद किशोर, शोएब और गोविंद ने उनसे पूरी रकम ले ली। इसके बाद आरोपियों ने कहा कि वे पास से ही 100-100 रुपए के नोटों की नगदी लेकर आते हैं। काफी देर तक इंतजार करने के बाद भी जब वे वापस नहीं लौटे तो सुप्रियार ने उनसे संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

### पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

काफी तलाश और संपर्क के प्रयासों के बाद सुप्रियार को अपने साथ ठगी होने का अहसास हुआ। इसके बाद उन्होंने सूखीसेवनिया थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी रामबाबू चौधरी ने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। आरोपी नंद किशोर चंद्रवंशी को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ के दौरान उससे रकम और अन्य आरोपियों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। वहीं फरार आरोपी शोएब लाला और गोविंद उईके की तलाश के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### क्रेडिट कार्ड पर दस हजार रिवार्ड पॉइंट दिलाने का झांसा देकर एक लाख अस्सी हजार ठगे

सीएम हाउस में पदस्थ जवान को झांसा देकर साइबर जालसाज ने 1 लाख 80 हजार रुपए का चूना लगा दिया। साइबर जालसाज ने खुद को एक्सिस बैंक का कर्मचारी बताया था और क्रेडिट कार्ड पर दस हजार रुपए का रिवार्ड पाइंट दिलाने का झांसा देकर वारदात को अंजाम दिया। ठगी का शिकार होने के बाद जवान ने साइबर हेल्प लाइन पर शिकायत की थी। वहां से केस डायरी आने के बाद कजलीखेड़ा पुलिस ने अज्ञात जालसाज पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस के अनुसार राजीव सिंह परिहार (41) अंशुल विहार कालोनी बैरागढ़ चीचली में रहते हैं। वह जिला बल अनुपपुर में पदस्थ है और वर्तमान में एसबी में प्रतिन्युक्ति पर सीएम हाउस में श्यामलाहिल्स में नौकरी कर रहे हैं। 18 जून की शाम वह सीएम हाउस में ड्यूटी के दौरान कॉल आया। कॉलर ने कहा कि मैं एक्सीस बैंक से बोल रहा हूं आपके क्रेडिट कार्ड में 10 हजार रिवार्ड पाइंट है। आप उसे रिडिम कर लीजिए, नहीं तो वह दो दिन में एक्सपायर हो जाएगा। उसने मोबाइल नबंर से वाटसअप पर एक्सिस बैंक की एक लिंक सेंड की। लिंक खोलने के बाद मोबाइल नंबर और अपना नाम डाला। इसके बाद ओटीपी रीड होने के बाद क्रेडिट कार्ड से 1 लाख 80 हजार रुपए का ट्रांजेक्शन हो गया।

मां के साथ-साथ बेटी को भी थी शुगर व बीपी

## पेट दर्द होने पर दवा का लिया ओवरडोज गलती से मां की दवा भी खाई, हो गई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित बेहटा गांव में पेटदर्द होने पर 24 साल की युवती ने अपनी दवा के साथ मां की दवा भी खा ली। दवा का ओवरडोज होने से युवती की तबीयत बिगड़ गई। गंभीर हालत में उसे भैंसाखेड़ी स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम बेहटा थाना बैरागढ़ निवासी वंदना मीना पिता स्व. महाराज मीना (24) घरेलू काम करती थीं। करीब 8 साल से वंदना को शुगर, बीपी, पेटदर्द व पैरों के दर्द की शिकायत थी। उसकी मां को भी शुगर की शिकायत है।

मां-बेटी दोनों की अपनी अलग-अलग दवाएं खाती थीं। कभी-कभार वंदना मां की दवा भी खा लेती थी। उसे थोड़ा फायदा हो जाता था। वंदना के भाई पवन मीना ने पुलिस को बताया कि विगत 18 जून की रात तेज पेटदर्द होने पर वंदना ने अपनी दवा के साथ ही मां की दवा भी खा ली। दवा का ओवरडोज होने से वंदना की तबीयत बिगड़ने लगी और चक्कर आने के बाद वह बेहोश हो गई। परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। रविवार 21 जून को इलाज के दौरान वंदना की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारण सामने आ सकेंगे।

**चक्कर आने के बाद बेहोश हो गई थी वंदना**

### कलारी पर शराब पी फिर घर के पीछे मुनगा के पेड़ पर लगाई फांसी

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ा बोंदर में एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। सुबह उठकर वह सीधे कलारी पहुंचा था। कलारी पर शराब पीने के बाद घर लौटा और फांसी लगा ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार 50 साल का बलराम, बरखेड़ा बोंदर, खजूरी सड़क में रहता था और प्राइवेट काम करता था। उनके दामाद शेखर दोहरे ने बताया कि बलराम मजदूरी करते थे और शराब पीने के आदी थी। सोमवार सुबह घर से 9 बजे निकले थे। इसके बाद कलारी पर शराब पी और घर लौट आए। कुछ देर बाद घर के पीछे लगे मुनगा के पेड़ पर उन्हें फांसी के फंदे पर लटके देखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बलराम का शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि परिजन अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है।

## लूट के दोषियों को 5 वर्ष का कारावास, अर्थदंड भी किया

**भोपाल।** फरियादी की गर्दन पर पिस्टल अड़ाकर उसकी कार, 2000 रुपए नगद, आईफोन, सोने की अंगूठी और घड़ी लूटने वाले अभियुक्तगण शशिकांत पटेल पिता दिलीप पटेल आयु 34 वर्ष निवासी ग्राम सुकलिया देवास मप्र एवं भोला कुमावत पिता चतुर्भुज कुमावत आयु 35 वर्ष निवासी ग्राम पावाईला दाई इन्दौर मप्र को अपर सत्र न्यायाधीश जयंत शर्मा ने भादंसं की धारा-394 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 5 वर्ष के कठोर कारावास एवं 2000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन के अनुसार फरियादी रजनीश तिवारी दिनांक 15 नवंबर 2019 को अपनी कार से भोपाल से इंदौर जा रहा था। सायं 7:30 बजे चार्टर्ड बस स्टॉप के पास हलाल पुर लालघाटी भोपाल में एक अभियुक्त ने फरियादी से इंदौर जाने का कहते हुए कहा कि उसकी पत्नी को डिलीवरी होने वाली है, उसे चार्टर्ड बस में सीट नहीं मिल रही है।

चीता संरक्षण की ली जानकारी

## राष्ट्रपति ने चीता मित्रों से किया संवाद, उनके प्रयासों को सराहा



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू चर्चा करते हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने दो दिवसीय कूनो नेशनल पार्क के प्रवास के दौरान सोमवार को चीता मित्रों से संवाद कर चीता संरक्षण के प्रयासों की जानकारी ली। राष्ट्रपति ने चीता मित्रों से चर्चा करते हुए उनकी ओर से चीतों की सुरक्षा और आमजन के बीच चीतों के व्यवहार को लेकर किए जा रहे जन-जागरूकता के प्रयासों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। राष्ट्रपति मुर्मु ने सभी चीता मित्रों से वन-टू-वन चर्चा कर परियोजना के लिए उनके मानसेवी रूप से किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। राष्ट्रपति को चीता मित्रों ने अवगत कराया कि कूनो नेशनल पार्क से लगे सभी ग्रामों में चीता मित्र मौजूद हैं, जिनकी ओर से चीतो की सुरक्षा के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान चीता मित्र कुलदीप आदिवासी सिलोरी, संग्राम आदिवासी एवं कु. राजनदंनी आदिवासी हथेडी, श्रीमती मल्हा आदिवासी सेसईपुरा, शिवम आदिवासी पालपुर, विनोद आदिवासी पैरा, रामलखन आदिवासी कराहल, लालाराम आदिवासी सेसईपुरा, दौलतराम आदिवासी सेसईपुरा और सतीश आदिवासी मोरावन मौजूद रहे। इस अवसर पर वन विभाग के प्रमुख सचिव संदीप यादव, पीसीसीएफ शुभरंजन सेन, कमिश्नर सुरेश कुमार, आईजी सचिन अतुलकर, कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, सीसीएफ उत्तम कुमार, डीएफओ आर थिरूकुराल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। वर्तमान में देश में चीतों की संख्या 52 है, जिनमें से 49 चीते कूनो नेशनल पार्क में तथा 3 चीते मंदसौर स्थित गांधी सागर अभयारण्य में मौजूद हैं। भारत में जन्मे चीतो की संख्या 32 है, चीता प्रोजेक्ट निरंतर सफलता की ओर आगे बढ़ रहा है। राष्ट्रपति चीता मित्रों से संवाद के उपरांत हेलिकॉप्टर से ग्वालियर के लिए रवाना हुईं। हेलीपेड पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मीनिस्टर इन वेटिंग एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला, सांसद शिवमंगल सिंह तोमर सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। राष्ट्रपति ग्वालियर से होते हुए वायु सेना के विशेष विमान से नई दिल्ली पहुंची।

सीएम ने महापौरों, नपा अध्यक्षों से किया वर्चुअल संवाद

## डॉ. मुखर्जी को समर्पित होगा 23 जून से 6 जुलाई तक का पखवाड़ा

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. यादव वर्चुअल संवाद करते हुए

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रीय एकीकरण के लिए समर्पित रहा। उन्होंने राष्ट्र की एकता और अखंडता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उन्होंने वैचारिक राजनीति और संगठन निर्माण पर बल दिया और राष्ट्रहित को दलगत राजनीति से ऊपर रखने का संदेश दिया।

ऐसे डॉ. मुखर्जी की पुण्यतिथि 23 जून से उनकी जयंती 6 जुलाई तक विशेष पखवाड़ा आयोजित किया जाए। डॉ. यादव ने नगरीय निकायों के महापौर तथा नगरपालिका अध्यक्ष को मुख्यमंत्री निवास से वीसी के जरिए वर्चुअल संवाद कर यह निर्देश दिए। डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का मानना था कि युवा राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति हैं। उन्होंने युवाओं को नेतृत्व, शिक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए प्रेरित किया। इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है। पखवाड़े के दौरान युवा सम्मेलन, निबंध प्रतियोगिता और संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इससे नई पीढ़ी को राष्ट्रवादी विचारधारा से जोड़ने का अवसर मिलेगा।

### नामकरण डॉ. मुखर्जी के नाम पर

नगरीय निकायों द्वारा मार्गों और उद्यानों का नामकरण डॉ. मुखर्जी के नाम पर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पखवाड़ा जनसेवा का अभियान होना चाहिए। पौधरोपण, स्वच्छता अभियान, रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए जाएं।

सेज समूह के एसआईआरटी में नेशनल टेक्नोलॉजी डे का आयोजन

## 'नवाचार' और 'तकनीक' जागरुकता को बढ़ावा देने वक्ताओं ने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सेज समूह के सागर इंस्टिट्यूट ऑफ़ रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी भोपाल के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा दो दिवसीय 'नेशनल टेक्नोलॉजी डे' (राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस) का आयोजन किया।

यह कार्यक्रम छात्रों में नवाचार और तकनीकी जागरुकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। यह आयोजन मध्य प्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, भोपाल द्वारा प्रायोजित था, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और फैकल्टी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दो दिनों तक चले इस कार्यक्रम में मुख्य विषय 'नवाचार' और 'तकनीक' रहे। विशेषज्ञ वक्ताओं ने डिजिटल युग में तेजी से हो रहे तकनीकी बदलावों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभाव और साइबर सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों पर विस्तार से विचार साझा किए। वक्ताओं ने कहा आधुनिक समय में तकनीक केवल विकास का साधन नहीं, बल्कि समाज के हर क्षेत्र को प्रभावित करने वाला प्रमुख तत्व है, इसलिए सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।



### हुईं स्पर्धाएं

*कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए कई रोचक और ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग और तकनीकी प्रस्तुतियां शामिल रहीं। इन गतिविधियों ने छात्रों को अपनी रचनात्मकता और तकनीकी समझ प्रदर्शित करने का अवसर दिया। प्रतियोगिताओं में छात्रों ने हिस्सा लिया और अपने नवाचारपूर्ण विचारों से तकनीक के भविष्य की झलक प्रस्तुत की।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930